आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 298 | उज्जैन, बुधवार 10 नवम्बर, 2026 | कार्तिक शुक्ल 1 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

एनवीडिया सीईओ का चीनी महिला से अफेयर

वाशिंगटन। दुनिया की सबसे बड़ी चिप कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग ने एक चीनी महिला कारोबारी एलिस हुआंग से अफेयर की बात मान ली है। इस रिश्ते का खुलासा 29 अक्टूबर को न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में हुआ था। रिपोर्ट में बताया गया था कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को शक है कि यह महिला चीन के लिए जासूसी कर रही थी। आरोप है कि उसने हुआंग से नजदीकी बढ़ाकर कंपनी और उसके कारोबार से जुड़ी अहम जानकारियां हासिल करने की कोशिश की।

पाकिस्तानी टीवी एंकर की गोली मारकर हत्या

पाकिस्तान के रावलपिंडी में रविवार को ऊश एंकर राबिया अहसान की उनके घर में गोली लगने से मौत हो गई। उनके गले के नीचे गोली लगी थी। राबिया के पति ने दावा किया कि पिस्टल संभालते समय अचानक गोली चल गई थी। उसे पता नहीं था कि पिस्टल में गोली भरी हुई है। हालांकि, राबिया के भाई की शिकायत के बाद पुलिस ने उनके पति को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने गोली चलाने में इस्तेमाल हुई बंदूक भी बरामद कर ली है। टीवी एंकर राबिया अहसान की 13 और 11 साल की दो बेटियां हैं। रावलपिंडी के सिटी पुलिस अधिकारी हसन सुखेरा ने बताया कि जब गोली चली तब राबिया की दोनों बेटियां घर के लॉन में अपनी नानी के साथ बैठी थीं।

शेख हसीना ने बांग्लादेश लौटने के लिए नया पासपोर्ट मांगा

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश लौटने के लिए नया पासपोर्ट मांगा है। वे दिसंबर में बांग्लादेश लौटना चाहती हैं। आवेदन नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश दूतावास से किया गया है। उनके वकील ने सोमवार को लंदन में बांग्लादेश के शीर्ष राजनयिक को भी ईमेल किया है। इसमें हसीना के लिए नया पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र जारी करने की मांग की गई है। शेख हसीना 5 अगस्त 2024 से भारत में हैं। छात्र आंदोलन के बाद उन्हें प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा था। तब से वे भारत में ही रह रही हैं।

विवाद पर दलेर मेहंदी ने तोड़ी चुप्पी



कहा- इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल, परिवार सबसे बड़ी ताकत बना; नेता ने मंच पर किया था अपमानित

मुंबई। उत्तराखंड में एक परफॉर्मेंस के बीच एक नेता ने दलेर मेहंदी पर नशे में गाना गाने के आरोप लगाते हुए उन्हें काफी अपमानित किया था। उनसे माफी मांगने की मांग हुई साथ ही कई सेलेब्स ने इस घटना की आलोचना की। अब लंबे विवाद के बाद खुद दलेर मेहंदी ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से दिवाली की शुभकामनाएं देने के साथ लिखा, ह्यसालों से मुझे अपने गानों और हर मंच पर लोगों का खूब प्यार मिलता रहा है। लेकिन हाल के दिनों में मेरे साथ जो हुआ और जो मैंने महसूस किया है, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। आप सभी जिस तरह मेरे साथ खड़े रहे, मेरे समर्थन में बोले, मुझ पर भरोसा जताया और मुझे प्यार दिया, उसके लिए मैं जितना भी धन्यवाद कहूं, कम है।ह्न आगे उन्होंने लिखा, ह्यइस मुश्किल वक्त में मेरा परिवार मेरी सबसे बड़ी ताकत बना रहा। मेरे भाई मीका ने मजबूती से मेरा साथ दिया। मेरी पत्नी तरन ने अपने साहस और अटूट विश्वास से मुझे हिम्मत दी। गुरदीप ने शांत रहकर हर परिस्थिति का सामना किया और मेरी बेटियों रबाब, अजीत और प्रभजोत ने मुझे बिना शर्त प्यार दिया। मेरे परिवार के हर सदस्य ने अपने-अपने तरीके से मेरा साथ दिया। मैं खुशकिस्मत हूं कि वे सभी मेरे साथ हैं।

नैनो न्यूज

- **मिस्र में दो ट्रेनों की टक्कर, सात की मौत-** मिस्र में काहिरा के दक्षिण में दो ट्रेनों की भिड़ंत से सात लोगों की मौत और 125 से अधिक घायल हुए। हादसे के बाद रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे।
- **पोलैंड में गोलीबारी के आरोपी की अस्पताल में मौत-** पोलैंड के क्राकोव शहर में छह लोगों की हत्या और 15 को घायल करने वाले गोलीबारी के आरोपी की अस्पताल में मौत हो गई। घटना के बाद देश में शोक का माहौल है।
- **ग्रीस के पास प्रवासी नाव हादसा, 12 शव मिले-** ग्रीस के क्रेट द्वीप के पास प्रवासियों से भरी नाव से 12 शव बरामद किए गए। तटरक्षक बल ने 18 लोगों को सुरक्षित बचाया।
- **ट्रंप चीन में जिनपिंग-पुतिन से मुलाकात के इच्छुक-** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन में शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन से संभावित मुलाकात की बात कही। चर्चा में परमाणु निरस्त्रीकरण और ईरान युद्ध समाप्त करने का विषय शामिल हो सकता है।

दिवाली के बाद जहरीली हुई देश की हवा, इंदौर 630 एक्यूआई के साथ नौवें और उज्जैन 620 एक्यूआई के साथ दसवें स्थान पर रहा

टॉप-10 प्रदूषित शहरों में मध्यप्रदेश के तीन शहर शामिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दीपावली पर आतिशबाजी के बाद देशभर में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। सोमवार सुबह जारी प्रदूषण आंकड़ों में पंजाब का बठिंडा देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा। फरीदकोट दूसरे और दिल्ली तीसरे स्थान पर रही। चौंकाने वाली बात यह है कि मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर और उज्जैन भी देश के दस सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में शामिल रहे। दिवाली के अगले दिन देश में सबसे खराब हवा पंजाब के बठिंडा में दर्ज की गई। यहां एक्यूआई 1258 तक पहुंच गया। यह स्तर बेहद खतरनाक श्रेणी में आता है। शहर के लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल हो सकता है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। राजधानी दिल्ली में भी दिवाली के अगले दिन प्रदूषण का स्तर बेहद चिंताजनक रहा।



इंदौर में डेढ़ गुना ज्यादा पटाखे जले

स्वच्छता में लगातार अव्वल रहने वाले इंदौर की हवा दीपावली की रात पटाखों के धुएं से इस कदर प्रदूषित हुई कि कई इलाकों में दृश्यता बेहद कम हो गई। रातभर अलग-अलग क्षेत्रों में होती रही आतिशबाजी और तेज आवाज वाले पटाखों के कारण शहर में धुएं का घना गुबार छाया रहा। स्थिति यह थी कि रात 10 बजे के बाद शहरी क्षेत्र हो या एमबी रोड, कई स्थानों पर सिग्नलों की लाइन तक स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थी। इस बार अनुमान के मुताबिक पिछले साल की तुलना में करीब डेढ़ गुना पटाखे जलाए गए। इनमें हजारों की संख्या में बमों की लड़ियां, रस्सी बम, आकाशीय बम और फैंसी पटाखे शामिल थे। इसका असर शहर के एयर क्वालिटी इंडेक्स पर भी दिखाई दिया। इंदौर में प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ा और हवा की गुणवत्ता चिंताजनक स्थिति में पहुंच गई।

मध्यप्रदेश के तीन शहर प्रदूषण की चपेट में

दीपावली के बाद मध्यप्रदेश की हवा भी प्रदूषण से प्रभावित हुई। राजधानी भोपाल 698 एक्यूआई के साथ छठे, इंदौर 630 एक्यूआई के साथ नौवें और उज्जैन 620 एक्यूआई के साथ दसवें स्थान पर रहा। स्वच्छता के लिए देशभर में पहचान रखने वाला इंदौर भी प्रदूषण के मामले में गंभीर स्थिति में पहुंच गया। दीपावली पर आतिशबाजी से निकले धुएं, वाहनों के उत्सर्जन, धूल और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों ने प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका निभाई। प्रदूषित हवा में मौजूद सूक्ष्म कण सांस के जरिए फेफड़ों तक पहुंचकर स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं।

राहुल गांधी ने ट्विटर पर प्रधानमंत्री को 8 दिन में छठी बार दी चुनौती

पीएम ने हमें नक्सली कहा, मुझसे बहस करें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने पीएम मोदी को एक बार फिर खुली बहस की चुनौती दी है। इस बार उन्होंने सीधे सीआरपीएफ के जवानों को टैग करके पोस्ट किया है। राहुल गांधी ने पर लिखा प्रिय सीआरपीएफ के जवानों, आपके चेहरों ने सब बता दिया - आपको प्रधानमंत्री के झूठ पर भरोसा नहीं। उन्होंने हमें नक्सली कहा। मेरी चुनौती कायम है। वो मुझसे बहस करें - देशद्रोही कौन है और विदेशी ताकतों के इशारे पर कौन चल रहा है। कोई भी समय, किसी भी जगह। मेरी गारंटी है उस बहस के बाद प्रधानमंत्री में एक भी जवान के सामने खड़े होने की हिम्मत नहीं होगी।

पिछले 8 दिन में यह छठी बार है, जब राहुल ने पीएम मोदी को बहस के लिए बोला है। दरअसल, पीएम मोदी ने इस बार दिवाली छत्तीसगढ़ के बस्तर में उफ्टक्रजवानों के साथ मनाई थी। राहुल ने उसी सेलिब्रेशन का एक वीडियो भी शेयर किया है।



पीएम मोदी ने कहा था- दिमागी नक्सलियों से लड़ना है

छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा बलों के साथ दिवाली मनाने के बाद पीएम मोदी ने उन्हें संबोधित भी किया था। वहां ढट ने कहा - ये पहली दिवाली है जब देश का हर जिला नक्सलवाद से मुक्त है। उन्होंने कहा- नक्सलवाद का खतरा अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। जंगलों से हथियारबंद नक्सलियों का सफाया हो चुका है, लेकिन अब दिमागी नक्सलियों से खतरा है। उन्होंने दावा किया कि इन लोगों ने कई राजनीतिक संगठनों में घुसपैठ कर ली है। हमें उनकी पहचान कर खत्म करना होगा। ये लोगों को संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ भड़का रहे हैं।

रेप-मर्डर का आरोपी एनकाउंटर में ढेर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में 12 साल की भतीजी से रेप-मर्डर के आरोपी दिलीप रॉय की सोमवार सुबह पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, रायगंज के परापुकुर गांव में उसे पकड़ने के लिए छापेमारी की गई थी। इस दौरान आरोपी ने पुलिस पर गोली चलाई, जो पुलिस वैन के टायर में लगी। जवाबी गोलीबारी में वह घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना के बाद से फरार आरोपी की चार दिन से तलाश कर रही थी। राज्य में मई में भाजपा की सरकार बनने के बाद पुलिस मुठभेड़ में किसी आरोपी की मौत का यह चौथा मामला है।

दिवाली खुशियों की ईद वाले खरगे के बयान पर बवाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दीपावली को 'खुशियों की ईद' बताने वाले बयान पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए दिए गए उनके इस बयान को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। वहीं, कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने खरगे का बचाव करते हुए इसे सामाजिक सद्भाव और एकता का संदेश बताया है।

खरगे ने पत्रकारों से बातचीत में देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी थीं। इस दौरान उन्होंने दीपावली को खुशियों का त्योहार और 'खुशियों की ईद' बताया था। उन्होंने कहा था कि रोशनी का यह पर्व शांति, सौहार्द और राष्ट्रीय भाईचारे का प्रतीक है। सभी समुदायों के त्योहार लोगों को एक-दूसरे के करीब लाते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने लोगों से त्योहार के इस मौके पर आपसी एकता मजबूत करने और समाज में मौजूद दूरियों को खत्म करने की अपील भी की थी। खरगे के बयान में 'ईद' शब्द के इस्तेमाल पर सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आईं। कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने कहा कि खरगे का उद्देश्य सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी सम्मान को बढ़ावा देना था।


देशभर में दिवाली की रात आग से 23 मौतें, मप्र में 13 की मौत

महाराष्ट्र में एक ही परिवार के 6 की मौत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिवाली की रात देश के कई शहरों में पटाखों और अन्य कारणों से लगी आग में 23 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल और कुछ लापता हैं। सबसे ज्यादा मौतें मध्य प्रदेश में हुईं, जहां तीन अलग-अलग घरों में आग लगने से 13 लोगों की जान चली गई।

वहीं महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में एक मकान में रहने वाले परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मुंबई के लोखंडवाला में आग लगने की एक अन्य घटना में भी एक व्यक्ति की जान चली गई। इसके अलावा, राजस्थान के पाली में पटाखों की दुकान में आग लगने से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग लापता हैं।



मप्र में मरने वालों में 5 महिलाएं, 3 पुरुष और 4 बच्चे

मध्य प्रदेश के कटनी जिले में मकान में आग लगने से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं जिनमें से एक 2 महीने का था। वहीं, सिवनी जिले में सराफा व्यापारी के मकान में आग लगने से 6 लोगों की जान चली गई। इनमें एक 16 साल का किशोर भी शामिल है। उत्तर प्रदेश के बांदा में कबाड़ की दुकान में आग लगने से करीब 20-25 लाख रुपए का नुकसान हुआ।

20 क्विंटल फूलों से सजा केदारनाथ मंदिर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिवाली पर केदारनाथ मंदिर को 20 क्विंटल रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को शुभकानाएं दीं। पीएम मोदी ने बस्तर में जवानों के साथ दिवाली मनाई। राहुल ने कहा, यह पावन पर्व पूरे भारत में सुख, शांति, सौहार्द और नई उम्मीदों की रोशनी लेकर आए। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस किसानों के साथ दिवाली मनाने नागपुर जिले के लोहारी सावंगा गांव पहुंचे।

वहीं, अयोध्या में त्योहार की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव मनाया गया। इस दौरान सरयू के घाटों पर 30 लाख दीये जलाए गए और भव्य आतिशबाजी हुई। दीपोत्सव देखने लिए देशभर से करीब 5 लाख लोग अयोध्या पहुंचे थे। भारत में दिवाली मनाने का इतिहास 2000 साल पहले तक का मिलता है।

ई20 पेट्रोल में सीमा से ज्यादा एथेनॉल का दावा खारिज

893 सैंपल जांचे, 19.30% एथेनॉल मिला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार व सरकारी तेल कंपनियों ने ई20 पेट्रोल में तय सीमा से अधिक एथेनॉल के कर्नाटक सरकार के दावों को खारिज कर दिया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों से लिए गए 893 नमूनों की जांच की गई।

सभी नमूने निर्धारित 19 से 21 प्रतिशत की सीमा के भीतर पाए गए। कर्नाटक के 56 नमूनों में एथेनॉल की औसत मात्रा 19.30% दर्ज की गई। मंत्रालय ने कर्नाटक सरकार के उन दावों का खंडन किया, जिनमें 26-31% एथेनॉल होने की बात कही गई थी। तेल कंपनियों ने राज्य की जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह निर्धारित नियमों के तहत नहीं की गई। कंपनियों ने कहा, एथेनॉल पेट्रोल से ज्यादा भारी होता है, जबकि जांचे गए नमूनों की डेंसिटी कम दर्ज की गई।

दरअसल एक दिन पहले राहुल ने पर लिखा था कि ई20 अब 420 बन गया है, जनता की गाड़ी से पेट्रोल चोरी हो रहा है।

तीन तेल कंपनियों ने जांच प्रक्रिया पर उठाए सवाल

कर्नाटक सरकार के विभाग ने दावा किया था कि राज्य के कुछ पेट्रोल पंपों पर बिक रहे पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा 26 प्रतिशत से 31 प्रतिशत के बीच थी। इस पर इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने कहा कि कर्नाटक समेत देशभर में सप्लाई किया जा रहा ई20 पेट्रोल भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के तय मानक आईएस 17021 के मुताबिक है। यह मानक एथेनॉल मिले पेट्रोल के लिए तय किया गया है। कंपनियों ने अक्टूबर में लिए गए सैंपल की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 2005 के सरकारी आदेश और 2024 की मार्केटिंग डिसिप्लिन गाइडलाइंस में सैंपल लेने, उन्हें सुरक्षित रखने, जांच कराने और रिपोर्ट देने के नियम तय हैं।

किस कंपनी के पेट्रोल में कितना एथेनॉल मिला ?- लैब जांच में सामने आया कि सभी बड़ी तेल कंपनियों के पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा 20 प्रतिशत की लिमिट से काफी ज्यादा थी। बेंगलुरु अर्बन सहित 7 जिलों के सैंपलों में कडउछ के पेट्रोल में सबसे ज्यादा 31.2 प्रतिशत तक एथेनॉल मिला। इसके अन्य सैंपल में 20.8 प्रतिशत एथेनॉल पाया गया।

तमिलनाडु में पटाखे चलाने से रोक रहे पुलिसकर्मी की मौत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तमिलनाडु के थेनी में सड़क पर लोगों को पटाखे चलाने से रोकते वक्त एक दरोगा की पिटाई कर दी। मारपीट में दरोगा की मौत हो गई। रविवार रात दरोगा सेंथिल कुमार ड्यूटी पूरी करने के बाद सादे कपड़ों में घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने सड़क पर पटाखे चला रहे युवकों को देखा। उन्होंने युवकों से कहा- रास्ते में पटाखे चलाने से लोगों को परेशानी होती हैं। उन्होंने उनसे सड़क से हटने को कहा। युवक नहीं माने तो दरोगा उनकी हरकत मोबाइल से रिकॉर्ड करने लगे।

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के 2 मददगार गिरफ्तार, 2 ग्रेनेड बरामद

एजेंसी ▸▸ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों ने नाका चेकिंग के दौरान दो आतंकियों के मददगारों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक चीनी पिस्टल, मैगजीन, 9 एमएम के 2 कारतूस और 2 चीनी ग्रेनेड बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम कुलगाम के पनिवाह इलाके में जांच कर रही थी। इसी दौरान बाग से कुलगाम की ओर आ रहे दो लोगों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से हथियार और गोला-बारूद मिले।



1930 में आरएसएस पर बैन लगाने की हुई कोशिश

भागवत बोले- तब इब्राहिम ने इसका विरोध किया था, किसी स्वयंसेवक ने नहीं

एजेंसी ▸▸ नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने 1930 के दशक का एक किस्सा सुनाते हुए बताया कि उस समय सेंट्रल प्रोविंस की विधानसभा में संघ पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश हुई थी। उन्होंने कहा उस समय संघ के समर्थन में कोई स्वयंसेवक सामने नहीं आया था। ऐसे में इब्राहिम नाम के एक व्यक्ति ने संघ का पक्ष रखते हुए कहा था कि संघ को बंद नहीं किया जाना चाहिए और क्योंकि वह सांप्रदायिक संगठन नहीं है। भागवत ने बताया कि इब्राहिम का कहना था- जो लोग कहते हैं कि हिंदुस्तान हिंदू राष्ट्र है, उन्हें मेंटल हॉस्पिटल भेज देना चाहिए। मैं डॉ. हेडगेवार को जानता हूं, वह मेंटल नहीं हैं, वह एक अच्छे इंसान हैं। इसलिए, संघ कम्युनल नहीं हो सकता।

भागवत ने कहा आरएसएस का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के जरिए समाज और देश को बेहतर बनाना है। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार का मानना था कि अच्छे व्यक्ति से ही अच्छे समाज और देश का निर्माण होता है।



प्रचारक पूरा जीवन संगठन को समर्पित करते

डॉ. भागवत ने कहा आरएसएस के प्रचारक बिना किसी स्वार्थ, अहंकार या व्यक्तिगत लाभ की उम्मीद के संगठन और समाज के लिए काम करते हैं। वे अपनी निजी इच्छाओं को भी संगठन के लिए छोड़ देते हैं। प्रचारकों और स्वयंसेवकों के समर्पण और त्याग को सिर्फ शब्दों में नहीं समझाया जा सकता। उनके साथ रहकर ही इसे महसूस किया जा सकता है। उनका जीवन दूसरों को समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। हर स्वयंसेवक आदर्शों पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाता, लेकिन सभी समाज के लिए अच्छा काम करने की कोशिश करते हैं।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

पर्यावरण के प्रति गंभीरता जरूरी

उजियारा पर्व पर शहर में प्रदुषण की स्थिति बनी है उसने एक बार फिर से खतरे की घंटी बजाई है। अक्सर जो हम मोबाईल के स्टेटस पर फोटो देखते हैं कि एक युवक पीठ पर आक्सीजन सिलेंडर टांग कर और मुंह पर मास्क लगाए एक पौधे से मदद मांग रहा है। ऐसा ही कुछ दुश्य उजियारा पर्व की रात में देखा जा रहा था। प्रदुषण को नियंत्रित करने वाला आफिस भी प्रदुषण के दायरे में था। रात 12 बजे के लगभग भरतपुरी क्षेत्र में वायू प्रदुषण का स्तर यह था कि सडकों पर धुंध की हालत बनी हुई थी। एमआर-2 पर ऐसी धुंध देखी जा रही थी मानो कुछ ही समय में सांस को आक्सीजन की बजाय धूल के कणों से संचालित करने में लग जाएगी। विस्फोटकों का धुंआ और उसके साथ अंधगति से दौडते वाहनों के गुजर जाने के बाद धूल का गुबार धुंध को कुछ-कुछ देर में गहरा कर रहा था। सडक के दोनों और लगे वृक्ष इसे रोकने का बराबर प्रयास करते रहे। प्रति दिन रात्रि में भ्रमण करने वालों को बदले वातावरण का बराबर एहसास हो रहा था। धीरे-धीरे जैसे झजैसे पटाखे फूटने का क्रम कमजोर होता गया वैसे ही रात्रि में जैसे झजैसे प्रहर व्यतीत हो रहे थे स्थिति में सुधार होता जा रहा था जो कि काफी धीमा था जिसका असर सुबह दिन चढ जाने के बाद तक रहा। उजियारा पर्व के दुसरे दिन प्रदुषण कार्यालय के बाहर लगी स्क्रीन पर पिछले 24 घंटों में औसत डाटा ए क्यू आई का 250 दोपहर में 12 बजे के लगभग देखा गया। इस दौरान कार्यालय के कर्मी का कहना था कि समय रहते अगर पानी का झिडकाव बराबर धुल भरे क्षेत्रों में होता और खासकर उजियारा पर्व पर ऐसा किया जाना था जिससे ऐसे हालातों को नियंत्रित किया जा सकता था। खुसूर-फुसूर है कि यही स्थिति रही तो कुछ सालों में धर्म नगरी में भी देश की राजधानी के कुछ क्षेत्रों जैसे हाल हो जाएंगे जहां कई सारे प्रतिबंध लगाने के बाद भी इसे नियंत्रित नहीं किया जा सकेगा। जहां तक पानी के छिडकाव की स्थिति है तो पानी पहले से ही कम है और अगर उसका भी उपयोग ऐसे होगा तो आने वाली ग्रीष्म ऋतु में पानी के संकट की स्थिति और बढना तय है। अभी तो यही है कि उजियारा पर्व पर महा आयोजन की तैयारी में इस बार बम पटाखों का उपयोग छोटे स्तर पर भी करते हुए काफी कुछ सहयोग दिया जा सकता है और आम आदमी को अशुद्ध हवा से बचाया जा सकता है। आागामी समय को देखते हुए उसके लिए जमकर पेड पौधों को लगाया जाना चाहिए और उसे अब अनिवार्यता की श्रेणी में शामिल किया जाना चाहिए जैसे हमने छत के पानी को जमीन में उतारने के लिए नियम बनाएं हैं वैसे ही मकानों के निर्माण के लिए भी हमें पर्यावरण में सहयोग के लिए 10 पौधों को पेड के रूप में विकसित करने की जिम्मेदारी देना होगी। तब कहीं जाकर पर्यावरण के प्रति न्याय की स्थिति में हम खडे हो सकेंगे और अच्छी हवा की उम्मीद रख सकेंगे।

नैनो न्यूज

- **अमावस्या पर शिप्रा में लगाई श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी-** उज्जैन में सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने शिप्रा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। सोमवार को सुबह से शिप्रा नदी के रामघाट सहित अन्य घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती हुई दिखाई दी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उज्जैन पहुंचकर शिप्रा नदी में स्नान किया और पुण्य लाभ कमाया।
- **शिव सेना गौ रक्षा न्यास ने किया गोवर्धन पूजन, उतारी गौ माता की महाआरती-** शिव सेना गौ रक्षा न्यास ने बड़नगर रोड स्थित वीर दुर्गादास मार्ग के जूना सोमवारिया पत्ती बाजार में गोवर्धन पूजन किया। सोमवार दोपहर आयोजित कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने परंपरा अनुसार भगवान गोवर्धन और गौ माता की पूजा-अर्चना कर महाआरती की।
- **कीर समाज की अनूठी परंपरा, दीपावली की सुबह पितरों का श्राद्ध और शाम को दीपोत्सव-** दीपावली पर जहां हर ओर रोशनी और खुशियों का उल्लास होता है, वहीं कीर समाज इस पर्व पर एक अनूठी परंपरा निभाता है। समाजजन दीपावली की सुबह पितरों का श्राद्ध और तर्पण कर पूर्वजों का स्मरण करते हैं और इसके बाद शाम को दीप प्रज्वलित कर माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना के साथ दीपोत्सव मनाया गया।
- **पड़वा पर बाबा महाकाल को अर्पित किया गया 22 लाख का बहुमूल्य 'राजघराना उट्टन'-** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में पड़वा के पावन अवसर पर पुणे के डॉ. सागर कोलते, डॉ. साधना कोलते, साराध्य कोलते, साध्या कोलते, सात्विक कोलते और अर्पिता कोलते ने बाबा महाकाल को 22 लाख रुपए मूल्य का विशेष राजघराना उट्टन अर्पित किया।

देवास रोड के ग्रामीण क्षेत्र में आधा दर्जन गार्डनों में लगातार हो रही नियमों की अवहेलना लेकिन कार्रवाई नहीं

नियम ताक पर रखते मैरिज गार्डन, टुकूर-टुकूर देखती ग्राम पंचायत

चंदेसरा, दताना सहित ग्राम पंचायतें मात्र दर्शक बनकर देख रही, नियम पालन करवाने में पीछे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास रोड पर आकस्मिक रूप से पिछले 1-2 सालों में रोड से लगी साईड में ही मैरिज गार्डनों की धडाधड स्थापना का काम ग्रामीण क्षेत्र में किया जा रहा है। इन मैरिज गार्डनों में नियमों को ताक में रखकर आयोजन हो रहे हैं और इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था ताक पर है। न तो इनके संचालकों से कोई पूछने वाला है और न ही प्रशासन इनसे नियमों के पालन के लिए सख्ती कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र अधिन होने के बावजूद ग्राम पंचायतें नियम टूटते टुकूर-टुकूर देख रही है।

पिछले कुछ समय से मैरिज गार्डन के व्यवसाय का चलन चल पडा है। खेती की जमीन पर यह ऐसी पैदावार है जिसमें एक बार लगाओ और उसके बाद जमकर कमाओ का काम है। हर बार बीज,खाद और खेती करवाने का टंटा ही नहीं है। इन्हें नियमों के पालन की कोई आवश्यकता ही नहीं है। देवास रोड पर नागझिरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक मैरिज गार्डन चलाए जा रहे हैं। खास यह है कि इनकी दबंगाई के आगे ग्राम पंचायतें भी कोई कार्रवाई करने में अक्षम नजर आ रही है।



ये है ग्रामीण क्षेत्र के लिए नियम

ग्राम पंचायत के अधीन मैरिज गार्डन के लिए पंचायत से अनुमति लेना जरूरी है। बिना ग्राम पंचायत की ठडउ और ट्रेड लाइसेंस के गार्डन नहीं चला सकते हैं। पंचायत को हर साल ट्रेड लाइसेंस / अनुज्ञा शुल्क देना पड़ता है। जमीन का लैंड यूज - कृषि जमीन पर बिना डायवर्शन के गार्डन नहीं बना सकते। कलेक्टर से भू-राजस्व संहिता की धारा 172 - भूमि व्यपवर्तन कराना पड़ता है। मैरिज गार्डन के लिए पंचायत से भवन अनुज्ञा / नक्शा पास कराना पड़ता है। ग्राम पंचायत बिल्डिंग बायलॉज के हिसाब से - सेटबैक, पार्किंग, बाउंड्री वॉल होना चाहिए। 500 मीटर के अंदर स्कूल, अस्पताल, मंदिर है तो डीजे / लाउडस्पीकर की अलग अनुमति चाहिए।

अग्निशमन सुरक्षा

फायर एनओसी - नगर / जनपद स्तर से, 500 से ज्यादा क्षमता है तो अनिवार्य है। फायर एक्सटिंग्विशर, पानी का टैंक, इमरजेंसी एग्जिट, एम्बुलेंस के लिए रास्ता खुला होना चाहिए। इलेक्ट्रिकल वायरिंग का सक्षम विभाग से प्रमाणीकरण करवाना आवश्यक है। रात 10 बजे के बाद डीजे / लाउडस्पीकर बंद किए जाने चाहिए। इसकी अलग से आयोजन अनुसार अनुविभागीय दंडाधिकारी से अनुमति लेनी पड़ती है। गाँव में शादी के समय लाउडस्पीकर से परेशानी पर पंचायत कार्रवाई कर सकती है

नियम तोडा तो पंचायत को सील करने का अधिकार

ग्राम पंचायतों के पास नियम तोडने के मामले में असीमित अधिकार हैं। ऐसे मैरिज गार्डनों को पंचायत सील / बंद कर सकती है। एसडीएम एवं जनपद सीईओ को शिकायत पर रूपए 5000 से 25000 तक जुमार्ना और लाइसेंस रद्द हो सकता है। बिना अनुमति के गार्डन चलाना म.प्र. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 55 के तहत दंडनीय है।

पूरे नियमों का पालन एक में भी नहीं

देवासरोड पर नागझिरी से दताना तक चल रहे आधा दर्जन मैरिज गार्डनों की स्थिति यह है कि एक में भी नियमों का पालन पूरी तरह से नहीं किया जा रहा है। दबंगता के साथ इनका संचालन किया जा रहा है। जितनी भूमि का डायवर्शन बताया गया है उसके मुकाबले काफी ज्यादा जमीन पर गार्डन संचालिक किया जा रहा है। मैरिज गार्डन की क्षमता के अनुसार सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त नहीं है। पंचायतों में गहरी पकड के कारण वहां भी अदा किए जाने वाले शुल्क में हेराफेरी हो रही है। न तो जनपद सीईओ , न ही अनुविभागीय दंडाधिकारी ही ऐसे मैरिज गार्डनों की जांच करते हुए नियमों के साथ संचालन करवाने की कवायद भी नहीं कर रहे हैं।

हाईवे पर परेशानी

इन मैरिज गार्डनों में शादी विवाह के सीजन के समय आने वालों के कारण देवास रोड हाईवे भी प्रभावित होता है। मैरिज गार्डन संचालकों को अपने स्तर पर गार्डों को तैनात कर हाईवे प्रभावित न हो ऐसी व्यवस्था करना चाहिए लेकिन भगवान भरोसे छोड दिया जाता है जिससे यातायात प्रभावित होता रहता है।

स्वच्छता और पर्यावरण

मैरिज गार्डन में महिला / पुरुष के लिए अलग-अलग टायलेट होना चाहिए। पर्याप्त पानी की व्यवस्था हो। पंचायत के कचरा घर में डालना, खुले में नहीं फेंकना है। प्लास्टिक / सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक। बारिश में पानी निकासी नाली / ड्रेनेज का प्रबंध होना आवश्यक है।

प्रति आयोजन 5 सौ से 5 हजार शुल्क

ग्राम पंचायत क्षेत्र के मैरिज गार्डन में पंचायत को समागम शुल्क / सफाई शुल्क- हर कार्यक्रम पर 500 से 5000 तक, पंचायत तय करती है। ऋळ रजिस्ट्रेशन अगर सालाना टर्नओवर 20 लाख से ज्यादा है तो आवश्यक है। बिजली / पानी कनेक्शन व्यवसायिक होना आवश्यक है।

दीपावली की रात आतिशबाजी थमते ही सफाई में जुटा निगम का अमला, सुबह चकाचक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दीपावली पर देर रात तक हुई आतिशबाजी के बाद शहर को सुबह तक स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम का सफाई अमला रात में ही मैदान में उतर गया था। रविवार मध्य रात्रि 2 बजे से शुरू हुए विशेष सफाई अभियान में सफाई मित्रों ने शहर की सड़कों, चौराहों और गली-मोहल्लों से पटाखों के अवशेष और अन्य कचरा हटाया। करीब 3 से 4 घंटे चले अभियान का असर सुबह दिखाई दिया। शहरवासियों के घरों से निकलने से पहले ही प्रमुख मार्ग साफ हो चुके थे और शहर सामान्य दिनों की तरह स्वच्छ नजर आया। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ सफाई मित्रों की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात रहीं। सफाई कार्य के लिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों के अलावा 15 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और डंपरों, 6 जेसीबी मशीनों तथा रोड स्वीपिंग मशीन की मदद ली गई। निगम के संसाधनों और कर्मचारियों के समन्वय से रात में ही सड़कों से कचरा हटाने का काम पूरा किया गया।

कपिला गौशाला में गोवर्धन पर्वत का किया पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोमवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर रत्नाखेड़ी स्थित नगर निगम की कपिला गौशाला में विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। यहां गाय के गोबर से 31 फीट ऊंचे गोवर्धन पर्वत का निर्माण किया गया, जिसका सोमवार को विधि-विधान से पूजन किया गया। आयोजन में महापौर मुकेश टटवाल और निगम अध्यक्ष कलावती यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर महापौर और निगम अध्यक्ष ने गोवर्धन पर्वत की पूजा-अर्चना कर गौ माता का पूजन किया। उन्होंने गायों को गुड़ और चारा खिलाया तथा आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की। गौशाला में गोबर से निर्मित विशाल गोवर्धन पर्वत श्रद्धालुओं और उपस्थित लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।























दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 10 नवंबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

पुलिस द्वारा पार्थिव देह को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई

इंदौर। इंदौर जून पीठ निवासी 75 वर्षीय अभय कोठारी अपने जीवनकाल में अंगदान एवं देहदान के प्रति समर्पित भाव रखते थे। उनके निधन के उपरांत उनके सुपुत्र श्री सुमित कोठारी एवं परिवारजनों ने उनकी पार्थिव देह चिकित्सा शिक्षा के लिए समर्पित कर उनके सेवा भाव को सार्थक किया। मानव सेवा केवल जीवनकाल तक सीमित नहीं होती, बल्कि अंगदान एवं देहदान के माध्यम से मृत्यु के पश्चात भी समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य योगदान दिया जा सकता है। जीवन का अंत सेवा का अंत नहीं है। देहदान वह अमूल्य विरासत है, जो मृत्यु के बाद भी चिकित्सा शिक्षा और मानव कल्याण के रूप में जीवित रहती है।

विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र विद्यार्थी विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को योजना की पात्रता, शैक्षणिक योग्यता, आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य निर्धारित शर्तों का विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध विज्ञप्ति के माध्यम से भली-भांति अवलोकन करने की सलाह दी गई है। विभाग द्वारा प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों को विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से एक माह तक स्वीकार किया जाएगा।

खरीदारी कर बच्चों की कला को सराहा

इंदौर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इंदौर व महिला एवं बाल विकास विभाग इंदोर के सहयोग से मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर परिसर में बाल देखरेख संस्थाओं एवं संप्रेक्षण गृहों में निवासरत बच्चों द्वारा निर्मित दीपावली सामग्री के विशेष स्टॉल लगाए गए। स्टॉलों पर बच्चों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक दीपक, सजावटी सामग्री, हस्तशिल्प एवं अन्य हस्तनिर्मित वस्तुएं प्रदर्शित करने के साथ ही विक्रय हेतु रखी गईं। उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर के अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर सहित न्यायमूर्तिगण द्वारा स्टॉलों का अवलोकन कर खरीदारी की तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा, मेहनत एवं हुनर की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया।

संत श्री रविदास भवन का किया भूमिपूजन



इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर जिले के ग्राम पंचायत पानोड़ में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीणों को 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले संत श्री रविदास भवन की महत्वपूर्ण सौगात दी। मंत्री श्री सिलावट ने जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों की मौजूदगी में विधि-विधान से भवन का भूमिपूजन किया। इस भवन के निर्माण से पानोड़ सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए सर्व सुविधायुक्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा।

इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण, सामाजिक समरसता और गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों तथा सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए आवश्यक संसाधनों का विकास किया जाए। ग्राम पानोड़ में संत श्री रविदास भवन का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मंत्री श्री सिलावट ने संत श्री रविदास जी के विचारों और आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि संत श्री रविदास जी ने अपने जीवन और संदेशों के माध्यम से समाज को समानता, भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक एकता का मार्ग दिखाया।

नैनो न्यूज

- **देवास:** देवास में श्रम संहिताओं (पर जिला स्तरीय क्षमता निर्माण और जागरूकता कार्यक्रम 'श्रम संवाद' का आयोजन किया गया।
- **आगर :** आगर-मालवा में 3800 करोड़ रुपये की मैक्केन फूड परियोजना शुरू होने जा रही है, जिससे क्षेत्र में करीब 2000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।
- **शाजापुर :** शाजापुर में कब्रिस्तान की जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर बवाल हुआ, जिसमें फायरिंग और पथराव के चलते 26 लोग घायल हो गए और 39 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है।
- **सुसनेर:** सुसनेर नगर परिषद कार्यालय में भीषण आग लगने से कई महत्वपूर्ण उपकरण और दस्तावेज जलकर खाक हो गए, जिसमें ई-रिक्शा घोटाले से जुड़े जरूरी रिकॉर्ड भी नष्ट होने की आशंका जताई जा रही है।
- **रतलाम:** रतलाम के रावटी थाने में हंगामा कर टीआई को चेतावनी देने के मामले में पुलिस ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशू निनामा और दो अन्य सरपंचों पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की है।
- **मंदसौर:** मंदसौर में जमीन की खुदाई के दौरान ब्रिटिश काल (जॉर्ज पंचम) के 700 सिक्के मिले, जिनके बंटवारे को लेकर लोगों में विवाद होने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सिक्कों को जब्त कर लिया।

सराफा बाजार में दीपावली पर व्यापारियों का अनूठा विरोध

दीपक लेकर दुकानों के बाहर खड़े हुए व्यापारी, बोले- अगली दिवाली कहां मनाएंगे, पता नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में दीपावली पर जहां बाजार रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा रहे थे और आतिशबाजी हो रही थी, वहीं गोपाल मंदिर के पास स्थित सराफा बाजार में विरोध का अनूठा नजारा देखने को मिला।

सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित होने की आशंका के चलते व्यापारियों ने रात 8:30 बजे अपनी दुकानों की लाइट बंद कर दी। वे परिवार के सदस्यों के साथ प्रतिष्ठानों के बाहर हाथों में दीपक और मोमबत्तियां लेकर खड़े हो गए। करीब 15 मिनट तक बाजार अंधेरे में रहा। रात 8:45 बजे व्यापारियों ने दोबारा दुकानों की लाइट चालू कर दी। व्यापारियों ने यह प्रदर्शन गोपाल मंदिर से महाकाल चौराहे तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के विरोध में किया। उनका कहना है कि चौड़ीकरण की जद में उनकी पुश्तैनी दुकानों का बड़ा हिस्सा आ रहा है। कई दुकानदारों के मुताबिक, प्रस्तावित नक्शे में 13 से 14 फीट तक हिस्सा प्रभावित बताया गया है। इससे कई दुकानें लगभग खत्म होने की स्थिति में पहुंच सकती हैं।

सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवनारायण सोनी ने भावुक होते हुए कहा कि इस बार की दिवाली तो मना लेंगे, लेकिन अगली दिवाली तक पूरा बाजार बिखर सकता है। कोई कहां चला जाएगा, किसी को पता नहीं। दो-तीन फीट के ओटले में व्यापार कैसे चलेगा। उन्होंने कहा कि सराफा बाजार सिर्फ दुकानों का समूह नहीं है, बल्कि कई पीढ़ियों से जुड़े परिवारों की रोजी-रोटी और आपसी रिश्तों का केंद्र है। चौड़ीकरण से इन परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है।

विकास का विरोध नहीं, पहले दूसरी जगह मिले

व्यापारी प्रशांत सोनी ने कहा कि व्यापारी विकास के विरोधी नहीं हैं। उज्जैन को सजाने और सड़क चौड़ीकरण के प्रयासों में वे प्रशासन के साथ हैं, लेकिन विकास के नाम पर उनकी रोजी-रोटी खत्म नहीं होनी चाहिए। उनका कहना है कि दुकानदारों को विस्थापित करने से पहले दूसरी जगह आवंटित की जाए। व्यापारियों ने सामने बन रहे नगर निगम के कॉम्प्लेक्स में दुकानें देने का विकल्प भी सुझाया है। व्यापारी अशोक जैन ने कहा कि प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए गांधीवादी तरीके से यह प्रदर्शन किया गया। उनका कहना है कि यदि इसी तरह चौड़ीकरण हुआ तो पटनी बाजार और सराफा के व्यापारियों का जीवन अंधेरे में चला जाएगा। रोजी-रोटी बचाने के लिए व्यापारी अपने स्तर पर विरोध जारी रखेंगे। उन्होंने आगे विरोध के नए तरीके अपनाने के संकेत भी दिए।

दीपक जलाकर प्रशासन को दिया संदेश



व्यापारियों ने लक्ष्मी पूजन के दिन बाजार को पूरी तरह अंधेरे में रखने के बजाय हाथों में दीपक और मोमबत्तियां लेकर अपनी बात रखी। उनका संदेश था कि जिस तरह दीपक अंधेरे को दूर करता है, उसी तरह प्रशासन के फैसले से उनके परिवारों के जीवन में भी रोशनी बनी रह सकती है। व्यापारियों का कहना है कि वे कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक अपनी बात पहुंचा चुके हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं निकला। आगे की रणनीति तय करने के लिए पूरे महासंघ की बैठक बुलाई जाएगी।

जनसुनवाई: कलेक्ट्रेट में फफक-फफक कर रोई पीड़िता, बोली-

अब बच्चों के साथ जहर खाकर मर जाऊं क्या?

ससुर ने रिटायरमेंट के बाद उससे गलत मांग की थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में जनसुनवाई के दौरान एक महिला अपनी परेशानी बताते हुए फफक-फफक कर रो पड़ी। दो बच्चों की मां न्याय की गुहार लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची थी। उसने अधिकारियों को अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि वह इतनी परेशान हो चुकी है कि अब जीने का मन नहीं करता।

महिला ने आरोप लगाया कि उसके ससुर ने रिटायरमेंट के बाद उससे गलत मांग की थी। इस मामले में उसने पुलिस से भी शिकायत की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिला कलेक्टर से मिलकर ससुराल में रहने के लिए जगह दिलाने की मांग करना चाहती थी, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद उसने जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों को आवेदन देकर अपनी समस्या बताई। महिला के मुताबिक, वह अपने पति और दो बच्चों के साथ फिलहाल खंडेलवाल नगर में किराए के मकान में रह रही है। मकान मालिक अब मकान खाली करने का दबाव बना रहे हैं। पति की आमदनी इतनी नहीं है कि घर का खर्च चलाने के साथ किराया भी दे सकें। कोई कहां चला जाएगा, किसी को पता नहीं। दो-तीन फीट के ओटले में व्यापार कैसे चलेगा। उन्होंने कहा कि सराफा बाजार सिर्फ दुकानों का समूह नहीं है, बल्कि कई पीढ़ियों से जुड़े परिवारों की रोजी-रोटी और आपसी रिश्तों का केंद्र है। चौड़ीकरण से इन परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है।

मार्च 2025 में पुलिस को दी थी शिकायत

महिला के मुताबिक, उसने 26 मार्च 2025 को पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक उसे न्याय नहीं मिला। उसका आरोप है कि शिकायत के बाद उसे बच्चों के साथ पूरे दिन थाने में बैठाए रखा गया, लेकिन बाद में कोई ठोस कार्रवाई किए बिना मामला टाल दिया गया। महिला ने अधिकारियों के सामने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि वह लंबे समय से इस स्थिति से जूझ रही है। अब उसके मन में खुद को नुकसान पहुंचाने तक के विचार आने लगे हैं। उसने प्रशासन से मामले में सुनवाई करने और बच्चों के साथ रहने के लिए सुरक्षित जगह दिलाने की मांग की है।

अब किराए के मकान में रहने को मजबूर

महिला ने बताया कि उसकी शादी को 13 साल हो चुके हैं। उसके दो बच्चे हैं। करीब एक साल पहले वह मायके गई थी। इसी दौरान ससुराल वालों ने घर से उसका सामान निकलवाकर पास की खंडेलवाल नगर कॉलोनी में किराए के मकान में रखवा दिया। तब से वह पति और बच्चों के साथ इसी मकान में रह रही है। महिला का कहना है कि ससुराल में उनके हिस्से की जगह है, लेकिन वह किराए पर दी हुई है। परिवार के लोग उसे वहां रहने देने में टालमटोल कर रहे हैं। अब किराए के मकान का खर्च उठाना भी मुश्किल हो रहा है। इसी वजह से वह कलेक्टर से मिलकर ससुराल में रहने की व्यवस्था कराने की मांग करना चाहती थी।

महिला ने आरोप लगाया कि उसके ससुर राजोदा (बड़नगर) में एसआई के पद से रिटायर हुए थे। रिटायरमेंट से पहले परिवार की गृहस्थी ठीक चल रही थी, लेकिन इसके बाद ससुर ने उससे गलत मांग रखी। महिला के मुताबिक, ससुर ने कहा था कि अगर वह उनकी बात मानेगी तो वे अपनी पेंशन उसके नाम कर देंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि उन्हें एक दोस्त की जरूरत है। महिला ने बताया कि उसने यह बात अपने मायके वालों को बताई। इसके बाद मायके वाले उसे शाजापुर ले गए थे। बाद में पति उसे किराए के मकान में लेकर आ गए। महिला का आरोप है कि उसका पति अपने पिता के खिलाफ आवाज नहीं उठाना चाहता।

बांटी दीपावली की खुशियां बच्चों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दीपावली की खुशियां सिर्फ अपने घर और परिवार तक सीमित न रहें, बल्कि उन बच्चों तक भी पहुंचे, जिन्हें अपनों के साथ त्योहार मनाने का अवसर कम मिलता है। इसी भाव के साथ कलेक्टर शिवम वर्मा दीपावली के अवसर पर शासकीय बाल संरक्षण आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने बच्चों के बीच समय बिताया और उन्हें उपहार, नए वस्त्र तथा मिठाइयां वितरित कर त्योहार की खुशियों में सहभागी बनाया।

इस कार्यक्रम में कलेक्टर ने बच्चों के साथ आत्मीय संवाद किया और उनकी पढ़ाई, दिनचर्या तथा कुशलक्षेम की जानकारी ली। उपहार और मिठाइयां मिलने पर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। औपचारिक मुलाकात से आगे बढ़कर कलेक्टर ने बच्चों के साथ मिठाइयां साझा कीं और आतिशबाजी कर दीपावली का उत्सव भी मनाया।

इस दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि बच्चों के बीच दीपावली मनाना उनके लिए सुखद अनुभूति है। बच्चे देश का उज्ज्वल भविष्य हैं और उनकी मुस्कान ही ऐसे आयोजनों की सबसे बड़ी खुशी है। उन्होंने कहा कि प्रयास रहता है कि आश्रम में रहने वाले बच्चों को भी हर त्योहार पर परिवार जैसा अपनत्व और खुशियों का माहौल मिले। कलेक्टर ने कहा कि बाल संरक्षण आश्रम में बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उन्हें भारतीय संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों से जोड़ना भी जरूरी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 11 नवंबर को नई दिल्ली में पुरस्कार प्रदान करेंगी

मध्यप्रदेश के इंदौर समेत नौ शहरों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

स्वच्छ सर्वेक्षण के राष्ट्रीय सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश के नौ शहरों को आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 11 नवंबर को नई दिल्ली में भव्य कार्यक्रम में विजेता शहरों को सम्मानित करेंगी। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए देश भर के 4909 शहरों के प्रदर्शन का सूक्ष्म आकलन किया गया, जिनमें से उत्कृष्ट कार्य करने वाले 57 शहरों का अंतिम चयन किया गया है। मध्यप्रदेश के जिन नौ शहरों को इस राष्ट्रीय समारोह का न्योता मिला है, उनमें इंदौर, देपालपुर, देवास, उज्जैन, बुदनी, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा और सागर शामिल हैं।

स्वच्छ सुपर लीग के अंतर्गत मध्यप्रदेश की सात जोड़ियों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की थी, परंतु राष्ट्रीय स्तर पर केवल इंदौर और देपालपुर की जोड़ी ही सम्मान के लिए चुनी गई है। केवल दो वर्ष पहले प्रदेश के 380 शहरों में स्वच्छता के मामले में 378वें स्थान पर पिछड़ने वाला देपालपुर अब राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित होने जा रहा है। इससे पूर्व पिछले सर्वेक्षण में देश के 2030 शहरों के बीच देपालपुर को 1710वीं रैंक प्राप्त हुई थी। देपालपुर की इस अभूतपूर्व प्रगति में इंदौर नगर निगम के मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

कचरा प्रबंधन और जन-जागरूकता

देपालपुर में 50 टन पुराने लीगेसी वेस्ट को पूर्ण रूप से हटाने के लिए इंदौर नगर निगम के दो हजार सफाईकर्मियों तथा रैग पिकर्स ने सघन स्वच्छता अभियान चलाया। नागरिकों को घरों में ही गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने के लिए 14 हजार डस्टबिन वितरित किए गए। 60 दिन तक चले विशेष जागरूकता अभियान से 75 प्रतिशत लोगों ने प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल बंद कर दिया और डिस्पोजेबल वस्तुओं का प्रयोग भी नियंत्रित हुआ। दूसरी ओर, भोपाल अपनी जोड़ीदार नगर परिषद बैरसिया के साथ इस स्पर्धा की अंतिम चयन सूची में स्थान बनाने से चूक गया।

देवास में घर-घर कचरा संग्रहण-देवास नगर निगम द्वारा नियमित सफाई, घर-घर कचरा संग्रहण, गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्र करने तथा वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन के लिए किए गए प्रयासों को इस सम्मान का प्रमुख आधार माना गया है। नगर निगम प्रशासन ने कचरा वाहनों के मार्ग निर्धारित करके एक सुदृढ़ निगरानी प्रणाली बनाई। शहर के रहवासी क्षेत्रों, व्यावसायिक बाजारों और शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाए गए। 11 नवंबर को राजधानी में आयोजित होने वाले समारोह में महापौर गीता अग्रवाल देवास का यह राष्ट्रीय सम्मान ग्रहण करेंगी।

गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों को वितरित किये रजिस्ट्री प्रमाण-पत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

उत्सव और उल्लास के वातावरण के बीच स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को निःशुल्क रजिस्ट्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र के केलोद हाला, पानोड़, बडोदिया एमा सहित अन्य गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को निःशुल्क रजिस्ट्री के प्रमाण-पत्र वितरित किये।

इसी तरह सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर भी गांवों में पहुंचे और उन्होंने लाभान्वित ग्रामीणों को रजिस्ट्री वितरित की। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का वैधानिक अधिकार दिलाने की दिशा में स्वामित्व योजना ऐतिहासिक पहल है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई इस योजना के माध्यम से ऐसे परिवारों को अपने मकान का कानूनी स्वामित्व मिल रहा है, जो पीढ़ियों से गांवों में निवास कर रहे थे, लेकिन उनके पास संपत्ति के स्वामित्व का कोई पुख्ता दस्तावेज नहीं थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ साकार कर रही है। प्रदेश में लगभग 50 लाख लोगों को स्वामित्व का अधिकार दिलाने का लक्ष्य है। यह योजना गरीब और वंचित परिवारों को सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण पहल है।

क्यूआर कोड से हो रहा सत्यापन, ठेका तीन साल का, निगरानी व्यवस्था पर सवाल

वेंडिंग व्यवस्था में धांधली की आंच अब पूरे रतलाम मंडल तक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन पर वेंडिंग व्यवस्था में भारी धांधली सामने आने के बाद अब इसकी जांच का दायरा पूरे रतलाम रेल मंडल तक बढ़ा दिया गया है। मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों और ट्रेनों में वेंडरों की पहचान और उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

उज्जैन में कार्रवाई के दौरान संदिग्ध वेंडरों के आई कार्ड जब्त किए गए थे। जांच में यह भी सामने आया था कि ट्रेन साइड वेंडिंग (टीएसवी) योजना के तहत चार वेंडरों की अनुमति वाली कुछ ट्रेनों में 16 से 18 लोग तक सामान बेच रहे थे। अब रेलवे यह पता लगाने में जुटा है कि यह गड़बड़ी फर्जी आई कार्ड के जरिए हो रही थी या ठेकेदार ने नियमों को ताक पर रखकर निर्धारित संख्या से अधिक वेंडर तैनात कर दिए थे। मामले में कुछ रेलवे अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हुए हैं।

रतलाम मंडल में टीएसवी योजना का ठेका कौशल इंटरप्राइजेज को करीब 90 लाख रुपये में तीन साल के लिए दिया गया है। इसकी अवधि 29 दिसंबर 2025 से 28 दिसंबर 2028 तक है। अनुबंध के अनुसार प्रीमियम ट्रेनों को छोड़कर अन्य ट्रेनों में अधिकतम चार वेंडर ही काम कर सकते हैं। प्रत्येक वेंडर के पास रेलवे का अधिकृत पहचान पत्र, निर्धारित ड्रेस और मेडिकल संबंधी दस्तावेज होना अनिवार्य है। इसके बावजूद कुछ ट्रेनों में अनुमति से चार गुना तक अधिक वेंडरों का मिलना ठेकेदार की कार्यप्रणाली और रेलवे की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।

क्यूआर कोड से खुलेगी वेंडरों की असलियत

रेलवे की जांच में यह भी महत्वपूर्ण होगा कि निर्धारित चार वेंडरों के स्थान पर 16 से 18 लोगों को किसकी अनुमति से लगाया गया था। क्या एक ही अधिकृत आई कार्ड पर दूसरे लोग काम कर रहे थे या फर्जी पहचान पत्र तैयार कर वेंडरों को ट्रेनों में प्रवेश दिया जा रहा था? इन बिंदुओं पर जांच की जा रही है। उज्जैन में सामने आई गड़बड़ी की रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जा चुकी है। मंडल के अन्य स्टेशनों और ट्रेनों में जांच के बाद ही वेंडिंग ठेके की निगरानी व्यवस्था में सामने आई अनियमितताओं की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

क्यूआर कोड से खुलेगी वेंडरों की असलियत

आरपीएफ और कमर्शियल विभाग ने संदिग्ध वेंडरों के आईकार्ड का सत्यापन शुरू कर दिया है। कार्ड पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर वेंडर का नाम, पिता का नाम और कार्ड नंबर की जानकारी निकाली जा रही है। इसका मिलान कमर्शियल विभाग की ओर से उपलब्ध कराई गई अधिकृत सूची से किया जा रहा है। अब किसी व्यक्ति के पास केवल आई कार्ड होना उसकी वैधता का प्रमाण नहीं माना जाएगा। सूची में नाम नहीं मिलने पर उसे अनधिकृत वेंडर मानकर कार्रवाई की जाएगी।

इंदौर में भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान तेज

धार्मिक स्थलों पर प्रशासन की सख्ती, आठ भिक्षुक रेस्क्यू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

प्रशासन ने भिक्षावृत्ति के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। भिक्षावृत्ति मुक्त इंदौर अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी कर रही है। इसी क्रम में मिल क्षेत्र, परदेशीपुरा और पाटनीपुरा में कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 8 भिक्षुकों का रेस्क्यू किया गया। अभियान के तहत शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष नजर रखी जा रही है। विभागीय टीम अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर भिक्षावृत्ति में शामिल लोगों की पहचान कर रही है। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा ने बताया कि अभियान के तहत गठित दल ने मिल क्षेत्र से परदेशीपुरा और पाटनीपुरा तक भ्रमण किया। इस दौरान रास्ते में आने वाले शनि मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी सर्चिंग की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 8 भिक्षुकों को रेस्क्यू किया गया।

त्योहारों में धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी

अधिकारियों के मुताबिक, त्योहारों के दौरान धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर श्रद्धालुओं और आम लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में इन क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाना है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम लगातार निगरानी और कार्रवाई जारी रखेगी।

न्यूज कालम



अक्टूबर 2026 मेंएनएफआर कोमाल अनलोडिंग में 12 .27 प्रतिशत की वृद्धि

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने अक्टूबर 2026 में माल अनलोडिंग में 12.27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इस अवधि के दौरान पूरे जोन में मालगाड़ियों के 1,162 रेक अनलोड किए गए, जबकि अक्टूबर 2025 में 1.035 रेक अनलोड किए गए थे। इस बेहतर प्रदर्शन से इस क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं और औद्योगिक सामग्रियों की आपूर्ति में मदद मिली। इस महीने के दौरान, एनएफआरने अपने क्षेत्राधिकार के अधीन गुड्स शेड और फ्रेट टर्मिनल पर कई तरह के सामानों को हैंडल किया, जिनमें खाद्यान्न, खाद्य तेल, उर्वरक, चीनी, नमक, पेट्रोलियम उत्पाद, कोयला और सीमेंट शामिल हैं। ये आपूर्ति पूरे क्षेत्र में घरेलू खपत, कृषि संबंधी जरूरतों और औद्योगिक गतिविधियों की पूर्ति करते हैं। इसके अलावा, एनएफआर के क्षेत्राधिकार में पश्चिम बंगाल में 205 रेक और बिहार में 161 रेक अनलोड किए गए। इन वस्तुओं के परिवहन से क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है।आवश्यक और औद्योगिक वस्तुओं का निरंतर परिवहन और अनलोडिंग, इस क्षेत्र की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में एनएफआरकी भूमिका को दशार्ते हैं। एनएफआर उपभोक्ताओं, व्यापारियों और उद्योगों की सेवा के लिए माल की कुशल हैंडलिंग और समय पर आवागमन पर विशेष जोर देता है।

कटलरी दुकान से 10 हजार के अवैध पटाखे जब्त, संचालक पर केस दर्ज



खंडवा। दीपावली पर्व के मद्देनजर अवैध विस्फोटक सामग्री के भंडारण एवं बिक्री के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुधवारा बाजार स्थित एक कटलरी दुकान से करीब 10 हजार रुपए कीमत के पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस ने दुकान से पटाखे, अनार और फुलझड़ियां बरामद कीं।पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में 6 नवंबर को की गई कार्रवाई में दुकान संचालक राजू अग्रवाल पिता अनंतलाल अग्रवाल, निवासी बजरंग नगर, नवचंडी के पास, खंडवा के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 5/6ख के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा त्योहार के दौरान आमजन की सुरक्षा को देखते हुए अवैध विस्फोटक सामग्री के संग्रहण और विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई जारी है।

रूप चौदस पर जैन पाठशाला के बच्चों ने किया सामूहिक पूजन



सनावद। रूप चौदस के अवसर पर श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ बड़ा जैन मंदिर में आचार्य वर्धमान सागर पाठशाला के बच्चों ने सामूहिक पूजन कर धर्म और संस्कारों के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। रविवार सुबह आयोजित पूजन में बच्चों ने पूरे विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ हिस्सा लिया। सन्मति जैन काका ने बताया कि श्वेत वस्त्र धारण कर पहुंचे बच्चों ने श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और अष्टद्रव्य से पूजन किया। बच्चों के शुद्ध मंत्रोच्चार और अनुशासित पूजन ने मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया।अंशुमा जैन, वर्षा जैन, प्रियंका जैन, श्रुति सराफ, प्रीति जटाले, नूपुर जैन और नेहा जैन ने बताया कि चौदस पर पूजन का विशेष धार्मिक महत्व है। वहीं मयंक धनोते और राहुल स्वास्तिक ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही धर्म, संस्कार और धार्मिक परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से सामूहिक पूजन की पहल की गई। पूजन के पुण्यार्जक महेंद्र कुमार एवं अरविंद कुमार सराफ परिवार रहे। परिवार की ओर से सभी बच्चों को प्रभावना वितरित कर स्वल्पाहार कराया गया। इस दौरान पाठशाला के शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे। समाजजनों ने बच्चों के धार्मिक उत्साह और संस्कारमय सहभागिता की सराहना की।

गोवर्धन पूजा के साथ गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन का दिया संदेश



बुरहानपुर। शासन के निदेर्शानुसार गोवर्धन पर्व के अंतर्गत सोमवार को शासकीय गौशाला, डोंगरगांव में गोवर्धन पूजा एवं गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, नेपानगर विधायक मंजू दादू, अध्यक्ष मनोज माने, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर विवेक कुमार, जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा, अन्य अधिकारीगण सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विधि-विधान से गोवर्धन पूजा एवं गौ-पूजन किया गया। इस अवसर पर गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पशुपालकों को वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने, उन्नत नस्लों के संरक्षण एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया।

लायन्स क्लब खण्डवा ने जरूरतमंद परिवारों के साथ मनाया खुशियों का दीपोत्सव

झुग्गी बस्ती में मिठाई, पटाखे, नए वस्त्र एवं दीपावली पूजन सामग्री वितरित की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खण्डवा



दीपावली केवल दीप जलाने और रोशनी करने का पर्व नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में खुशियों का उजियारा फैलाने का भी अवसर है। इसी भावना को चरितार्थ करते हुए लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा आओ खुशियां बांटें, क्योंकि बांटने से ही तो बढ़ती हैं खुशियां के प्रेरक संदेश के साथ दीपावली के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचकर दीपोत्सव मनाया गया।

जानकारी देते हुए प्रवक्ता नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स क्लब खण्डवा के अध्यक्ष घनश्याम वाधवा, सचिव हेमलता पालीवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़, डिस्ट्रिक्ट पीआरओ राजीव मालवीय एवं माइक्रो कैबिनेट डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर लायन नारायण बाहेती ,अणिमा उबेजा, राजीव शर्मा ,गुरमीतसिंह उबेजा व रविंदर कौर सलूजा एवं लियो श्रद्धा पालीवाल के नेतृत्व में क्लब के सदस्य बुरहानपुर रोड स्थित दादाजी मार्ग की झुग्गी बस्ती में पहुंचे। यहां निवासरत जरूरतमंद परिवारों के महिला, पुरुष एवं बच्चों को परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुसार मिठाई, पटाखे, नए वस्त्र, दीपक, बाती एवं तेल का वितरण किया गया। क्लब सदस्यों ने बच्चों एवं परिवारों के साथ दीपावली की खुशियां साझा करते हुए उनके बीच उत्साह और उमंग का वातावरण बनाया। दीपावली की सामग्री एवं पटाखे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।कपड़ो की थैलियों का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष घनश्याम वाधवा, नारायण बाहेती, अणिमा उबेजा एवं डिस्ट्रिक्ट पीआरओ राजीव मालवीय ने परिवारों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को नियमित पढ़ाई करने, शिक्षा के महत्व को समझने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया।

सचिव हेमलता पालीवाल एवं कोषाध्यक्ष पवन लाड़ ने कहा कि लायन्स क्लब खण्डवा सदैव पीड़ित मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहता है। सेवा का अर्थ केवल जरूरतमंदों की सहायता करना ही नहीं, बल्कि उनके साथ खुशियों के पल साझा करना भी है। सुनील जैन ने कहाकि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां लाने का प्रयास करना चाहिए। इसी सामाजिक दायित्व एवं जनजागृति के उद्देश्य से क्लब द्वारा प्रतिवर्ष दीपावली पर जरूरतमंद परिवारों के साथ दीपोत्सव मनाया जाता है।पूर्व में सामग्री की खरीदी भी स्थानीय व्यापारियों से कर वोकल फार लोकल का संदेश दिया। इस अवसर पर लायन्स क्लब के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की।

अंत में सचिव हेमलता पालीवाल ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इकबाल चौक में सुपर टीवी शोरूम में लगी भीषण आग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

रविवार की रात करीब १०:४० बजे बुरहानपुर का सबसे व्यस्त इलाका इकबाल चौक अचानक अफरा-तफरी में बदल गया। पुलिस कंट्रोल रूम के ठीक सामने स्थित सुपर टीवी शोरूम में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते पूरा शोरूम आग की चपेट में आ गया और चारों तरफ धुएं का गुबार छा गया।

शोरूम के ऊपर ही परिवार रहता है। आग लगते ही परिवार के लोग किसी तरह बाहर निकल आए और बड़ा हादसा टल गया। लेकिन इसी बीच एक युवक शोरूम के अंदर फंस गया। चारों तरफ आग और धुआं देखकर मौके पर चीख-पुकार मच गई।

ऐसे मुश्किल समय में इकबाल चौक के स्थानीय लोगों ने हिम्मत और मानवता की मिसाल पेश की। लोगों ने बिना देर किए दमकल की सीढ़ी की मदद से अंदर फंसे युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। युवक के बाहर आते ही वहां मौजूद भीड़ ने राहत की सांस ली।

बताया जा रहा है कि यह शोरूम विनोद शंखपाल का है, जहां टीवी और इलेक्ट्रॉनिक सामान का कारोबार होता है। आग लगने की वजह अभी तक पता नहीं चल सकी है। शोरूम में भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान होने के कारण आग तेजी से फैली।

सूचना मिलते ही नगर निगम की दमकल टीम और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में दमकलकर्मियों का पूरा साथ दिया। एहतियात के तौर पर पुलिस ने आसपास की ४ दुकानों को खाली कराया, ताकि आग और न फैले।आग की लपटें पड़ोस के एक मकान तक भी पहुंच गई थीं, जिससे वहां भी दहशत फैल गई। दमकलकर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे। रात ११:२० बजे तक मौके पर ८ से ज्यादा दमकल गाड़ियां पहुंच चुकी थीं और आग बुझाने का काम युद्धस्तर पर जारी था।

दीपावली पर यात्रियों को तोहफा: एनएफआर त्रिपुरा में चलाएगा तीन जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें

मालीगांव। दीपावली के त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने और अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने बड़ा फैसला लिया है। रेलवे द्वारा त्रिपुरा में 8 से 10 नवंबर, तक तीन जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इन विशेष ट्रेनों का संचालन अगरतला-सबूम और अगरतला-धर्मनगर रेलखंडों पर किया जाएगा, जिससे राज्य के विभिन्न हिस्सों में आवागमन अधिक सुविधाजनक हो सकेगा।

एनएफआर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इन विशेष ट्रेनों के परिचालन का शेड्यूल इस प्रकार रहेगा:

अगरतला-सबूम फेस्टिवल स्पेशल (05638/05637): ट्रेन संख्या 05638 अगरतला से रात 19.30 बजे प्रस्थान कर 22.05 बजे सबूम पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 05637 सबूम से रात 22.35 बजे चलकर अगले दिन रात 1.20 बजे अगरतला पहुंचेगी। यह ट्रेन 8 नवंबर को दोनों दिशाओं में एक-एक ट्रिप लगाएगी।



अगरतला-धर्मनगर फेस्टिवल स्पेशल (05640/05639): ट्रेन संख्या 05640 अगरतला से सुबह 5.10 बजे रवाना होकर 8.45 बजे धर्मनगर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 05639 धर्मनगर से सुबह 9.30 बजे चलकर दोपहर 13.20 बजे अगरतला पहुंचेगी। यह ट्रेन 9 और 10 नवंबर को दोनों दिशाओं में दो-दो ट्रिप संचालित होगी।

अगरतला-सबूम फेस्टिवल स्पेशल (05644/05643): ट्रेन संख्या 05644 अगरतला से दोपहर 14.15 बजे प्रस्थान कर 16.35 बजे सबूम पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 05643 सबूम से शाम 17.00 बजे चलकर शाम 19.35 बजे अगरतला पहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन का संचालन भी 9 और 10 नवंबर को दोनों दिशाओं में दो-दो ट्रिप के लिए किया जाएगा।

एनएफआर की आरपीएफ ने आठ बच्चों को रेस्क्यू किया और दो प्रसूता को मदद पहुँचाई

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 4 से 6 नवंबर 2026 तक रंगिया, न्यू बंगाईगांव, कटिहार, न्यू जलपाईगुड़ी और गुवाहाटी रेलवे स्टेशनों पर कुल 8 बच्चों यानी 6 लड़के और 2 लड़कियों को रेस्क्यू किया। इस अवधि के दौरान, अगरतला और लामडिंगमें ट्रेनों में दो महिलाओंको भी आरपीएफकर्मियों ने चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में मदद पहुँचाई, जिन्होंने नवजात को जन्म दिया। 4 नवंबर को, आरपीएफऔर सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने रंगिया में ट्रेन संख्या 15628 डाउन से एक लड़की को रेस्क्यूकर राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) को सौंप दिया। उसी दिन, टीमों ने कटिहार, न्यू जलपाईगुड़ी और गुवाहाटी से एक-एक लड़के को भी रेस्क्यू किया। 6 नवंबर को, टीम ने रंगिया से 2 और लड़कों कोतथा न्यू जलपाईगुड़ी से एक लड़के को रेस्क्यू किया। इन सभी 6 लड़कों को आगे की देखभाल के लिए बाल संरक्षण एजेंसियों को सौंप दिया गया। 4 नवंबर की एक अन्य घटना में, अगरतला में आरपीएफकर्मियों ने ट्रेन संख्या 14620 अप में एक महिला यात्री की मदद की, जिसने एक नवजात शिशु को जन्म दिया। उसे आगे के इलाज के लिए एम्बुलेंस से अगरतला स्थित अस्पताल ले जाया गया। 5 नवंबर को, लामडिंग रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 13174 डाउन में, एक महिला हेड कांस्टेबल सहितआरपीएफकी एक टीम ने एक महिला यात्री की मदद की, जिसने एक नवजात बच्ची कोजन्म दिया। अलग-अलग सुरक्षा अभियानों में, टीमों ने 4 मामलों में 4 लोगों को पकड़ा।

ग्राम बोरलाय में हुआ गोवर्धन पूजा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

बड़वानी । गोवर्धन पूजा के अवसर पर वृंदावन ग्राम बोरलाय में जिला स्तरीय गोवर्धन पूजा एवं गोपाल कृष्ण पुरस्कार का आयोजन श्री कृष्ण गौशाला बोरलाय में किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल द्वारा अध्यक्षता की गई कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल, गौशाला के अध्यक्ष दीपेंद्र पाटीदार, प्रगति शील पशुपालक सहित पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. राजेश प्रधान सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे । कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की उपस्थिति में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा गया।

गोवर्धन पर्व पर आलीराजपुर के पशुपालकों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, छह पशुपालक सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



गोवर्धन पर्व 2026 के अवसर पर भोपाल के रवींद्र भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में राज्यस्तरीय गौ-पूजन एवं पशुपालक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण जिले की नानपुर गोशाला में किया गया। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण ग्राम अजंदा की सुरबाई पति सरदार को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख, दशहरी बाई को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार तथा अमर सिंह को तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये प्रदान किए गए। इसी प्रकार ग्राम बरझर के भरत मावी को 1 लाख, मदन मावी को 50 हजार तथा बाबू काला मकवाना को 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए तथा युवा गोसेवकों का सम्मान किया।

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने अपने संबोधन में गौ-वंश के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पशुपालन को आय का बेहतर माध्यम बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आलीराजपुर जिले में पशुपालन की अपार संभावनाएं हैं। गौ-वंश के गोबर एवं गोमूत्र का उपयोग प्राकृतिक खाद और औषधियों के निर्माण में कर जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने नानपुर गोशाला एवं युवा गोसेवकों के कार्यों की सराहना की।

कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने अपने संबोधन में विशेष रूप से बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा डही परियोजना का शुभारंभ किया जाएगा। इस परियोजना से धार जिले के साथ आलीराजपुर जिले की आलीराजपुर, जोबट एवं सोंडवा तहसीलों के ४२ ग्रामों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास और किसानों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

मंत्री श्री चौहान ने युवाओं से पशुपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने तथा शासन की अनुदान एवं सब्सिडी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि पशुपालन से नियमित आय का साधन विकसित किया जा सकता है। साथ ही युवा गोसेवकों के कार्यों को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम में नानपुर गोशाला के सदस्य संतोष वाणी, तरुण वाणी, डॉ. रामेश्वर गुप्ता, मनीष वाणी, ओमप्रकाश नागर, सीताराम वाणी, सरपंच नकलीबाई मानसिंह तोमर सहित ग्रामीणजन एवं गौसेवक उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने पीएम मित्र पार्क की निर्माण गतिविधियों का किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ धार



मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन श्री अशोक बर्णवाल ने आज जिले की तहसील बदनावर के भैंसोला स्थित पीएम मित्र पार्क में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों एवं आधारभूत सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के पश्चात उन्होंने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।मुख्य सचिव ने पार्क में निर्माण कार्यों सहित सड़क, पानी, बिजली एवं ड्रेनेज जैसी आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्धारित माइलस्टोन एवं कार्ययोजना के अनुरूप अब तक हुई प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी कार्यों को समयबद्ध एवं सुनियोजित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी बड़े प्रोजेक्ट का कार्य चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ता है। इसके लिए प्रत्येक स्तर पर स्पष्ट कार्ययोजना एवं प्रभावी मॉनिटरिंग आवश्यक है। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के लिए मशीनरी की संख्या बढ़ाने तथा उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत व्यवस्था के कार्यों की जानकारी लेते हुए जनवरी माह में ट्रांसफार्मर आने की जानकारी प्राप्त की। साथ ही कार्य में लगे मानव संसाधन की संख्या एवं उनकी कार्यक्षमता की समीक्षा करते हुए विभिन्न कार्यों को समानांतर रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में गति लाने के लिए माइक्रो प्लानिंग की जाए तथा प्रत्येक गतिविधि की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए।

मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को साप्ताहिक रूप से स्थल पर पहुंचकर कार्यों की प्रगति की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिविल कार्यों में तेजी लाने के साथ ओवरहेड टैंक (ओएचटी) एवं सम्पवेल के निर्माण की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्य निर्धारित योजना एवं समयसीमा के अनुरूप पूर्ण करने पर जोर दिया।

बैठक में पीएम मित्र पार्क में प्रस्तावित स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाओं तथा पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही बदनावर आईटीआई में अतिरिक्त रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम संचालित करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए, ताकि क्षेत्र के युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें।

दीपावली पर मंत्री विजय शाह, प्रभारी मंत्री लोधी और कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

दीपावली पर्व के अवसर पर प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के राज्य मंत्री तथा खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेंद्र लोधी और कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जिलेवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से आतिशबाजी के दौरान सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की अपील की है।

मंत्री विजय शाह : जरूरतमंदों के साथ बांटें दीपावली की खुशियां

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने नागरिकों से अपील की कि दीपावली पर अपने घरों में दीप जलाने के साथ जरूरतमंदों के जीवन में भी खुशियों का उजाला लाएं। उन्होंने कहा कि अपनी सामर्थ्य के अनुसार वंचित परिवारों को वस्त्र, मिठाई, शिक्षा सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं उपलब्ध कराकर उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा करें।







प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र लोधी : सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामनाजिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेंद्र लोधी ने अपने शुभकामना संदेश में दीपावली को भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपराओं का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व अंधकार से प्रकाश, निराशा से आशा और असत्य से सत्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कामना की कि दीपोत्सव प्रदेश के प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लाए तथा मध्यप्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित करे।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता : पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाएकलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जिले के नागरिकों को दीपोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने नागरिकों से पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने तथा वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करने का आग्रह किया।

स्वास्थ्य विभाग : आतिशबाजी में बरतें विशेष सावधानी

स्वास्थ्य विभाग ने पटाखे खुले एवं सुरक्षित स्थानों पर जलाने, सूती कपड़े पहनने तथा बच्चों को बिना वयस्क निगरानी के आतिशबाजी नहीं करने देने की सलाह दी है। पटाखे जलाते समय पानी या रेत की बाल्टी पास रखने और ज्वलनशील वस्तुओं से दूरी बनाए रखने को कहा है। विभाग ने अस्थमा एवं हृदय रोगियों को पटाखों के धुएं और तेज आवाज से बचने की सलाह दी है। पटाखों से जलने पर प्रभावित हिस्से को साफ बहते पानी से ठंडा करने तथा आंख में चोट लगने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की है।

न्यूज -कॉलम

पटरियों पर मिली युवक की लाश, पहचान के प्रयास



उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र के जय गुरूदेव आश्रम के पीछे रेलवे पटरियों पर सोमवार दोपहर युवक की लाश लोको पायलेट की सूचना पर पुलिस ने बरामद की। पुलिस के अनुसार युवक ने ट्रेन के आने पर उसके सामने कूदकर आत्महत्या की है। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिसके चलते उसकी पहचान नहीं हो पाई है। आसपास के लोगों से भी पहचान के प्रयास किये गये। लेकिन किसी ने उसके संबंध में जानकारी नहीं दी। शव के पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। मंगलवार तक पहचान नहीं होने पर पुलिस द्वारा अंतिम संस्कार की प्रक्रिया दफनाने के रूप में की जायेगी।

ज्वलनशील पदार्थ डाल वृद्धा ने खुद को लगाई आग

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र की नागेश्वरधाम कॉलोनी से शनिवार-रविवार रात को साधना पति विनय सिंह 62 वर्ष और पुत्र जितेंद्र को झुलसी हालत में चरक अस्पताल लाया गया था जहां डॉक्टरों ने दोनों को उपचार के लिए बर्न यूनिट में भर्ती किया। पुत्र जितेंद्र ने बताया कि रात 3 बजे के लगभग मां ने खुद को आग लगा ली थी। प्लास्टिक की चटाई जलने की दुर्गंध आने पर वहां नींद से जगा और कमरे से बाहर आया तो उसने जलती चटाई के नीचे मां साधना को देखा आग की लपटे उठ रही थी उसने आग बुझाकर मां को बचाने के प्रयास शुरू किया इस दौरान उसके भी हाथ झुलस गए। मां ने जिस जगह आग लगाई थी, वहां तारपीन तेल की बोतल पड़ी हुई थी जिसे मां ने अपने ऊपर डाला था। पुत्र का कहना था की मां का दिमागी संतुलन ठीक नहीं है कई महीनो से उनका उपचार भी कराया जा रहा है पूर्व में भी एक बार मां अपनी जान देने का प्रयास कर चुकी थी। पुलिस के अनुसार मामले में पुत्र के बयान दर्ज किए गए हैं विवेचना के बाद ही घटना का स्पष्ट कारण सामने आ पाएगा।

जहरीला पदार्थ खाकर घर लौट युवक की अस्पताल में मौत

उज्जैन। आगर रोड ग्राम चक कमेड में रहने वाला परिवार शनिवार को दीपावली की तैयारी कर रहा था इस दौरान प्रकाश पिता हीरालाल 42 साल घर पहुंचा कुछ देर बाद ही उल्टियां करने लगा परिजनों ने पूछा तो जहर खाकर आने की बात कही उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने भर्ती किया लेकिन 16 घंटे चले उपचार के बाद रविवार त?के दीपावली के दिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया परिजनों ने बताया कि प्रकाश मजदूरी करता था और दो बच्चों का पिता था। आशंका जताई गई है कि आर्थिक परेशानी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार मामले में परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

पारिवारिक विवाद के बाद महिला ने गले में डाला फंदा

उज्जैन। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कोलूखेडी में सोमवार दोपहर को छाया पति शिवम नाथ ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फंदा गले में डाल लिया। उसे परिवार ने देखा तो नीचे उतारा था। उसकी धडकन चल रही थी उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां हालत चिंताजनक होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने पर छाया बयान देने की हालत में नहीं थी। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद के चलते उसके द्वारा मौत को गले लगाने का प्रयास किया जाना सामने आया है।

पंवासा थाने के सामने बाइक ने मारी टक्कर

उज्जैन। मक्सीरोड पंवासा थाने के सामने दीपावली की रात पल्सर बाइक क्रमांक एमपी 13 झेड डब्ल्यू 2954 स्कूटी को टक्कर मार दी। स्कूटी पर दीपक नरवरिया निवासी ग्राम करोंदिया नागझिरी अपने भतीजे हर्ष और भतीजी चुबु के साथ सवार था। तीनों घायल हो गये। बाइक सवार टक्कर मारने के बाद मौके से भाग निकला। पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया और बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

विष्णुपुरा में युवक के साथ 3 लोगों ने की मारपीट

उज्जैन। विष्णुपुरा में रहने वाले राजेन्द्र पिता महेन्द्र जाटवा 20 साल के साथ सोमवार दोपहर को घर के सामने 3 लोगों द्वारा मारपीट की गई और उसकी बाइक तोड़ दी। मामले में नीलगंगा थाना पुलिस ने राजेन्द्र की शिकायत पर मारपीट करने और तोड़फोड़ करने का प्रकरण दर्ज किया है। घटना को अंजाम देने वाले तीनों व्यक्ति क्षेत्र के बताये गये है। पुलिस के अनुसार तीनों के हिरासत में आने पर मारपीट करने का सही कारण सामने आ पायेगा।

दीपावली की रात नागझिरी में भीषण आगजनी...

मकान-दुकान की लपटों से उठे धुएं में बुजुर्ग की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दीपावाली की रात विश्वकर्मा परिवार के लिये दर्दनाक हादसा बन गई। दुकान में लगी आग मकान तक पहुंच गई और ऊपरी मंजिल पर परिवार के 105 वर्षीय बुजुर्ग की धुएं से दम घुटने पर मौत हो गई। आग पर काबू पाने में करीब डेढ़ घंटे का समय लगा।

घटनाक्रम नागझिरी थाना क्षेत्र का है, यहां विश्वकर्मा परिवार द्वारा विश्वकर्मा हाडवेयर दुकान का संचालन किया जाता है। दुकान के ऊपर दो मंजिला मकान बना हुआ है। दीपावली की रात 10 बजे अचानक दुकान में आ लग गई, जहां ऑयल पेंट के डिब्बे रखे थे, आग तेजी से फैली और मकान तक लपटें उठने लगी। कुछ देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। मकान में 105 वर्षीय मोहनलाल विश्वकर्मा, उनका पुत्र मिश्रीलाल विश्वकर्मा और पोता कमलेश था। आग देखकर मिश्रीलाल और कमलेश बाहर आये, उन्होने ऊपरी मंजिल पर कमरे में मौजूद 105 वर्षीय मोहनलाल को बाहर निकालने के प्रयास किये, लेकिन आग की लपटों ने पिता-पुत्र को ऊपरी मंजिल तक पहुंचने नहीं दिया। भीषण आग की फैलते ही लोगों की भीड जमा हो गई। नागझिरी सीएसपी श्वेता गुप्ता,



थाना प्रभारी राकेश भारती टीम के साथ पहुंच गये। फायर बिग्रेड की दमकले भी पहुंच गई। खबर लगते ही कलेक्टर रौशन कुमार भी नागझिरी पहुचे थे। मकान में फंसे बुजुर्ग को निकालने के साथ आग बुझाने के प्रयास किये गये, लेकिन एक घंटे का समय लग गया। ऊपरी मंजिल पर जाने के बाद मोहनलाल विश्वकर्मा को बाहर निकाला गया। धुएं की वजह से बेसुध हो गये थे, उन्हे तत्काल माधवनगर अस्पताल लाया गया, उसकी सांस थम चुकी थी। चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। सोमवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि परिवार में तीन लोग आगजनी के समय मौजूद थे। दम घुटने से जान गवांने वाले मोहनलाल परिवार के सबसे बडे सदस्य थे और कार पेंटरी का काम करते थे।

आगजनी में हुआ लाखों का नुकसान

विश्वकर्मा परिवार की दुकान और मकान में लगी भीषण आग से लाखों का नुकसान होना सामने आया है दुकान का पूरा सामान जलकर राख हो चुका था वहीं घर में पहुंची आग की लपटों से काफी सामान जल गया। आग लगने की वजह सामने नहीं आ पाई है लेकिन माना जा रहा है कि संभवत शार्ट सर्किट के चलते आग ने विकराल रूप लिया था।

सुराना एक्सपोर्ट और सूरज मेडिकल जला

दीपावली की रात टावर चौक स्थित सुराना एक्सपोर्ट में आग लग गई टावर चौक पर जमकर आतिशबाजी हो रही थी आशंका जताई गई की पटाखे की चिंगारी से आग लगी थी। खबर लगते ही माधव नगर थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया और फायर ब्रिगेड की दमकल मौके पर पहुंच गई थी कुछ देर में ही आग पर काबू पा लिया गया इस बीच गोपाल मंदिर क्षेत्र में सूरज मेडिकल आग की लपटों में आ गया। यहां भी पटाखे की वजह से आग लगने की आशंका जताई गई।

20 से अधिक स्थानों पर हुई आगजनी

रविवार को दीपावली की रात से सोमवार सुबह तक 24 घंटे के बीच शहर में 20 से 22 स्थानों पर आगजनी की स्थिति बनी थी। नगर निगम के अग्निशमन विभाग ने सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। नगर निगम अग्निशमन विभाग के प्रभारी अधिकारी एलपी साहू के अनुसार शहर के 2 दर्जन स्थानों पर आगजनी की स्थिति पर फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर काबू पाया है।अधिकांश मामलों में मुख्यालय से ही अग्निशमन टैंकरों को रवाना किया गया। उपकेंद्र नानाखेडा, सिटी डिपो, महाकाल मंदिर के पास भी अग्निशमन वाहन तैयार रहे। छोटे बडे मिलाकर कुल 14 वाहन जिनमें 11 फायर वाहन और तीन बडे टैंकर का उपयोग किया गया है। इनमें करीब 2 लाख लीटर पानी का उपयोग आग बुझाने के दौरान किया गया।

सुगंधित द्रव्य एवं चंदन तेल के साथ गर्म जल का उपयोग.....

श्री महाकाल को करवाया गया अभ्यंग स्नान

मंदिर के कोठार में दीपावली पूजन किया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रविवार को दीपोत्सव महापर्व के अवसर पर भगवान श्री महाकालेश्वर जी को प्रात:कालीन आरती में पंचामृत अभिषेक किया गया। इस अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर पुजारी परिवार की महिलाओं द्वारा सुगंधित द्रव्य एवं चंदन तेल से भगवान का अभ्यंग स्नान कराया गया। तत्पश्चात सुपारी से भगवान की नजर उतारी गई एवं कर्पूर आरती की गई।

इसके पश्चात भांग श्रृंगार कर भगवान महाकालेश्वर जी को भव्य रूप से अलंकृत किया गया। दीपोत्सव महापर्व के उपलक्ष्य में सर्वप्रथम अन्नकूट भोग अर्पित कर आरती संपन्न की गई। रुद्र सूक्त का पाठ किया गया। शीतकाल के प्रारंभ होने से भगवान श्री महाकालेश्वर जी का स्नान गर्म जल से आरंभ किया गया है। जिसके पश्चात शासकीय अन्नकूट भोग अर्पित



किया गया फुलझड़ी जलाई गई एवं आरती की गई।

अब शहर के अन्य मंदिरों में अन्नकूट होगा

दीपोउत्सव पर भगवान श्री महाकालेश्वर को लगे अन्नकूट भोग के बाद अब शहर के अन्य सभी मंदिरों में परंपरानुसार अन्नकूट भोग के आयोजनों का दौर शुरू होगा। समाजों के मंदिरों में भी इस परंपरा का निर्वहन किया जाएगा।

मंदिर के कोठार में पूजन

इसके उपरांत दीपावली महापर्व के अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में विधिवत लक्ष्मी पूजन सम्पन्न मंदिर सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल द्वारा श्री महाकालेश्वर मंदिर की केश शाखा एवं कोठार शाखा में सायं 4 बजे लक्ष्मी पूजन किया गया।पूजन कार्यक्रम पंडित संदीप गुरु के द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर मंदिर के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

आज सुहाग पड़वा पर गजलक्ष्मी मंदिर में महिलाओं को बांटा जाएगा माता जी का सिंदूर

उज्जैन। दीपावली के बाद आज मंगलवार को सुहाग पड़वा के अवसर पर लखेरवाड़ी स्थित अति प्राचीन मां गजलक्ष्मी मंदिर में महिलाओं को पुजारी परिवार द्वारा सुहाग का सिंदूर वितरित किया जाएगा। यह वर्ष में एक बार सुहाग पड़वा के अवसर पर मंदिर के पुजारी परिवार द्वारा महिलाओं को वितरित किया जाता है। जिसके चलते सुहाग पड़वा पर सुबह से ही मंदिर में महिलाओं की भीड़ लग जाती है। साल में केवल एक बार सुहाग पड़वा के दिन इस सिंदूर को महिलाओं में प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाता है।मान्यता यह है कि यहां का सिंदूर घर में संभाल कर रखने से माता जी की कृपा हमेशा बरसती है। घर में सुख समृद्धि बनी रहती है। हालांकि दीपावली के एक दिन बाद यह सिंदूर महिलाओं को प्रसाद के रूप में दिया जाता है। लेकिन रविवार को दीपावली का त्यौहार व सोमवार को अमावस्या होने की वजह से मंगलवार को सुहाग पड़वा मनाई गई है। श्रद्धालु द्वारा माता जी को चढ़ाए जाने वाला सिंदूर पुजारी परिवार संभाल कर रखते हैं। इसके बाद साल में एक बार सुहाग पड़वा के अवसर पर यह सिंदूर महिलाओं को वितरित किया जाता है। मां गज लक्ष्मी मंदिर के पुजारी अवधेश शर्मा ने बताया कि गज पर सवार लक्ष्मी जी की प्रतिमा लक्ष्मी के आठ रूपों में से एक है। शहर के मुख्य बाजार लखेरवाड़ी के समीप यह गज लक्ष्मी का मंदिर अति प्राचीन है। दीपावली पर्व पर यहां मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इस बार धनतेरस के दिन गजलक्ष्मी माताजी के गर्भग्रह को 40 लाख रुपए के नोटों से भी सजाया गया था यह मंदिर 2000 वर्ष पुराना है और इस मंदिर का स्कंद पुराण में भी उल्लेख है।

दीपावली की रात आतिशबाजी थमते ही सफाई में जुटा निगम का अमला



उज्जैन। दीपावली पर देर रात तक हुई आतिशबाजी के बाद शहर को सुबह तक स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम का सफाई अमला रात में ही मैदान में उतर गया था। रविवार मध्य रात्रि 2 बजे से शुरू हुए विशेष सफाई अभियान में सफाई मित्रों ने शहर की सड़कों, चौराहों और गली-मोहल्लों से पटाखों के अवशेष और अन्य कचरा हटाया। करीब 3 से 4 घंटे चले अभियान का असर सुबह दिखाई दिया। शहरवासियों के घरों से निकलने से पहले ही प्रमुख मार्ग साफ हो चुके थे और शहर सामान्य दिनों की तरह स्वच्छ नजर आया।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ सफाई मित्रों की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात रहीं। सफाई कार्य के लिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों के अलावा 15 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और डंपरों, 6 जेसीबी मशीनों तथा रोड स्वीपिंग मशीन की मदद ली गई। निगम के संसाधनों और कर्मचारियों के समन्वय से रात में ही सड़कों से कचरा हटाने का काम पूरा किया गया। विशेष सफाई अभियान की निगरानी के लिए निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा अधिकारियों के साथ रात में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। उन्होंने सफाई कार्य का जायजा लिया और सफाई मित्रों से चर्चा कर उनके प्रयासों की सराहना की। आयुक्त ने कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाते हुए स्वच्छता के प्रति इसी तरह समर्पण और तत्परता से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।निरीक्षण के दौरान आयुक्त मालीपुरा क्षेत्र में रहवासियों के बीच पहुंचे। यहां उन्होंने ओटले पर बैठकर नागरिकों से बातचीत की और दीपावली के बाद शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर उनका फीडबैक लिया। इस दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, कालूराम सोलंकी, आनंद विजय सिंह राठौर सहित सभी जोनल अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा और स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

शराबी चालक ने रिक्शा में लगाई फांसी

उज्जैन। शराबी चालक ने रिक्शा में रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। लोगों ने उसे देखा तो पुलिस को सूचना दी। मामले मे मर्ग कायम कर सोमवार को पोस्टमार्टम कराया। पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि शिवधाम कालोनी में रहने वाले राकेश पिता बाबूलाल 45 साल ने रात को घर के बाहर खड़े रिक्शा में रस्सी बांधकर फांसी लगा ली थी। आसपास रहने वालों ने उसे लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक विवेचना में सामने आया कि राकेश रिक्शा चलाता था और शराब पीने का आदी था। परिजनों ने उसके द्वारा फांसी लगाने की वजह से अनभिज्ञता जताई। उनका कहना था कि शाम को शराब पीकर लौटा था उसके बाद फिर चला गया था। पुलिस के अनुसार मामले में परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है।

बिछड़ोद हत्याकांड में दो भाइयों का नहीं मिला सुराग

उज्जैन। खेत में ट्रैक्टर चलाने से रोकने पर हुए विवाद में खेत मालिक और उसके दोस्त पर हमला हो गया था। घटना में दोस्त की मौत हो गई थी खेत मालिक घायल हुआ था। पुलिस ने मामले में महिला को हिरासत में लेकर उसके दो पुत्रों को भी आरोपी बनाया है। जिनका सोमवार शाम तक सुराग नहीं मिल पाया। घटिया तहसील के ग्राम बिछडोद में शनिवार शाम खेत में ट्रैक्टर चलाने की बात को लेकर हुए विवाद में बंजारा समाज की महिला गीताबाई और उसके साथ मौजूद दो से तीन लोगों ने खेत मालिक गुलाम नबी निवासी इंदौर और उसके दोस्त मुजीब पिता समद मंसूरी निवासी शाजापुर पर पत्थर और दराते से हमला कर दिया था। गुलाम नबी घायल हो गया था वही दोस्त मुजीब की अस्पताल लाने से पहले रास्ते में मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर गीताबाई को घटना के कुछ देर बाद ही हिरासत में ले लिया था। मामले में उसके दो पुत्रों ओमप्रकाश और जसवंत को भी आरोपी बनाया गया है। दोनों पुत्रों की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। जिनका सुराग सोमवार शाम तक नहीं मिल पाया था। घटना के बाद सामने आया था कि गुलाम नबी ग्राम बिछडोद का रहने वाला था कुछ साल पहले वह इंदौर रहने चला गया था गांव में उसके खेत की देख रेख गीताबाई करती थी जिस पर उसने कब्जा जमा लिया था। शनिवार को गुलाम नबी शाजापुर से अपने दोस्त मुजीब मंसूरी के साथ उज्जैन आ रहा था लेकिन रास्ते में उसका खेत होने पर दोनों बिछड़ोद पहुंच गए थे, जहां विवाद होने पर उन पर हमला हो गया था।

निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर पर लगा यौन उत्पीडना का आरोप

महिला ने मुम्बई में दर्ज कराई शिकायत, उज्जैन में बन रहा था आश्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

निरंजनी अखाडे से जुडे महामंडलेश्वर पर मुम्बई की महिला ने यौन उत्पीडन का आरोप लगाया है। महिला द्वारा मुम्बई में शिकायत दर्ज कराई है। अखाडा परिषद ने मामले में बैठक कर महामंडलेश्वर को निष्कासित करने का निर्णय लेने की बात कहीं है।

धार्मिक नगरी में क्षिप्रा नदी किनारे भूखी माता मंदिर के पास आश्रम और गौशाला का निर्माण करवा रहे निरंजनी अखाडा के महामंडलेश्वर इंद्रदेव के खिलाफ मुंबई की एक महिला ने यौन उत्पीडन का आरोप लगाकर मुम्बई में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने महामंडलेश्वर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। बताया जा रहा है कि महिला ने आरोप लगाया कि सत्संग में शामिल होने के बाद महामंडलेश्वर द्वारा उसके कॉल कर लगातार परेशान किया जा रहा था। उनके द्वारा वीडियो कॉल किये जा रहे थे और अश्लील बाते की जा रही थी। वीडियो कॉल पर वह नग्न अवस्था में सामने आ रहे थे और उसके कपडे उतारने की बात भी कह रहे थे। वृंदावन स्थित आश्रम में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने का आरोप भी महिला द्वारा लगाया गया है। महिला ने आरोप लगाया कि उस पर रिकार्डिंग डिलीट करने का दबाव बनाकर धमकाया जा रहा था। मामले में अखाडा परिषद अध्यक्ष रविंद्रपुरी महाराज ने बताया कि महामंडलेश्वर इंद्रदेव के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने की जानकारी मिली है। अखाडे के पंच इस मामले में बैठक करेंगे। इसके बाद उन्हें अखाडे से निष्कासित करने की कार्रवाई की जाएगी।

महिला ने वर्ष 2023 में महामंडलेश्वर ली दीक्षा

महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि फेसबुक और टीवी पर महाराज के सत्संग देख प्रभावित हुई थी। घर में सुख-शांति और समस्याओं के समाधान के उनके संपर्क में आई। उनकी फेसबुक पर दिये गये नम्बर पर 10 अप्रैल 2023 को कॉल किया तो बताया गया कि मुंबई के सांताक्रुज पूर्व में सात दिवसीय सत्संग चल रहा है। 12 अप्रैल को वह अपनी छोटी बेटी के साथ सत्संग सुनने पहुंची और 13 अप्रैल को इंद्रदेव महाराज से दीक्षा लेने के बाद सत्संग से लौट आई थी। 8 दिसंबर 2023 को वह दोबारा सत्संग कार्यक्रम में पहुंची थी औश्र समस्या बताई। महाराज ने कहा कि मदद करेंगे और बातचीत करते रहने और सेवा करने को कहा।

वर्ष 2024 में कहा गुरूजी की आज्ञा है

महिला ने आरोप लगाया कि जून 2024 में उसे एक मोबाइल नंबर से वीडियो कॉल आया। कॉल पर इंद्रदेव महाराज थे और वे नग्न अवस्था में थे। महिला के मुताबिक, उन्होंने गुरुजी की आज्ञा है कहकर उसे भी कपडे उतारने के लिए कहा और करीब 15 से 20 मिनट तक अश्लील बातचीत की। 29 नवंबर 2025 को भी वीडियो कॉल किया था। उस दौरान भी वह नग्न अवस्था में थे। महिला ने वृंदावन आश्रम में जबरदस्ती संबंध बनाने का आरोप भी लगाया है।

अमावस्या पर शिप्रा में लगाई श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी

उज्जैन। उज्जैन में सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने शिप्रा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। सोमवार को सुबह से शिप्रा नदी के रामघाट सहित अन्य घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती हुई दिखाई दी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उज्जैन पहुंचकर शिप्रा नदी में स्नान किया और पुण्य लाभ कमाया।

अपनी कीमत का आंकलन कैसे करें



गौतम बुद्ध से एक बार उनके प्रिय शिष्य ने पूछा-जीवन का मूल्य क्या है? बुद्ध ने उसे एक चमकता हुआ पत्थर दिया और कहा- इसका मूल्य पता करके आओ, पर इसको बेचना नहीं। शिष्य बाजार में एक अमरूद बेचने वाले के पास गया और उस पत्थर की कीमत पूछी। उसने कहा- इसके बदले 12 अमरूद ले जाओ। फिर वह एक आलू बेचने वाले के पास पहुंचा। उसने उसकी कीमत एक बोरी आलू लगाई। इसके बाद वह एक सुनार के पास गया, तो उसने झट से कहा- 50 लाख में मुझे बेच दो। मना करने पर उसने दो करोड़ तक मूल्य लगाया। आगे वह शिष्य एक हीरा-जौहरी के पास गया। जौहरी ने पहले एक लाल कपड़ा बिछाया, फिर उस पत्थर को, जो कि रूबी थी, उस पर रखकर उसकी परिक्रमा की और माथा टेका। फिर कहा- कहां से ले आए यह बेशकीमती रूबी? इस पूरे राज्य को बेचकर भी इसकी कीमत नहीं लगाई जा सकती। हैरान-परेशान शिष्य बुद्ध के पास पहुंचा और सारी बात बताई। बुद्ध ने कहा- जीवन रूबी है, पर ध्यान रखना कि सामने वाला अपनी हैसियत, अपने ज्ञान और अपनी समझ से ही तुम्हारी कीमत लगाएगा।

अक्सर हम हताश हो जाते हैं, जब कोई हमारी सही कीमत नहीं आंकता। अलीबाबा के संस्थापक और दुनिया के सबसे अमीर लोगों में एक जैक मा को हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने 10 बार दाखिला देने से मना किया। नौकरी के लिए वह 30 से ज्यादा बार ठुकराए गए। मगर जैक मा ने अपनी निगाहों में अपना मूल्य कभी कम नहीं होने दिया। बर्नार्ड शॉ एक चेतावनी अक्सर देते थे- आपको आंकने की कोशिश करने वाले हजारों मूर्ख हैं, आपको उन मूर्खों में शामिल नहीं होना है।

सम्पादकीय

भरोसे की मांग करता डिजिटल लेनदेन

अभिषेक कुमार सिंह। भारत में तिजोरियों और बही-खातों में दर्ज होने वाले धन का आवागमन अब मोबाइल स्क्रीन पर होने लगा है। दीपावली से पहले आई खबर के मुताबिक अक्टूबर 2026 में देश में यूपीआइ (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के जरिये 2,547 करोड़ लेनदेन हुए, जिनका कुल मूल्य 31.53 लाख करोड़ रुपये रहा। पहली बार एक दिन में औसत लेनदेन का मूल्य एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। ये आंकड़े बताते हैं कि धन का प्रवाह अब अधिक तेज, सस्ता और पारदर्शी हो गया है, लेकिन भारतीय परंपरा में लक्ष्मी को चंचला कहा गया है। मान्यता है कि वे वहीं टिकती हैं, जहां व्यवस्था, शुचिता और भरोसा हो।

भारत के डिजिटल कायाकल्प का सबक यह है कि सरकार ने इसकी सड़क बनाई और उस पर सबको चलने का अवसर दिया। जनधन खाते, आधार और मोबाइल यानी जैम त्रिमूर्ति इसकी नींव बनी। अगस्त 2014 में शुरू हुई प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत खोले गए खातों की संख्या जुलाई 2026 तक 58.84 करोड़ से अधिक हो चुकी थी। इसी नींव पर यूपीआइ खड़ा हुआ। अगस्त 2016 में पहले महीने इसके जरिये केवल 90 हजार लेनदेन हुए थे। वित्त वर्ष 2025-26 में यह संख्या 24 हजार करोड़ के पार पहुंच गई और लेनदेन का कुल मूल्य लगभग 314 लाख करोड़ रुपये रहा। वित्त मंत्रालय के अनुसार, दुनिया में होने वाले रियल-टाइम डिजिटल भुगतानों में लगभग 49 प्रतिशत हिस्सा अकेले यूपीआइ का है, जबकि देश के कुल डिजिटल भुगतानों में इसकी हिस्सेदारी 84 प्रतिशत है। यूएई, फ्रांस और सिंगापुर समेत 11 देशों में अब यूपीआइ के जरिये भुगतान संभव है। डिजिलाकर और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) इसी ढांचे की महत्वपूर्ण कड़ियां हैं, जिसे दुनिया इंडिया स्टैक के नाम से जानती है।

डिजिटल भुगतान अब अमीरों का शौक नहीं, आम आदमी की आदत बन चुका है। वित्त वर्ष 2025-26 में दुकानदारों को किए गए यूपीआइ भुगतानों में 86 प्रतिशत लेनदेन 500 रुपये से कम के थे। चाय, सब्जी और आटो का किराया अब क्यूआर कोड से चुकाया जा रहा है। जिस ठेले वाले के पास पहले कोई लिखित हिसाब नहीं होता था, उसके पास अब कमाई का डिजिटल रिकार्ड है। छोटा व्यापारी अब अपने लेनदेन के इतिहास के आधार पर औपचारिक कर्ज पाने का दावा कर सकता है।

डिजिटल युग में रिश्तों की आत्मीयता, समानता और संवेदनाओं को बचाए रखने की जरूरत

बदलते समय में भाई दूजः प्रेम और अपनापन कैसे बना रहे?



डॉ सत्यवान सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

भाई दूज केवल तिलक और मिठाई का त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास और आत्मीयता की वह डोर है, जो समय की तेज रफ्तार के बीच भी स्नेह का रंग बनाए रखती है। बदलते दौर में जब मुलाकातें वीडियो कॉल तक सिमटती जा रही हैं और तिलक डिजिटल इमोजी का रूप ले रहा है, तब यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या रिश्तों की गर्माहट अब भी पहले जैसी बनी हुई है? भाई दूज हमें याद दिलाती है कि प्रेम केवल परंपरा नहीं, बल्कि आत्मीयता और संवेदनाओं को जीवित रखने का निरंतर अभ्यास है। यह पर्व हमें अपने व्यस्त जीवन में अपनों के लिए समय निकालने और रिश्तों में अपनापन लौटाने का अवसर देता है।

दीपावली के बाद जब उत्सव का उल्लास धीरे-धीरे शांत होने लगता है, तब भाई दूज की सुबह घरों में प्रेम और मिठास का संदेश लेकर आती है। बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाती हैं, आरती उतारती हैं और उनके सुखी एवं स्वस्थ जीवन की कामना करती हैं। भाई भी बहन को उपहार देकर जीवनभर उसके साथ खड़े रहने का विश्वास दिलाता है। यह परंपरा देखने में जितनी सरल है, भावनात्मक रूप से उतनी ही गहरी है। तिलक केवल माथे पर लगाया जाने वाला चिह्न नहीं, बल्कि रिश्तों में विश्वास, सम्मान, सुरक्षा और प्रेम का प्रतीक है।

लेकिन आज जब समय बदल रहा है और रिश्तों की परिभाषाएँ भी नए रूप ले रही हैं, तब यह विचार करना जरूरी है कि क्या भाई-बहन के रिश्ते में पहले जैसी सहजता और आत्मीयता बची हुई है? क्या यह रिश्ता अब भी उतना ही भावनात्मक और विश्वासपूर्ण है, जैसा कभी गाँव की मिट्टी, घर के आँगन और बचपन की स्मृतियों में हुआ करता था?

एक समय था जब भाई दूज केवल त्योहार नहीं, बल्कि परिवार के मिलन और खुशियों का अवसर हुआ करती थी। बहनें सुबह से तैयार होकर भाइयों की प्रतीक्षा करती थीं। घरों में पकवानों की खुशबू फैल जाती थी। भाई दूर-दराज से बहन के घर पहुँचते थे, क्योंकि इस दिन का विशेष महत्व मिलने-जुलने और साथ समय बिताने में था। न दिखावे की चिंता होती थी और न ही उपहारों की प्रतिस्पर्धा। रिश्तों में सच्चा प्रेम, विश्वास और भावनाओं का सहज प्रवाह होता था। आज भी भाई दूज पूरे उत्साह से मनाई जाती है, लेकिन कहीं-कहीं इसकी आत्मीयता औपचारिकताओं के बीच धुंधली पड़ती दिखाई देती है। तिलक की जगह कई बार व्हाट्सऐप पर भेजे गए इमोजी और शुभकामना संदेश ले लेते हैं। सोशल मीडिया पर भाई दूज की बधाइयाँ तो खूब दिखाई देती हैं, लेकिन उनके पीछे वह आत्मीयता और भावनात्मक जुड़ाव हमेशा दिखाई नहीं देता, जो बहन की आँखों में भाई को सामने देखकर झलकता था।

यह बदलाव केवल तकनीक का नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली और संवेदनाओं का भी है। तकनीक ने हमें भौगोलिक दूरियों के बावजूद जोड़ने का अवसर दिया है, लेकिन कई बार हम रिश्तों को दिल से निभाने के बजाय मोबाइल और डिजिटल माध्यमों तक सीमित कर देते हैं। भाई दूज जैसे पर्व, जो निकटता, स्नेह और संवाद के प्रतीक हैं, कहीं-कहीं सोशल मीडिया के स्टेटस और औपचारिक संदेशों तक सिमटते जा रहे हैं। आधुनिक जीवन की भागदौड़, व्यावसायिक दबाव और बढ़ती आत्मकेंद्रित प्रवृत्ति ने हमारे पारिवारिक संबंधों को भी प्रभावित किया है।

भाई दूज का पर्व केवल बहन की पूजा या भाई द्वारा सुरक्षा का वचन देने तक सीमित नहीं है। यह भाई-बहन के बीच भावनात्मक संतुलन, सहयोग और पारस्परिक सम्मान का प्रतीक भी है। बदलते समय में इस रिश्ते को केवल संरक्षण और निर्भरता के पुराने दायरे में देखना उचित नहीं होगा। आज बहनें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं और अपने जीवन के निर्णय स्वयं लेने में सक्षम हैं। यह बदलाव सकारात्मक है। अब बहन को केवल सुरक्षा की आवश्यकता रखने वाली व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि समान अधिकारों और आत्मसम्मान वाली स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

हालाँकि आत्मनिर्भरता और समानता के इस दौर में भी भाई-बहन के रिश्ते की गर्माहट बनाए रखना उतना ही जरूरी है। रिश्तों का महत्व किसी की निर्भरता में नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति सम्मान, विश्वास और भावनात्मक सहयोग में होता है।

शहरीकरण, रोजगार की तलाश में पलायन और व्यस्त जीवनशैली ने परिवारों के बीच भौतिक दूरियाँ बढ़ा दी हैं। पहले भाई अपनी बहन के घर जाकर पूरा दिन उसके परिवार के साथ बिताता था। आज कई बार मुलाकात कुछ मिनटों तक सीमित रह जाती है या फिर वीडियो कॉल से ही त्योहार की औपचारिकता पूरी कर ली जाती है। निश्चित रूप से तकनीक दूर रहने वाले भाई-बहनों के लिए एक उपयोगी माध्यम है, लेकिन जब संभव हो, तब व्यक्तिगत मुलाकात और साथ बिताया गया समय रिश्तों को विशेष मजबूती प्रदान करता है।

त्योहारों का वास्तविक उद्देश्य ही रिश्तों को फिर से जीवंत करना और दूरियों को कम करना है। भाई दूज हमें हर वर्ष यह याद दिलाती है कि रिश्ते केवल खून के संबंध से नहीं, बल्कि व्यवहार, विश्वास और निरंतर संवेदनशीलता से मजबूत होते हैं। आधुनिक जीवन की व्यस्तता ने हमें भावनाओं को भी समय-सारिणी में बाँधने के लिए विवश कर दिया है। कभी-कभी ऐसा लगता है कि रिश्ते भी कैलेंडर में दर्ज कुछ विशेष अवसरों के मेहमान बनकर रह गए हैं।

आज की बहनें अपने भाइयों से केवल उपहार या आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि भावनात्मक साझेदारी की अपेक्षा रखती हैं। वे चाहती हैं कि भाई उनकी भावनाओं को समझे, उनके विचारों का सम्मान करे और जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों में उनका साथ दे। इसी प्रकार भाइयों को भी बहनों से स्नेह, सहयोग और संवेदनशीलता की अपेक्षा होती है। यही रिश्ते का आधुनिक स्वरूप है, जिसमें समानता, स्वतंत्रता और आत्मीयता का सुंदर संतुलन दिखाई देता है।

भाई दूज को अब केवल बहन की सुरक्षा के प्रतीक के रूप में नहीं, बल्कि आपसी सम्मान, समान अधिकार और संवाद के पर्व के रूप में भी समझने की आवश्यकता है। भाई-बहन का रिश्ता बचपन तक सीमित नहीं होता, बल्कि जीवनभर साथ चलने वाला भावनात्मक संबंध है। जीवन के रास्ते भले ही अलग-अलग हों, लेकिन दिलों के रास्ते जुड़े रहने चाहिए।

सूखी मटकी

रात के ठीक तीन बजकर बयालीस मिनट पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सेंट्रलाइज्ड ह्यडिजिटल वाटर मॉनिटरिंग रूमह्ल की विशाल स्क्रीन पर एक नीली लाइट कौंधी।

सॉफ्टवेयर के लाइव डैशबोर्ड पर सुदूर गांव धूलकोट के टैप नंबर 18 का स्टेटस जगमगा रहा था, ह्यदैनिक आपूर्तिः 55 लीटर प्रति व्यक्ति। प्रवाह गतिः सामान्य। जल गुणवत्ताः ए-प्लस ह्ल

कंट्रोल रूम में बैठे युवा एनालिस्ट्स की स्क्रीन पर सब कुछ हरा और शत-प्रतिशत आदर्श था।

रहस्य यह नहीं था कि डेटा आ रहा था या नहीं; कौतूहल यह था कि जिस नल का डिजिटल फ्लो-मीटर पानी की अविरल धारा दर्ज कर रहा था, उसकी टोंटी से पिछले तीन महीनों में पानी की एक बूंद भी नहीं टपकी थी।

तो फिर वह स्मार्ट सेंसर हर सेकंड किस चीज की गिनती कर रहा था?

हकीकत यह थी कि खाली पाइपलाइन में रात के वक्त बहने वाली सूखी, गरम हवा के दबाव को वह आईओटी सेंसर 'पानी का बहाव' समझकर लगातार क्लाउड सर्वर पर अपलोड कर रहा था। मशीन के पास फेफड़े नहीं थे, वह सिर्फ प्रेशर नापती थी।

और ठीक उसी समय, उस गांव की पथरीली जमीन पर बत्तीस साल की कल्याणी अपनी मिट्टी की पुरानी मटकी कमर पर टिकाए, नंगे पैर अंधेरे में भागी जा रही थी।

घर के आंगन में बंधी चारपाई पर उसका सात साल का बेटा मन्नू डिहाइड्रेशन और तेज बुखार से तप रहा था। उसके होंठ सूखकर पपड़ी बन चुके थे। डॉक्टर ने साफ कह दिया था, ₹इसे हर आधे घंटे में साफ पानी और नमक-चीनी का घोल दो, वरना सुबह का सूरज नहीं देख पाएगा।₹

कल्याणी ने आंगन में लगे उस चमचमाते सरकारी स्टील के नल को खोलकर देखा था। नल ने सिर्फ एक लंबी, सूखी हिचकी ली और गरम हवा का एक झोंका फेंककर खामोश हो गया।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 10नवंबर 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:34सूर्यास्त 17:44
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि -? एकम12:26 उपरांत द्वितीया
नक्षत्र - विशाखा 08:57 उपरांत अनुराधा
योग - शोभन 03:35उपरांत अतिगण्ड
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 29मास तारिख

मेष- रविवार के दिन कार्य से जुड़े नए विचार मन में आएंगे। व्यापारिक योजनाओं पर विचार करने का सही समय है।

वृषभ- परिवार के साथ आनंददायक दिन बीतेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, धन लाभ संभव है।

मिथुन- मानसिक शांति और ताजगी बनी रहेगी। सूर्य देव को अर्घ्य दें। भगवान विष्णु का ध्यान करें।

कर्क- पुराने लंबित काम पूरे होने से राहत महसूस होगी। व्यापार में दूरगामी रणनीतियां तैयार करें।

सिंह- परिवार के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। धन का संचय बढ़ेगा, आर्थिक चिंताएं दूर होंगी।

कन्या- स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा, योग करें। शिवलिंग पर कच्चा दूध अर्पित करें

तुला- नई योजनाओं को अंतिम रूप देने का समय है। साझेदारी के व्यापार में नया मोड़ आएगा, लाभ होगा।

वृश्चिक- पारिवारिक वातावरण आनंदमय रहेगा। आर्थिक स्थिति काफी सुदृढ़ रहेगी। स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा।

धनु- उच्च अध्ययन या नए कौशल सीखने की प्रेरणा मिलेगी। व्यापार में नया निवेश मनमुताबिक लाभ देगा।

मकर- संतान के कार्यों से मन हर्षित रहेगा। धन आगमन के रास्ते सुगम होंगे। भगवान विष्णु का ध्यान करें।

कुंभ- सेहत बहुत अच्छी रहेगी, ताजगी रहेगी। भगवान विष्णु का ध्यान करें।

मीन- व्यापारिक विस्तार के नए विचार सूझेंगे। परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

समसामयिक

देश आखिर कब जानेगा चीनी घुसपैठ का सच ?



तनवीर जाफरी (दैनिक अवन्तिका)

भारत और चीन के बीच लगभग 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा अर्थात एल ए सी पर सीमा विवाद है। भारत सरकार के आधिकारिक आंकड़ों और विभिन्न रक्षा व कूटनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, चीन पर भारत के मुख्य रूप से पश्चिमी, मध्य और पूर्वी तीन सेक्टर्स में अवैध कब्जा करने या बार-बार घुसपैठ करने के आरोप लगते रहे हैं। इनमें पश्चिमी सेक्टर यानी लद्दाख क्षेत्र वर्तमान में सबसे अधिक संवेदनशील है, जहाँ चीन ने बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा कर रखा है और लगातार घुसपैठ की कोशिशें करता रहता है। इसमें चीन जम्मू-कश्मीर/लद्दाख के लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र यानी अक्साई चिन पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए है। पैंगोंग त्सो नामक 134 किलोमीटर लंबी झील के फिंगर एरिया 1 से 8 पर दोनों देशों की अलग-अलग धारणा है। जून 2020 के तनाव के दौरान चीनी सैनिकों पर फिंगर 4 तक भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने का आरोप लगा था। इसी तरह गलवान घाटी में जून 2020 में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें 20 भारतीय जवान शहीद हुए थे। उस समय भी चीन पर इस रणनीतिक घाटी में अपनी स्थिति आगे बढ़ाने का आरोप लगा था।इसके अतिरिक्त इसी पश्चिमी सेक्टर के डेपसांग मैदानी इलाके में और डेमचोक क्षेत्रों में भी चीनी सेना द्वारा भारतीय गश्ती दलों को रोकने और एलएसी के निकट टेंट गाड़ने के आरोप समय-समय पर लगते रहे हैं।

इसके अलावा देश के पूर्वी सेक्टर यानी अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम क्षेत्र में चीन की दावेदारी और घुसपैठ दोनों भारत के लिये गंभीर चिंता का विषय है। चीन तो पूरे अरुणाचल प्रदेश को 'दक्षिणी तिब्बत' (जांगनान) कहता है और भारत के इस अभिन्न अंग पर अपना दावा ठोकता है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र में दिसंबर 2022 में यांगत्से के पास और हाल ही में तक्सिंग क्षेत्र के पास चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय सीमा में घुसने के प्रयास किए गए, जिन्हें भारतीय सेना ने विफल कर दिया। जबकि स्थानीय विपक्ष और अनेक रिपोर्टों में चीन द्वारा कुछ किलोमीटर अंदर तक अस्थायी टेंट लगाने के आरोप भी लगाए गए हैं। चीन पर आरोप है कि उसने एलएसी के बेहद करीब या विवादित क्षेत्रों में 'मॉडल विलेज' और सड़कें बना ली हैं। इसके जवाब में भारत ने भी हाल ही में चीन द्वारा दावा की जाने वाली 28 जगहों के नाम आधिकारिक तौर पर निर्धारित कर अपनी स्थिति मजबूत की है।

सिक्किम सीमा पर स्थित नाकु ला दर्रे के पास भी चीनी सैनिकों द्वारा सीमा लांघने और भारतीय सेना के साथ आमने-सामने होने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। मध्य सेक्टर के उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश इलाकों के भारत चीन सीमा क्षेत्रों को तुलनात्मक रूप से शांत माना जाता है, लेकिन यहाँ भी चीनी घुसपैठ के आरोप लगते रहे हैं। मिसाल के तौर पर उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बाराहोती चरागाह क्षेत्र में चीनी सैनिकों और नागरिकों द्वारा एलएसी पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने और बुनियादी ढाँचे को नुकसान पहुँचाने के आरोप कई बार लगे हैं। समय-समय पर चीन द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा की यथास्थिति को बदलने और नए क्षेत्रों पर दावा ठोकने के आक्रामक प्रयास भी जारी रहते हैं। गत 22 अक्टूबर 2026 को राजस्थान के अलवर में आईटीबीपी के 'हिमवीर सम्मान समारोह' के दौरान महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर ने अपने सैनिकों को संबोधित करते हुए यह स्वीकार भी किया कि अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर कई स्थानों पर चीनी सैनिकों के साथ आमने-सामने की स्थिति बनी हुई है और यह गतिरोध लगातार जारी है। उन्होंने एक व्यावहारिक और गंभीर सैन्य आकलन देते

टूथब्रश किसी से न करें शेयर, ब्रेन को करता है इफेक्ट

मैनिजाइटिस दिमाग से जुड़ी बीमारी है। यह ब्रेन को इफेक्ट करता है। मैनिजाइटिस में ब्रेन के साथ-साथ रीढ़ की हड्डी के आसपास जो लिक्विड और झिल्लियां होते हैं। उसमें सूजन आ जाते हैं। इन झिल्लियों को मेनिन्जेस कहते हैं। मैनिजाइटिस में होने वाले सूजन ज्यादातर सिरदर्द, बुखार और गर्दन के अकड़न पैदा करते हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इसकी शुरूआती कैसे होती है। साथ ही यह भी जानेंगे कि इससे बचने का क्या तरीका है?

मैनिंजाइटिस का कारण

बैक्टीरियल मैनिंजाइटिस में बैक्टीरिया खून में चला जाता है जिसके कारण दिमाग और रीढ़ की हड्डी तक पहुंच जाता है। बैक्टीरियल मैनिंजाइटिस के कई कारण होते हैं। इसके कारण बैक्टीरियल साइनस और निमोनिया भी हो सकता है।

क्रोनिक मैनिंजाइटिस

क्रोनिक मैनिंजाइटिस काफी लंबे समय तक शरीर में रहता है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस यह धीरे-धीरे पूरे शरीर को अपना शिकार बना लेता है। यह दिमाग और रीढ़ की हड्डियों के पास की झिल्लियों को काफी ज्यादा



प्रभावित करता है। क्रोनिक मैनिंजाइटिस होने में दो सप्ताह या उससे अधिक दिन का वक्त लग सकता है। इसके अलावा ये इन्फ्लूएंजा वायरस की वजह से भी हो सकता है। और फिर आपके ब्रेन तक पहुंच सकता है।

मैनिंजाइटिस के कारण

मैनिंजाइटिस के कई कारण हो सकते हैं। जब बच्चा मां के पेट में रहता है और उस वक्त अगर ठीक से ख्याल न रखा जाए जो फीटल के जरिए हर्पीस सिम्प्लेक्स वायरस, एचआईवी, मम्प्स वायरस, वेस्ट नाइल वायरस मैनिंजाइटिस हो सकता है।

मैनिंजाइटिस के लक्षण

मैनिंजाइटिस होने पर शरीर में कई तरह के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। जैसे- तेज बुखार, ब्रेन में इंफेक्शन। इसके अलावा रीढ़ की हड्डी में सूजन, सिर में दर्द रहना, गले में अकड़न, उल्टी, दौरे पड़ना, भूख न लगना और भी कई सारे लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

मैनिंजाइटिस से बचना है तो करें ये काम

मैनिंजाइटिस से बचना है तो हाइजीन का खास ख्याल रखें। जैसे- हाथों की सफाई करना, खांसने और छींकने के दौरान मुंह को कवर करना। बैक्टीरिया या वायरस आपके मुंह में घुस तो नहीं रहा है इसका ख्याल रखना। खांसने, छींकने, किस करने या खाने के बर्तन, टूथब्रश या सिगरेट शेयर करने के कारण भी मैनिंजाइटिस बढ़ सकता है। साथ ही छोटे बच्चों के इसका टीका जरूर लगवाएं।

धर्म-आस्था

प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा का वैश्विक सम्मान



महेन्द्र तिवारी (दैनिक अवन्तिका)

भारतवर्ष की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और दार्शनिक विरासत अत्यंत प्राचीन और बहुआयामी है। हाल ही में इस समृद्ध परंपरा को वैश्विक स्तर पर एक नई और ऐतिहासिक पहचान प्राप्त हुई है। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय समिति की बैठक में यह अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि भारत की तीन महान और प्राचीन रचनाओं को एशिया प्रशांत क्षेत्र के विश्व स्मृति पटल पर अंकित किया जाएगा। इस निर्णय के साथ ही अब इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सूची में भारत की कुल छह रचनाएं सम्मिलित हो गई हैं। यह सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए असीम गौरव और हर्ष का विषय है। यह मान्यता इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि भारत का बौद्धिक अन्वेषण और चिंतन सम्पूर्ण मानव जाति के लिए असीमित महत्व रखता है।

इन तीनों ग्रंथों का चयन केवल उनके प्राचीन होने के कारण नहीं किया गया है। इनका चयन इसलिए हुआ है क्योंकि इनमें निहित ज्ञान, दर्शन और नीतियां आज के आधुनिक युग में भी पूरी तरह से प्रासंगिक हैं। ये ग्रंथ मानव सभ्यता को सही मार्ग दिखाने वाले प्रकाश स्तंभ की तरह हैं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे भारत के संस्कृति मंत्रालय और विशेष रूप से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र का अथक और निरंतर प्रयास रहा है। इस संस्थान के सदस्य सचिव डॉक्टर सच्चिदानंद जोशी और उनके दल ने इन अमूल्य पांडुलिपियों के ऐतिहासिक महत्व को विश्व पटल पर अत्यंत तार्किक और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी इसी लगन और भगीरथ प्रयास के कारण ही राष्ट्र को यह सफलता प्राप्त हो सकी है।

इस सूची में सम्मिलित होने वाली पहली महान रचना महाकवि कल्हण द्वारा रचित राजतरंगिणी है। बारहवीं शताब्दी में रची गई यह कृति केवल कश्मीर घाटी का सामान्य इतिहास नहीं है। यह संपूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप में इतिहास लेखन की एक अत्यंत प्रामाणिक, तटस्थ और वैज्ञानिक पद्धति का प्रतिनिधित्व करती है। प्राचीन काल से ही यह भ्रांति फैली हुई थी कि भारतीयों को अपना इतिहास व्यवस्थित तरीके से लिखना नहीं आता था। कल्हण की राजतरंगिणी इस निराधार भ्रांति को पूरी तरह से नष्ट कर देती है। इस ग्रंथ में प्राचीन राजाओं की वंशावली और उनके उत्थान तथा पतन के कारणों का अत्यंत निष्पक्ष भाव से वर्णन किया गया है। कल्हण ने एक सच्चे इतिहासकार की भांति केवल तत्कालीन शासकों की प्रशंसा ही नहीं की, बल्कि उनकी त्रुटियों और अत्याचारों का भी उल्लेख किया है। यह ग्रंथ उस समय की सामाजिक स्थिति, आर्थिक व्यवस्था और भौगोलिक परिस्थितियों का अत्यंत सजीव चित्र प्रस्तुत करता है। दूसरी महान रचना महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाभारत है। महाभारत को केवल एक महाकाव्य या दो परिवारों के बीच हुए युद्ध की कथा मान लेना इसकी व्यापकता को सीमित करना होगा। यह ग्रंथ वास्तव में मानवीय भावनाओं, धर्म, कर्तव्य, नीति, राजनीति, समाजशास्त्र और दर्शन का एक अनंत सागर है। भारतीय परंपरा में इसे पंचम वेद का दर्जा प्राप्त है। महाभारत मानव मन की गहराइयों, उसकी कमजोरियों और जटिलताओं का जितना सूक्ष्म विश्लेषण करता है, वैसा संसार के किसी अन्य साहित्य में मिलना दुर्लभ है। इस ग्रंथ में मानव जीवन का कोई ऐसा पक्ष नहीं है जिसका वर्णन न हो। यह ग्रंथ सिखाता है कि जब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं और लालच लोक कल्याण पर हावी हो जाते हैं, तो विनाश निश्चित होता है। इसी महाकाव्य में श्रीमद्भगवद्गीता का वह अमूल्य उपदेश समाहित है जो आज भी हर संशयग्रस्त मनुष्य को सही मार्ग दिखाता है। महाभारत का यह सार्वभौमिक संदेश कि धर्म की रक्षा करने पर ही धर्म हमारी रक्षा करता है, आज के संघर्षरत विश्व के लिए संजीवनी के समान है।

तीसरी रचना जिसने वैश्विक पटल पर अपना स्थायी स्थान सुनिश्चित किया है, वह है आचार्य चाणक्य अर्थात कौटिल्य द्वारा रचित अर्थशास्त्र। लगभग तेईस सौ वर्ष पूर्व लिखा गया यह ग्रंथ राज्य संचालन, लोक प्रशासन, कूटनीति, अर्थनीति, न्याय व्यवस्था और सैन्य रणनीति का अमर मार्गदर्शक है। आचार्य चाणक्य ने एक ऐसे मजबूत और कल्याणकारी राज्य की कल्पना की थी जिसमें प्रजा के सुख और हित में ही राजा का सुख निहित होता है। उन्होंने राजा के कर्तव्यों, योग्य मंत्रियों की नियुक्ति, कर प्रणाली और न्याय प्रक्रिया का इतना सूक्ष्म और व्यावहारिक वर्णन किया है कि आधुनिक युग के प्रशासक भी आश्चर्यचकित रह जाते हैं। अर्थशास्त्र केवल कोरे सिद्धांतों की पुस्तक नहीं है, बल्कि यह पूर्ण रूप से व्यावहारिकता पर आधारित नियमावली है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली- 5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग- 2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना- 6151, राजमा- 8926, बटला- 1611-3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्ड- 1,45,500 रवा- 1,45,200 चांदी-टंच- 1,89,000 पाट- 1,88,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

नवजात का शव, जांच में जुटी पुलिस

शाजापुर। शहर के गरासिया घाट पर उस वक्त सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे एक नवजात शिशु का शव पड़ा मिला। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह गरासिया घाट से गुजर रहे राहगीरों ने कुत्तों के मुंह में एक नवजात का शव देखा, इस पर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को अस्पताल पहुंचाया।

बाइक की टक्कर से महिला घायल



शाजापुर। बाइक ने टक्कर मारकर लूना सवार महिला को घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार को मक्सी निवासी मन्नू बाई 60 वर्ष पति भवानीराम लोधी अपने रिश्तेदार के साथ लूना पर सवार होकर नुक्ता कार्यक्रम में शामिल होने छावनी गांव जा रही थी, तभी नेशनल हाईवे-52 रोजवास जोड़ के पास बाइक ने टक्कर मार दी। घटना में मन्नूबाई घायल हो गई जिसे उपचार हेतु शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

शाजापुर। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार को एनएच 52 पर अशोक नगर निवासी बाइक सवार विजेंद्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में विजेंद्र घायल हो गया। घायल के परिजन शिशुपाल के अनुसार वे तीन अलग-अलग बाइक से इंदौर से गुना घूमने जा रहे थे तभी हादसा हो गया। घायल का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

सेवा संकल्प अभियान में छात्रों को प्रोत्साहन देने नोटबुक, पेन बांटे

बोलाई। विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गत दिवस शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोलाई में सेवा संकल्प अभियान के तहत नोटबुक, पेन समेत अन्य अध्ययन सामग्री बांटी गई। यह सामग्री उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने विद्यार्थियों में वितरण के लिए संस्था को उपलब्ध कराई थी। वितरण के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह दिखा। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिरेन्द्र सिंह जादौन, सरपंच ओमप्रकाश नायक, उप सरपंच तोफान सिंह, संस्था प्राचार्य वेर सिंह अलावा, स्कूल स्टाफ, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

150 साल पुरानी गोवर्धन हवेली में पूजा हुई, ठाकुर जी का हुआ विशेष



शाजापुर। शाजापुर में दीपावली के दूसरे दिन पड़वा पर 150 साल पुरानी गोवर्धन हवेली में गोवर्धन यानी श्री गिरिराज पूजा हुई। इस दौरान ठाकुर जी का श्रृंगार किया गया और भक्तों ने भजन गाए। मंदिर समिति ने गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाया। मंदिर के पुजारी ने दूध, शहद और अन्य सामग्री से उसका अभिषेक किया। मंदिर आए श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी नीकुंज मेहता ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा हुई। शाम को अन्नकूट का आयोजन होगा, जिसमें ठाकुर जी को छप्पन भोग लगाया जाएगा।

15 प्रतिष्ठानों से 30 किलो मावा.मिठाई जब्त

प्रतिबंधित मावे से मिठाई बनाने पर संचालक पर एफआईआर दर्ज 10 क्विंटल एनालॉग मावा जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में नयापुरा स्थित न्यू स्वदेशी स्वीट्स एंड नमकीन के संचालक अंकुर जैन के खिलाफ प्रतिबंधित एनालॉग मावे से मिठाइयां बनाने और बेचने पर ##### दर्ज की गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने 5 नवंबर को प्रतिष्ठान से 770 किलो मावा और उससे बनी मिठाइयां जब्त कर नष्ट कराई थीं।

इससे पहले 26 अगस्त को भी यहां 300 किलो मावा और मिठाइयां पकड़ी गई थीं। दोबारा प्रतिबंधित मावा मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर ने नाहर दरवाजा थाने में खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं 51, 52, 55 और इठर की धाराओं 274, 275 के तहत ##### क्रमांक 354/2026 दर्ज कराई है।

दीपावली पर मिलावट की जांच के लिए देवास, टोंकखुर्द, सतवास और हाटपीपल्या में 15 प्रतिष्ठानों की जांच की गई। तीन प्रतिष्ठानों से 25 किलो एनालॉग मावा और एक से 5 किलो मावा बर्फी जब्त की गई। इसकी कीमत करीब 12 हजार रुपए है।

देवास में बालाजी स्वीट्स से मिल्क केक, महेश्वरी स्वीट्स से मावा बर्फी और टोंकखुर्द के राजस्थानी स्वीट्स से मावा व मिल्क केक के नमूने लिए गए। राजस्थानी स्वीट्स में घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर दो सिलेंडर भी जब्त किए गए। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देश पर गठित टीमों ने पांच दिन में 38 प्रतिष्ठानों से 78 नमूने लिए। इस दौरान 4.86 लाख रुपए कीमत का 10.80 क्विंटल एनालॉग मावा और मिठाइयां व 30 लीटर दूध जब्त किया गया।

सभी नमूने जांच के लिए भोपाल की राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट में सामग्री अमानक मिलने पर संबंधित संचालकों पर कार्रवाई होगी।



8 तोला सोना, 75 हजार चोरी में सीसीटीवी में दिखे 3 संदिग्ध, दीवाली मनाने गांव गया था परिवार

देवास। देवास के मोती बंगला इलाके में दीपावली मनाने गांव गए परिवार के घर में चोरी हो गई। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 1:30 बजे तीन संदिग्ध घर में घुसे। वे करीब डेढ़ घंटे तक घर में रहे। चोर 8 तोला से ज्यादा सोने के जेवर और 75 हजार रुपए ले गए। उउळश में तीनों संदिग्ध घर से बाहर निकलते दिखे हैं। निजी कंपनी में काम करने वाले अश्विन विश्वकर्मा ने बताया कि वे शनिवार शाम करीब 6 बजे परिवार के साथ उज्जैन जिले में अपने गांव गए थे। रविवार सुबह पड़ोसियों ने फोन कर घर का गेट खुला होने और चोरी की जानकारी दी। इसके बाद वे देवास पहुंचे। घर के कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। अश्विन किराए के मकान में रहते हैं। चोर मकान मालिक के खाली कमरे से अंदर घुसे और उनके कमरे में पहुंच गए। उन्होंने अलमारी और सामान खंगाला। गुल्लक तोड़कर नकदी निकाल ली। पत्नी के जेवर से भरा बैग भी खाली कर दिया। चोरों ने आर्टिफिशियल ज्वेलरी को हाथ नहीं लगाया। अश्विन के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं। इनमें एक बाहर खड़े होकर निगरानी कर रहा था। जबकि दो घर के अंदर घुसे थे। चोर करीब डेढ़ घंटे तक घर में रहे। वे पत्नी का करीब 2 तोले का हार, डेढ़ तोले की सोने की चेन, सोने की चूड़ियां, अंगूठियां, 18 मंगलसूत्र के मोती सहित 8 तोला से ज्यादा सोने के जेवर और 75 हजार रुपए ले गए। अश्विन ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। कुछ उउळश फुटेज में संदिग्ध दिख रहे हैं। मामले की जांच की जा रही है।

गोवंश ले जा रहे तीन आरोपी पकड़े गए:वाहन सहित तीन आरोपियों को ग्रामीणों ने पकड़ा

शाजापुर । शाजापुर जिले में आवारा गायों को बोलेरो पिकअप में ले जाने की कोशिश कर रहे तीन आरोपियों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। चौथा आरोपी गजेंद्र सिंह राजपूत मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों को देखकर आरोपियों ने दो गायों की रस्सियां काट दीं और वे भाग गईं। फरियादी गौरक्षक मुकेश बंजारा ने पुलिस को बताया कि वह साथी राकेश बंजारा के साथ गांव कांजा के बल्ड़े पर गया था। वहां सफेद बोलेरो पिकअप पहुंची। उसमें चार गायों को भरा जा रहा था। गायों को रस्सियों से बांधा गया था और एक गाय को नीचे दबाकर वाहन में चढ़ाने की कोशिश की जा रही थी। मुकेश और राकेश ने आरोपियों को रोकने की कोशिश की। उन्होंने गांव के विक्रम बंजारा, पप्पू बंजारा और सुनील बंजारा को फोन कर मौके पर बुलाया। ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपियों ने दो गायों की रस्सियां काट दीं। इसी दौरान गजेंद्र सिंह राजपूत भाग गया। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम राहुल गुर्जर, पिता राजाराम गुर्जर, निवासी बक्सुखेड़ी; अनोप गुर्जर, पिता रामसिंह गुर्जर, निवासी एनावद, थाना सोनकच्छ, जिला देवास; और रविंद्र राजपूत, पिता भंवरसिंह राजपूत, निवासी एनावद, थाना सोनकच्छ, जिला देवास बताए। फरार आरोपी गजेंद्र राजपूत, पिता रतनसिंह राजपूत, निवासी कांजा, शाजापुर है। ग्रामीण और गौरक्षक तीनों आरोपियों, बोलेरो पिकअप और गायों को लेकर थाने पहुंचे।

अकोदिया क्षेत्र में गोवर्धन के साथ हुई गोमाता की पूजा

भगवान को लगाया भोग, गायों को सजाकर छाबड़ा खिलाया, ढोल-डीजे पर निकाली हिट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया



अकोदिया क्षेत्र में पांच दिवसीय दीपावली पर्व के दूसरे दिन सोमवार को गोवर्धन पूजा मनाई गई। दोपहर 12 बजे से घरों, मंदिरों और गौशालाओं में पूजा शुरू हुई। महिलाओं ने घरों के बाहर गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाई और पूजा की। परिवारों ने सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

ग्रामीण इलाकों में सुबह से गायों को नहलाकर सजाया गया। उन्हें रंग-बिरंगे आभूषण और फूल-मालाएं पहनाई गईं। परिवारों ने गायों की पूजा और आरती की, फिर उन्हें छाबड़ा खिलाया। दास्तांखेड़ी, गुलाना और पोलाय खुर्द की गौशालाओं में भी पूजा हुई। गौसेवकों और ग्रामीणों ने गायों की पूजा कर उन्हें छाबड़ा खिलाया।

गांवों में परंपरा के अनुसार ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने मिलकर गायों का श्रृंगार किया। छाबड़े की पूजा के बाद गायों को अलग-अलग छाबड़े खिलाए गए। फिर गायों की हिट निकाली गई। इस दौरान ग्रामीण ढोल और डीजे की धुन पर थिरके। सजी गायों को देखने के लिए महिला, पुरुष और बच्चे जुटे।

ग्रामीणों ने परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छी फसल और खुशहाली की कामना के साथ पर्व मनाया। उनके अनुसार, गोवर्धन पूजा पर गायों की पूजा ग्रामीण संस्कृति और धार्मिक आस्था से जुड़ी है। पूरे क्षेत्र में सुबह से उत्सव का माहौल रहा।

मोहन बड़ोदिया में शॉर्ट सर्किट से फैली आग में 4 गुमटियां जलीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर के मोहन बड़ोदिया में दीपावली की दरमियानी रात करीब 1 बजे नलखेड़ा रोड पर पुरानी जनपद पंचायत के सामने सड़क किनारे रखी गुमटियों में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि गुमटियों के अंदर रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। राहगीरों ने डायल 112 और दमकल टीम को सूचना दी। इसके बाद बड़ागांव से दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

स्थानीय लोगों ने भी बुझाने का किया प्रयास

आग लगने की सूचना मिलते ही वार्ड 18 के पंच मोहित सोनी, स्थानीय नागरिक और मोहन बड़ोदिया पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें तेज होने के कारण वे आग पर काबू नहीं पा सके। इसके बाद बड़ागांव से दमकल वाहन बुलाया गया। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। हालांकि, तब तक गुमटियों में रखा सामान जल चुका था।

मोहन बड़ोदिया में दमकल वाहन की मांग

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि मोहन बड़ोदिया में आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए दमकल वाहन की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में आग लगने पर दूसरे स्थानों से दमकल बुलानी पड़ती है और समय पर मदद मिलने में देरी हो सकती है। रहवासियों ने प्रशासन से नगर में दमकल वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में आगजनी की घटनाओं पर समय रहते काबू पाया जा सके।

खातेगांव टीआई हत्याकांड के आरोपी की ब्रेन स्ट्रोक से मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव



टीआई प्रभारी दिलीप पुरी की हत्या के मामले के आरोपी अहमदाबाद निवासी मोहिन जायसवाल का रविवार को निधन हो गया। उसे दो दिन पहले तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुरूआती जानकारी के अनुसार, उसे ब्रेन स्ट्रोक आया था। आरोपी शराब ठेके में 30 प्रतिशत का हिस्सेदार बताया जा रहा था। मामले की जांच कर रही एसआईटी में शामिल कन्नौद एसडीओपी आदित्य तिवारी ने उसकी मौत की पुष्टि की है। सोमवार को उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

दो दिन से अस्पताल में था भर्ती

जानकारी के मुताबिक, दो दिन पहले मोहिन की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार, गुजरात में मौजूद पुलिस की टीमें पिछले दो दिनों से उस पर निगरानी रख रही थीं। पुलिस को उसकी तबीयत खराब होने की जानकारी भी थी। फिलहाल उसकी मौत के कारण और इलाज से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

दिलीप पुरी की मौत के मामले में पुलिस अवैध शराब कारोबार से जुड़े नेटवर्क की जांच कर रही थी। इसी दौरान अहमदाबाद निवासी मोहिन जायसवाल का नाम सामने आया था। वह मामले का आरोपी था और शराब ठेके में उसकी 30 प्रतिशत हिस्सेदारी बताई जा रही थी। पुलिस कारोबार से जुड़े लोगों की भूमिका, आपसी लेनदेन और नेटवर्क के संबंधों की पड़ताल कर रही थी। दिलीप पुरी की मौत के बाद मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई थी।

देवास में दिवाली की रात दो जगह लगी आग

आतिशबाजी के दौरान अग्रवाल कोल्ड ड्रिंक दुकान में भड़की आग, पास का मकान भी चपेट में आया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास के जवाहर चौक इलाके में दीपावली पर आतिशबाजी के दौरान आग लगने की दो घटनाएं हुईं। पहली आग रविवार रात करीब पौने 11 बजे जनता बैंक के पास अग्रवाल कोल्ड ड्रिंक की दुकान में लगी। आग इतनी तेजी से फैली कि फायर ब्रिगेड की टीम को इसे बुझाने में दो घंटे से ज्यादा समय लगा। इसके बाद पास के पुराने लकड़ी के मकान में भी आग लग गई। दोनों घटनाओं से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

फ्रीज व अन्य सामान जला

आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के लोग भी जमा हो गए और आग बुझाने में मदद करने लगे। विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सीएसपी समेत पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा।

शुरूआती जानकारी के मुताबिक, दोनों जगह आतिशबाजी के दौरान आग लगी। फायर ब्रिगेड ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया और उसे आसपास की दुकानों और मकानों तक फैलने से रोका। अग्रवाल कोल्ड ड्रिंक की दुकान में फ्रीज समेत अन्य सामान जल गया। नुकसान का सही आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है।

लकड़ी का मकान भी चपेट में आया

दुकान के पास स्थित पुराने लकड़ी के मकान में भी आग लग गई। यह मकान खाली था और वहां कोई नहीं रहता था। दोनों जगह आग लगने की सूचना पर पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर मौजूद रहीं। सीएसपी सुमीत अग्रवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई।

माता टेकरी पर रंगोली सजाकर मनाई दीपावली, पुजारियों ने जलाई फुलझड़ियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



जरूरतमंद बच्चों को मिठाई और पटाखे बांटकर बांटी खुशियां

देवास में दीपावली पर शहरभर में उत्साह और खुशियों का माहौल रहा। माता टेकरी के बड़ी माता और छोटी माता मंदिर में पुजारियों ने आरती और पूजा-अर्चना के बाद फुलझड़ियां जलाकर दीपोत्सव मनाया। वहीं, सामाजिक संस्थाओं ने जरूरतमंद बच्चों के बीच मिठाई और पटाखे बांटकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। रात में लोगों ने घरों और प्रतिष्ठानों में शुभ मुहूर्त में पूजन किया। इसके बाद आतिशबाजी से आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा।

माता टेकरी पर पुजारियों ने मनाया दीपोत्सव

माता टेकरी स्थित बड़ी माता मंदिर में दीपावली पर रंगोली सजाई गई। पुजारियों ने फुलझड़ियां जलाकर उत्सव मनाया। आयोजन में पुजारी मुकेश नाथ सहित कई पुजारी मौजूद रहे। मुकेश नाथ ने बताया कि दीपावली पर मां के दरबार में पूरे विश्व और प्रदेश की मंगलकामना की गई। सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली बनी रहे, इसी कामना के साथ उत्सव मनाया गया।

छोटी माता मंदिर यानी मां चामुंडा माता के परिसर में भी दीपावली मनाई गई। आरती के बाद फुलझड़ियां जलाई गईं। इसमें पुजारी परिवार शामिल हुआ। पुजारी विनय नाथ ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी आरती के बाद आयोजन किया गया। पुजारी परिवार ने मां के दरबार में पूजा-अर्चना कर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की।

जरूरतमंद बच्चों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

आतिशबाजी से जगमगाया आसमान

रात में शहरभर में लोगों ने घरों और प्रतिष्ठानों में शुभ मुहूर्त में पूजन-अर्चन किया। इसके बाद जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। खासकर बच्चों में पटाखे चलाने और त्योहार मनाने को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।

शहर में विभिन्न संस्थाओं और सामाजिक संगठनों ने जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचकर दीपोत्सव मनाया। इसी क्रम में संस्था श्री विश्व राजा ने एबी रोड स्थित जुड़ियो शोरूम के पास बस्ती में 'आओ खुशियां बांटें हम' अभियान के तहत बच्चों के साथ दीपावली मनाई। कार्यक्रम में विधायक गायत्री राजे पवार भी शामिल हुईं। बच्चों को मिठाई और पटाखे वितरित किए गए।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी मलखान सिंह पिता श्याम सिंह निवासी ग्राम उटेसरा कृषक ग्राम भूतिया तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 317/1/2 रकबा 0.20 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.20 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम भूतिया तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 09-11-2026

राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)
तह कार्यालय ग्राम घटिया जिला उज्जैन
मो.नं. 8719997462, 9584898788

जाहिर सूचना

सर्व साधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता भूरे खां पिता यासीन खॉ जाति बिरगोदानाथु तहसील बडनगर जिला उज्जैन के मालकी एवं आधिपत्य की भुमि सर्वे नम्बर 268/1 रकबा 0.21 सर्वे नम्बर 269/1 रकबा 0.34 सर्वे नम्बर 267/2 रकबा 0.26 सर्वे नम्बर 270 रकबा 0.25, सर्वे नम्बर 272 रकबा 1.78 मे से रकबा 0.14 कुल किता 05 कुल रकबा 1.20 भूमि ग्राम बिरगोदानाथु तहसील बडनगर मे स्थित होकर उपरोक्त भूमि को बिकी करने का सोदा किया गया है तथा विकेता ने मेरे पक्षकार से बयाने की राशि प्राप्त कर ली है तथा उक्त भूमि का विकय पत्र सम्पादित किया जाना है उक्त भूमि पर शासकिय, अर्दशासकिय वित्तय संस्था का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी पक्ष व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहीर सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय मे आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा अवधी समाप्त होने के बाद उक्त भूमि का विक्रय पत्र सम्पादित करा दिया जायेगा बाद मियाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी । सुचित हो दिनांक 08/11/2026

पन्नालाल त्रिवेदी अभिभाषक
बडनगर विकास त्रिवेदी (से.प्र.) कोर्ट परिसर बडनगर
मोबा 8871902775

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता श्रीमती विभा भार्गव पति श्री राकेश भार्गव, मोबाईल नंबर- 93404544445 ने भू-स्वामीगण जीवन पिता श्री सेवाराम जी व शान्तिबाई पति स्व. श्री सेवाराम जी निवासीगण ग्राम कोल्हूखेड़ी, (कस्बा उज्जैन) जिला उज्जैन (म.प्र.) स्थित आवासीय व्यपवर्तित भूमि सर्वे क्रमांक 58/1 में से प्लॉट क्रमांक-4, जिसका क्षेत्रफल 50X50 फीट कुल 2500 वर्गफीट लगभग है, पश्चिममुखी भूखण्ड क्रय करने का विक्रय अनुबंध-पत्र कर लिया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री कराना बाकी है। उक्त भूखण्ड की पैमाईश लम्बाई 50 फीट एवं चौड़ाई 50 फीट तथा चतुःसीमा में पूर्व की ओर अन्य की भूमि, पश्चिम की ओर- रास्ता, उत्तर की ओर-प्लॉट क्रमांक 3 एवं दक्षिण की ओर प्लॉट क्रमांक 5 स्थित है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति किसी भी बैंक, पेढ़ी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 07-11-2026 स्थान उज्जैन

गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट
दुकान नंबर- डीएफ-7, भरतपुरी शॉपिंग कॉम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन
मोबाईल नंबर- 99260-68606

दिलजीत के इंदौर कॉन्सर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

ग्वालियर। ग्वालियर हाईकोर्ट की ई-मेल आईडी पर दो दिन पहले एक धमकी भरा मेल आया है। इस मेल में 15 नवंबर को पंजाबी सिंगर 'दिलजीत दोसांझ' के इंदौर में होने जा रहे कॉन्सर्ट में मंच को आईईडी (बम) से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह मेल दो दिन पहले आया है। जिसको लेकर ग्वालियर पुलिस व भोपाल एसटीएफ हरकत में आ गए हैं। पुलिस मेल के बाद अलर्ट मोड पर आ गई है। पुलिस ने न्यायालय और जजों के बंगलों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। धमकी भरे मेल आने की पुष्टि ग्वालियर एसपी सुतकीर्ति सोमवंशी ने की है। मेल जिस आईपी एड्रेस से किया गया है, वह विदेशी नेटवर्क बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले को डी-कोड करने का प्रयास कर रही है। ग्वालियर हाईकोर्ट की ई-मेल आईडी पर धमकी भरा मेल आया है। इसमें दिलजीत दोसांझ के इंदौर में होने जा रहे कॉन्सर्ट में मंच को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ग्वालियर हाईकोर्ट की ई-मेल आईडी पर धमकी भरा मेल आया है।

महानदी में गिरी कार, परिवार के 4 लोगों की मौत

गरियाबंद (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में दीपावली की देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। राजिम के टीला एनीकट में कार बेकाबू होकर महानदी में गिर गई। हादसे में कार सवार पत्रकार पति-पत्नी और उनके 2 बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में 21 साल की बेटी और 19 साल का बेटा शामिल हैं। परिवार फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के पसौद गांव का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक सभी ने रायपुर में दिवाली मनाई। इसके बाद त्योहार मनाने अपने गांव लौट रहे थे। हादसा रात 11 बजे से 2 बजे के बीच हुआ है। हादसे वाली जगह से गांव की दूरी महज 3 किलोमीटर थी। वहां पहुंचने में करीब 10 मिनट का समय लगता। घटना गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, परिवार दीपावली मनाने रायपुर से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान देर रात राजिम के टीला एनीकट के पास कार नदी में गिर गई। हालांकि, हादसा कैसे हुआ इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।

सोफे से गिरी 11 माह की बच्ची, सिर में घुसा तार

जबलपुर। कटनी जिले के बाकल गांव में खेलते समय सोफे से गिरी 11 माह की बच्ची के सिर में खिलौने में लगा तार घुस गया। तार करीब दो इंच सिर के अंदर चल गया। जिससे सिर की हड्डी डैमेज हुई है। बच्ची के सिर से तेजी से खून बहने लगा। गंभीर हालत में परिजन उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों की टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक ऑपरेशन कर तार बाहर निकाला और बच्ची की जान बचा ली। फिलहाल बच्ची स्वस्थ है और डॉक्टरों की निगरानी में है। घटना शनिवार शाम की है। 11 माह की आरवी सोफे पर बैठकर खेल रही थी। पास ही प्लास्टिक के खिलौने रखे थे। अचानक बच्ची सोफे से नीचे गिर गई। इस दौरान खिलौने में लगा करीब 1 सेंटीमीटर मोटा लोहे का तार उसके माथे में घुस गया। बच्ची के सिर से खून बहता देख मां उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंची। हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। रात करीब 11 बजे परिजन उसे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

सरकारी नौकरी नहीं मिली तो फर्जी अफसर बन गया

मथुरा मथुरा पुलिस ने एक फर्जी श्रेष्ठ अफसर को गिरफ्तार किया है। वह पिछले 2 साल से खुद को प्रवर्तन निदेशालय का अफसर बताकर व्यापारियों और अधिकारियों पर रौब जमा रहा था। सोमवार दोपहर वह नीली बत्ती लगी फॉक्सवैगन कार लेकर सीओ ऑफिस जा पहुंचा। बातचीत के दौरान पुलिस को उस पर शक हो गया। पूछताछ में वह घबरा गया और उसकी पोल खुल गई। यह फर्जी ईडी अफसर बनकर लोगों पर रौब जमाने वाला सचिन शर्मा है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। यह फर्जी ईडी अफसर बनकर लोगों पर रौब जमाने वाला सचिन शर्मा है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वह दिवाली के बाद मुझसे मिलने आया था।

लोकसेवक 48 घंटे न्यायिक हिरासत में तो अपने आप सस्पेंड

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है- अगर कोई सरकारी अफसर गिरफ्तार होकर 48 घंटे से ज्यादा न्यायिक हिरासत (जेल) में रहता है, तो उसे अपने आप सस्पेंड माना जाएगा। इसके लिए अलग से कोई सस्पेंशन ऑर्डर निकालने की जरूरत नहीं है

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने 6 नवंबर के आदेश में ये बात कही। मामला बिहार के समस्तीपुर के अस्पताल प्रशासक के रिश्वत कांड से जु?ा था।विश्वजीत सिंह पर 36421 रुपए के बकाया वेतन को जारी करने के बदले संविदाकर्मी से 4000 रुपए रिश्वत मांगने का आरोप है।कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट का वह आदेश रद्द कर दिया, जिसमें करीब एक साल बाद उनकी जमानत रद्द की डुगई थी।

कैंसर की 137 दवाएं आज से सस्ती, सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। कैंसर की 137 दवाएं आज (9 नवंबर) से सस्ती हो गई हैं। दवा कंपनियों ने 121 दवाओं के 1,364 फॉर्मूलेशन की नई कीमतें जारी की हैं। इनमें 679 ब्रांड की दवाओं के दाम 50 प्रतिशत से ज्यादा घटाए गए हैं। सबसे ज्यादा 96.45 प्रतिशत की कमी की गई है। कीमतें घटने से मरीजों को हर साल करीब 3,540.38 करोड़ रुपए की बचत होने का अनुमान है। दरअसल, 22 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कैंसर की दवाओं की रिटेलर कीमत और मैक्सिमम रिटेल प्राइज यानी के बीच के मार्जिन पर सवाल उठाए थे। कोर्ट ने कहा था

दीपावली पर कलेक्टर ने वरिष्ठजनों का लिया आशीर्वाद, बच्चों को वितरित किए उपहार

दैनिक अवन्तिका » गुना

दीपावली के पावन अवसर पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने रविवार गादेर स्थित सहरिया बस्ती एवं कैंट क्षेत्र स्थित आनंदधाम वृद्धाश्रम पहुंचकर बच्चों एवं वरिष्ठजनों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस दौरान उन्होंने सहरिया बस्ती के बच्चों को फुलझड़ियां एवं उपहार वितरित किए तथा आनंदधाम वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और आशीर्वाद प्राप्त किया।

आनंदधाम वृद्धाश्रम में कलेक्टर श्री कन्याल के स्वागत में वरिष्ठजन राधाबाई ने कौन कहता है भगवान आते नहीं... भजन की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कन्याल, एसडीएम गुना श्रीमती शिवानी पाण्डे एवं अन्य उपस्थितजनों ने वरिष्ठजनों को फल एवं मिठाई वितरित की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कलेक्टर कन्याल ने वरिष्ठजनों से कहा कि आपका आशीर्वाद ही हमारे लिए सर्वोपरि है। हमारा जिला विकसित एवं समृद्ध बने, इसके लिए आपका आशीर्वाद सदैव बना रहे। उन्होंने वरिष्ठजनों के साथ समय बिताया और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उप संचालक सामाजिक न्याय रिशु सुमन, तहसीलदार मयंक तिवारी एवं तहसीलदार गुना शहरी श्रीमती आरती गौतम उपस्थित रहीं।





गोवर्धन पर्व पर कैंट गौशाला में विधि-विधान से हुआ पूजन

गुना। जिलेभर में गोवर्धन पूजा पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर की कैंट गौशाला में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधानपूर्वक गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पन्नालाल शाक्य सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया। सभी ने पारंपरिक विधियों के अनुसार गोवर्धन पूजा में सहभागिता की। विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा कि गायों का अच्छे से पालन-पोषण किया जाना चाहिए, ताकि हमारी संस्कृति और परंपराओं का विकास एवं संरक्षण हो सके। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि गोवर्धन पर्व हमारी प्राचीन परंपराओं, प्रकृति, पर्वत और गौवंश संरक्षण का प्रतीक है। यह पर्व मानव और प्रकृति के अटूट संबंध को दर्शाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में रवीन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय गौ-पूजन एवं पशुपालक सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने देखा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, नगर पालिका उपाध्यक्ष धरम सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एसडीएम श्रीमती शिवानी पाण्डे, तहसीलदार मयंक तिवारी, सीएमओ शैलेष अवस्थी उपस्थित रहे।

भाजपा जिला कार्यालय में विधि-विधान से संपन्न हुआ मां लक्ष्मी का पूजन

दैनिक अवन्तिका » गुना

दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश का पूजन कार्यक्रम विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया तथा सभी के सुख, समृद्धि, आरोग्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

पूजन कार्यक्रम में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य सहित उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना में सहभागिता की तथा दीपावली के पावन अवसर पर समाज में सुख-शांति, समृद्धि, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने की कामना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने समस्त जिलेवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि दीपावली भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व हमें प्रकाश, सकारात्मकता, सद्भाव, सेवा एवं सामाजिक एकता के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरि सिंह यादव, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, नपा उपाध्यक्ष धरम सोनी, जिला महामंत्री रविन्द्र रघुवंशी, चंद्र प्रकाश अहिरवार, महेंद्र किरार, शिवपाल परमार, अंकुर श्रीवास्तव, मोहित नामदेव, राजेश साहू, ओम प्रकाश राठौर, परेश भार्गव, रामकुमार शर्मा, नीरज निगम, सुनीता बंजारा, सुनील सोनी, नरेंद्र बड़कुल, रमेश मालवीय, सुरिन्दर सिंह,हरिचरण वर्मा, ओम प्रकाश नरवरिया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देने के साथ हुआ।



बाग मदिरा समूह की कंपोजिट मदिरा दुकानों के लिए पुनर्निविदा आमंत्रित

धार। कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला धार द्वारा जिले के एकल मदिरा समूह बाग (ष्ठ॥क्रस्त्रष्टरु-10) के अंतर्गत आने वाली कंपोजिट मदिरा दुकानों के लिए पुनर्निविदा आमंत्रित की गई है। जारी सूचना के अनुसार, समूह के अंतर्गत आने वाली कंपोजिट मदिरा दुकान बाग क्रमांक-1, बाग क्रमांक-2, टाण्डा एवं रिंगनोद के लिए 4 नवंबर 2026 को प्राप्त ऑफर को होल्ड पर रखा गया है। इसके पश्चात वर्ष 2026-27 की शेष अवधि के लिए ई-टेण्डर तथा ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से पुनर्निविदा आमंत्रित की गई है।

इच्छुक निविदाकार एनआईसी के एमपी टेण्डर पोर्टल पर 11 नवंबर 2026 को दोपहर 1 बजे तक अपने ऑफर प्रस्तुत कर सकते हैं। ई-टेण्डर प्रपत्र, आवश्यक दस्तावेजों एवं निविदा से संबंधित विस्तृत शर्तों की जानकारी कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला धार तथा एनआईसी के एमपी टेण्डर पोर्टल से प्राप्त की जा सकती हैं।

अग्रवाल नवयुवक मंडल ने बस्ती के बच्चों के साथ मनाई दीपावली

उज्जैन। दीपावली पर्व पर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने के उद्देश्य से श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा फ्रीगंज पुल स्थित बस्ती में मुस्कान का पिटारा सेवा कार्य किया गया। मंडल अध्यक्ष दीपेश अग्रवाल के नेतृत्व में समाजजनों ने बस्ती के बच्चों को दीपावली हैंपर वितरित किए। सुबह 11 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में अग्रबंधुओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपने हाथों से बच्चों को उपहार भेंट किए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। आयोजन के अंत में कृष्णा अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नन्हें बच्चों के जीवन में खुशियां बांटने से ही पर्व का वास्तविक आनंद प्राप्त होता है। कार्यक्रम में श्री अग्रवाल पंचायत न्यास के अध्यक्ष निमेश अग्रवाल, सचिव दीपक मित्तल, ट्रस्टी सीए संजय अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल के पूर्व अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल, हरीश मित्तल, प्रतीक अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, आदित्य मंगलम, महेश अग्रवाल फिल्म, मोनिल अग्रवाल, नवीन जैन, पुरुषोत्तम बंसल, संदीप अग्रवाल, डॉ. मनोज अग्रवाल, संदीप बिंदल, राघव अग्रवाल, संस्कार बिंदल, जितेंद्र अग्रवाल, अशोक गोयल मालवा, नरेंद्र गोयल, गौरव अग्रवाल, सोनू गोयल, केतन अग्रवाल, सत्यनारायण गर्ग और विशाल अग्रवाल प्रॉपर्टी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गोवर्धन पूजा 9 को मनाई, बलि प्रतिपदा-सुहाग पड़वा आज

नागदा। दीपोत्सव के बाद आने वाले गोवर्धन पूजा, बलि प्रतिपदा, सुहाग पड़वा एवं भाई दूज के पर्वों को लेकर इस वर्ष तिथियों की विशेष स्थिति बन रही है। पंचांग गणना एवं धर्मशास्त्रीय विधान के अनुसार गोवर्धन पूजा 9 नवंबर, बलि प्रतिपदा एवं सुहाग पड़वा 10 नवंबर तथा भाई दूज 11 नवंबर को मनाना शास्त्रोचित रहेगा। यह जानकारी पर्वों की तिथियों एवं उनके शास्त्रीय आधार पर ब्राह्मण समाज नागदा युवा संस्कार परिवार संयोजक निलेश मेहता द्वारा उपलब्ध कराई गई। सोमवार, 9 नवंबर को सोमवती अमावस्या दोपहर 12ञ32 बजे तक रही। इसके पश्चात कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा प्रारंभ। गोवर्धन पूजा में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण करने की लीला के स्मरण के साथ गौ-पूजन, गोवंश की क्रीड़ा, गो-यात्रा एवं अन्नकूट महोत्सव का विशेष महत्व है। शास्त्रों में गो-क्रीड़ा एवं चंद्र दर्शन संबंधी निर्देशों को ध्यान में रखते हुए 10 नवंबर की शाम चंद्र दर्शन की स्थिति के कारण गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव 9 नवंबर को अमावस्या युक्त प्रतिपदा में करना उचित बताया गया है। गौर तलब है कि नगर के विभिन्न धर्मस्थल सहित महात्मा गांधी मार्ग स्थित श्री बद्री विशाल मंदिर एवं श्री गोवर्धन नाथ जी की हवेली पर सोमवार को विभिन्न आयोजन, दर्शन, परिक्रमा, छप्पन भोग कर गोवर्धन नाथ जी की पूजा एवं अनुकूट महोत्सव सपन्न किया गया।



रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के साथ मनाई दीपावली

गुना। दीपावली के पावन पर्व पर रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारियों ने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं एसडीएम श्रीमती शिवानी पाठक मैडम से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की बधाई देते हुए बुके एवं दीपावली की मिठाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा समस्त पदाधिकारियों को दीपावली की बधाई दी गई एवं जलपान भी कराया गया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के सचिव डा रामवीर सिंह रघुवंशी, आशीष मंगल, नर्मदा शंकर भार्गव, चंद्रेश जैन, डा लखन लाल धाकड, प्रदीप जैन, विकास सोनी एवं रेड क्रॉस सोसायटी का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

दीपावली के अवसर पर ट्रैनक्रू मेंबर का दीपावली पर भव्य आयोजन



दैनिक अवन्तिका » गुना

दीपावली के अवसर पर ट्रैन क्रू मेंबर द्वारा दीपावली का आयोजन किया गया। यह आयोजन पिछले 3 वर्ष से गुना रनिंग रूम इंचार्ज अशोक कुमार अहिरवार द्वारा आयोजित करवाया जा रहा है।

जिसका उदेश्य उन सभी ट्रैन क्रू मेंबर को घर से दूर दीपावली जैसा माहौल उपलब्ध कराना है। यह वही क्रू मेंबर हैं जिन्होंने अपनी ड्यूटी के लिए घर पर छुट्टी मनाने की जगह कर्ज को चुना। इनके इसी जिम्मेदारी और त्याग के लिए रनिंग रूम में दीपावली का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर रनिंग रूम में कार्य करने वाले सभी रनिंग रूम कर्मचारियों को उपहार और मिठाई के पैकेट का वितरण किया गया।

श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में मना भगवान महावीर का निर्वाण उत्सव

उज्जैन। सोमवार को भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण उत्सव (मोक्ष कल्याणक) श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर में विशेष अनुष्ठान हुए। प्रात:काल भगवान के अभिषेक, शांतिधारा और नित्य नियम पूजन के पश्चात समाजजनों ने जयकारों के साथ प्रभु के चरणों में निर्वाण लाडू समर्पित किया। अरविंद नगर स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में अभय जैन मामा, मनीष कोठारी सहित समाजजनों ने निर्वाण लाडू चढ़ाया। इसके पूर्व उत्तराध्ययन सूत्र के मंगलमय श्रवण के साथ प्रभु की विशेष भक्ति, देववंदन और निर्वाण कल्याणक की आराधना हुई। निर्वाण कल्याणक के मुख्य अनुष्ठान के तहत प्रात: 6: 30 बजे जिन मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री महावीर स्वामी के चरणों में भक्ति भाव से निर्वाण लाडू अर्पित किया इस अवसर पर पूजा-अर्चना और संगीतमय भक्ति संध्या का आयोजन भी रखा गया। यहां पर आचार्यदेव श्रीमद् विजय वीररत्नसूरीश्वरजी एवं आचार्यदेव श्रीमद् विजय जितेन्द्रसूरीश्वरजी के दिव्य सान्निध्य और श्रीमद् विजय पद्मभूषणरत्नसूरीश्वरजी, पंन्यास प्रवर ऋषभरत्नविजयजी महाराजा एवं साध्वी भक्तिरेखा श्रीजी आदि ठाणा के शुभ सान्निध्य में आलोकिक चातुर्मास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष ओम जैन विशेष रूप से मौजूद थे। धर्मसभा में जैन आगम के महत्त्वपूर्ण ग्रंथ उत्तराध्ययन सूत्र के 25 वें से 36 वें अध्ययन तक के अंतिम 12 अध्यायों का विवेचन किया गया। इन अंतिम 12 अध्ययनों में यज्ञ, साधुचर्या, मोक्षमार्ग, सम्यक्त्व, तप, कर्मसिद्धांत, लेश्या तथा जीव-अजीव तत्त्वों का बहुत ही सुंदर और जीवनोपयोगी वर्णन किया गया है। इस के अंतर्गत यज्ञीय अध्ययन के माध्यम से वास्तविक यज्ञ का सच्चा स्वरूप समझाते हुए बताया गया कि सच्चा यज्ञ बाहरी आहुतियों से नहीं, बल्कि अपने भीतर छिपे राग-द्वेष, क्रोध, मान, माया और लोभ जैसी आंतरिक बुराइयों की आहुति देने से ही सिद्ध होता है। समाचारी अध्ययन में साधु जीवन की दैनिकचर्या, गुरु आज्ञा का पालन और संयमपूर्ण आचरण की महत्ता पर प्रकाश डाला गया।

धानमंडी स्थित प्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर का आकर्षक श्रृंगार

दैनिक अवन्तिका » बड़नगर

हर तरफ खिले चेहरे, सजीले घर-आंगन, पकवानों की महक, पटाखों की गूंज, दीया और विद्युत सज्जा की जगमग। मन को आनंदित और उल्लासित कर देने वाला यह मन भावन नजारा रविवार को दीपावली पर हर तरफ दिखाई दिया। दिनभर चली तैयारियों के बाद शाम होते ही मंगल मुहूर्त में महालक्ष्मी के पूजन का दौर शुरू हुआ। इसके बाद पटाखे गूंज उठे तो आसमान आतिशबाजी के रंगीले नजारों से पट गया।

महालक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए धानमंडी स्थित महालक्ष्मी मंदिर में दिन भर दर्शन, वंदन, पूजा, अनुष्ठान का दौर चलता रहा। महालक्ष्मी के स्वागत में महिलाओं ने दरवाजों पर वंदनवार सजाई। शाम को शुभ मुहूर्त में नए वस्त्र, आभूषण धारण कर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा की। आरती के बाद माता के जयकारें की गूंज के साथ ही बच्चे पटाखे लेकर बाहर की और दौड़ पड़े और जमकर आतिशबाजी की। फूलझड़ी जहां दीपावली को रोशन कर रही थी तो बम धमाके हर्ष का शंखनाद कर रहे थे। आतिशबाजी का यह क्रम देर रात तक चलता रहा। इस दौरान छोटो ने बड़े के पैर छूकर आशीर्वाद लिया तो दोस्तों ने गले मिलकर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया।

विधायक पंड्या ने दुकान-दुकान जाकर व्यापारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल बड़नगर द्वारा सोमवार को दीपावली के अवसर पर नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात्रि 8 बजे 'सेवा सदन', शिवाजी पथ पर भाजपा पदाधिकारी एकत्रित हुए। विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर भ्रमण कर नगरवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दुकान-दुकान पहुंचकर व्यापारियों से मिलकर दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित है।





त्योहार पर पुलिस रही मुस्तैद

पर्व पर प्रमुख बाजारों में पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर व पुलिस जवान तैनात कर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी।

न्यूज-कॉलम

नपाध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा द्वारा दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं

नीमच। नगर पालिका परिषद नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने समस्त शहर वासियों को दीपोत्सव पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। अपने शुभकामना संदेश में श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि दीपोत्सव का यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, ज्ञान और आरोग्य का दीप प्रज्जवलित कर सभी के जीवन को उन्नति के पथ पर अग्रसर करें। श्रीमती चोपड़ा ने सभी शहर वासियों से दीपोत्सव का यह पर्व हर्ष और उल्लास के साथ पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ स्वच्छता की दीपावली के रूप में मनाने का भी अनुरोध किया है।

महिला का मोबाइल हैक कर ऑनलाइन ठगी, मामला दर्ज

मंदसौर। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहाँ एक अज्ञात आरोपी ने वृद्ध महिला का मोबाइल फोन हैक करके उनके बैंक खाते से ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार, प्रताप कालोनी नई आबादी मंदसौर निवासी 65 वर्षीर्या मधु चोरडिया पति शांति कुमार चोरडिया ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार 31 अक्टूबर 2026 की दोपहर 3.20 से 4 बजे के बीच उनके घर पर अज्ञात आरोपी द्वारा उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया गया और खाते से ऑनलाइन राशि की धोखाधड़ी की गई। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस एवं 420 भादवि के अंतर्गत कायमी कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह के निर्देश पर मामले की विवेचना प्रधान आरक्षक (158) विनोद नामदेव द्वारा की जा रही है। पुलिस साइबर सेल की मदद से अज्ञात ठग की तलाश में जुटी है। वृंदावन गौशाला चल्दू में मनाई जिला स्तरीय गोवर्धन पूजा

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ गोवर्धन एवं गौ-माता का पूजन

नीमच। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन तथा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में गोवर्धन पूजा के अवसर पर ग्राम चल्दू स्थित वृंदावन गौशाला में जिला स्तरीय गोवर्धन पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक गोवर्धन एवं गौ-माता का पूजन किया गया। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने गौ-माता का पूजन-अर्चन कर गौवंश को गुड़ एवं हरा चारा खिलाया।इस अवसर पर भोपाल के रवीन्द्र भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणजनों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को देखा और सुना।

उमंग और उल्लास के साथ मनाया दीपों का पर्व दीपावली

खरगोन। दीपों का त्यौहार दीपावली शहर सहित समूचे अंचल में उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। दीपावली के दिन सुबह से ही व्यापार-व्यवसाय में उठाव शुरू हो गया था। धनतेरस के बाद से बाजार में जो रौनक बनना शुरू हुई वही दीपावली की शाम तक बाजार में बनी रही। दीपोत्सव पर लोगों ने अपने घरों को केले के पत्तों आम के पत्तों और पुष्प मालाओं से खूब सजाया। मुहुर्त के अनुसार धन की देवी महालक्ष्मी की पूजन-अर्चन की गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खुशी की लहर बनी रही। पूजन के बाद हर तरफ दीपावली की देर रात तक फटाकों की गूंज गूंजती रही। खुशियों से भरे इस त्योहार के अवसर पर हर घर में दीपोत्सव मनाया गया। वर्ष भर अपने प्रतिष्ठान में कमाई करने वाले व्यापारियों ने अपनी दुकानों में ग्राहकों की भीड़ रहने के बाद भी लक्ष्मी जी को सिंहासन पर विराजमान कर विधि-विधान से पूजन अर्चन की दुकान में ही दीपावली मनाई। इसके बाद घर पहुंच कर घर में भी धन की देवी की पूजन की। इसके अलावा राजनेताओं ने भी अपने कार्यालयों में विधि-विधान से पूजन किया।

जिला जेल में अनोखी पहल: महिला बंदियों के संग मनाई छोटी दिवाली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



त्योहारों की खुशियों से कोई अछूता न रहे, इसी उद्देश्य के साथ शनिवार को रतलाम जिला जेल में महिला बंदियों के संग च्छोटी दिवालीझ्झरूप चौदसज का पर्व अनूठे अंदाज में मनाया गया। कृष्ण कान्त मिश्रा (कृष्णा गुरुजी) के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम को च्मुक्ति दिवसज के रूप में मनाया गया, जहां महिला बंदियों के जीवन में नई आशा और सकारात्मकता का संचार किया गया।

आयोजन के दौरान गुरुजी ने महिला बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि रूप चौदस केवल बाहरी सौंदर्य का नहीं, बल्कि मन को सुंदर बनाने का पर्व है।

नरकासुर वध की पौराणिक कथा का संदर्भ देते हुए उन्होंने समझाया कि जिस प्रकार भगवान कृष्ण ने नरकासुर का वध किया था, उसी प्रकार हम सभी को अपने भीतर के क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, अहंकार और बदले की भावना जैसे विकारों को छोड़ने का संकल्प लेना चाहिए।

मन के अंधकार को दूर कर आशा का दीप जलाना ही इस च्मुक्ति दिवसज का मुख्य संदेश है। इस दौरान महिला बंदियों ने धैर्य, करुणा और सकारात्मक सोच के साथ अपने जीवन को नई दिशा देने का संकल्प लिया।

आठवें वर्ष भी जारी रहा सेवा और प्रेरणा का सिलसिला

लगातार आठवें वर्ष मनाए जा रहे इस प्रेरणादायक उत्सव का आयोजन पूर्व में इंदौर, भोपाल, देवास और उज्जैन की जेलों में सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इसी कड़ी में इस वर्ष रतलाम जिला जेल की महिला बंदियों के साथ दीपावली की खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम के दौरान महिला बंदियों को सौंदर्य प्रसाधन सामग्री और मिठाइयां वितरित की गईं, जिससे जेल की चारदीवारी के भीतर भी अपनत्व और त्योहार का भरपूर उल्लास नजर आया।

सुधार और नैतिक उत्थान के प्रयास जारी: जेल अधीक्षक

रतलाम जिला जेल के अधीक्षक लक्ष्मण सिंह भदौरिया ने जानकारी दी कि जेल में 18 से 21 वर्ष की किशोरावस्था के बंदियों को अन्य बंदियों से पूरी तरह पृथक रखा जाता है। उन्होंने बताया कि बंदियों के मनोवैज्ञानिक और नैतिक उत्थान के लिए जेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर धार्मिक, आध्यात्मिक और रोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि वे रिहाई के बाद समाज की मुख्यधारा से जुड़कर एक बेहतर जीवन जी सकें।

आबकारी विभाग ने 13.6 लीटर अवैध मदिरा, 10 लीटर हाथ भट्टी जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 6 नवंबर को जिले के विभिन्न आबकारी वृत्तों में दबिश, तलाशी एवं निरीक्षण की कार्रवाई की गई।

आबकारी वृत्त मनासा के ग्राम चपलाना में जंगल की झाड़ियों में छिपाकर रखा गया 190 किलो ग्राम महुआ लहान बरामद किया गया। लहान के नमूने लेकर शेष सामग्री विधिवत नष्ट की गई तथा प्रकरण दर्ज किया गया। इसके अलावा रामपुरा के कालिका ढाबा एवं कुकड़ेश्वर के महफिल ढाबा की तलाशी ली गई। कम्पोजिट मदिरा दुकान रामपुरा-2 एवं बेसला का औचक निरीक्षण कर अनिय मितताओं के संबंध में लाइसेंसी के प्रतिनिधि को आरोप पत्र जारी किया गया। रामपुरा-2 दुकान से मदिरा का रासायनिक परीक्षण हेतु नमूना भी लिया गया। रामपुरा-गांधीसागर मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। आबकारी वृत्त जावद द्वारा नयागांव हाईवे स्थित चाहत होटल पर कार्रवाई कर 9 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 7 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त की गई। ग्राम खोर के जंगल में 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 170 किलोग्राम महुआ लहान बरामद किया गया। लहान के नमूने लेकर शेष सामग्री नष्ट की गई तथा प्रकरण दर्ज किया गया। वृत्त की तीन मदिरा दुकानों का निरीक्षण किया।

दीपावली की रात नीमच में दो गुटों में मारपीट में एक युवक की मौत

गंभीर घायल निहाल और रुद्राक्ष उदयपुर रेफर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



दीपावली पर्व की देर रात नीमच जिले के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन स्थित भड़भड़िया चौराहे के पास एक कैफे पर दो गुटों के बीच अचानक विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट और खूनी संघर्ष में बदल गया, जिसमें 15 से अधिक युवक शामिल थे। इस घटना में गंभीर चोट लगने के कारण एक युवक ईशान पिता मनीष चौरसिया की जिला अस्पताल में दुखद मौत हो गई।

मारपीट में दोनों पक्षों के कई अन्य युवक भी घायल हुए हैं। इनमें से दो गंभीर घायल युवकों–निहाल शर्मा (20 वर्ष), पिता रवि शर्मा, निवासी नीमच सिटी और रुद्राक्ष शर्मा (25 वर्ष), पिता राजेश शर्मा, निवासी वीर पार्क रोड, नीमच को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उदयपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार दर रात फोरलेन स्थित 24/7 कैफे पर विवाद में गंभीर रूप ले लिया। यहां दोनों गुटों के बीच लाठी-डंडों और मुक्कों से जमकर मारपीट हुई। घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक (स्कक) राजेश व्यास स्वयं कैंट थाने पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने हत्या और जानलेवा हमले की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में अब तक ४ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है,

घटना के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा रहा। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गौशाला संचालक गौ सेवा द्वारा पुण्य अर्जित कर रहे हैं-कलेक्टर दिव्यांक सिंह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



प्रदेश के साथ मंदसौर जिले में भी गौशालाओं में सोमवार को गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया इसके साथ ही जिले के चयनित वृंदावन ग्रामों के विजेता पशुपालकों के बैंकखातों में गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक से पुरस्कार रा२शि का अंतरण किया गया योजना अंतर्गत प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपए राशि प्रदान की गई

इस अवसर पर जिले की दलौदा तहसील के ग्राम बे हपुर में संत श्री रोटी राम जी गौशाला मेंआयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह तथा अन्य अतिथियों द्वारा गोवर्धन पूजन किया गया गो पूजन किया गया इस दौरान एसडीएम श्री शुभम पाटीदार तहसीलदार श्री रमेश मसारे जनपद सीईओ श्री धर्मेंद्र यादव तहसीलदार श्री नीलेश पटेल उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ राजेंद्र सिंह डामोर श्री श्री प्रितपाल सिंह देवड़ा श्री कोमलचंद जैन श्री पप्पू सिंह सिसोदिया श्री पूनम चंद पाटीदार श्री डालूराम जी कुमावत आदि उपस्थित थे

इस दौरान कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा गौशाला का अवलोकन किया गया गायों को आहार खिलाया कार्यक्रम में कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में गौशाला संचालन की सराहना करते हुए प्रबंधक गणों से कहा कि गौ सेवा के माध्यम से आप पुण्य अर्जित कर रहे हैं।

बाल भिक्षावृत्ति मुक्त मंदसौर की मुहिम तेज, पांच बच्चे किए रेस्क्यू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

जिले को बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। कलेक्टर दिव्यांक सिंह के निर्देशन व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुकूल जैन के मार्गदर्शन में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी मबावि अंकिता पंड्या ने बताया कि विभिन्न संबद्ध विभागों का एक संयुक्त दल गठित कर बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों व उनके परिवारों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अभियान के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहा, पुरानी बस स्टैंड, महाराणा प्रताप बस स्टैंड, पशुपतिनाथ मंदिर, श्री कोल्ड, रेलवे स्टेशन, अभिनंदन नगर और मंदसौर मंडी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए माता के साथ चार बालक तथा एक अन्य बालक को भिक्षावृत्ति करते हुए पाया गया। इन सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति मंदसौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस संयुक्त टीम में जिला बाल संरक्षण इकाई से पूजा चौहान, जितेंद्र पाटीदार, चाइल्ड लाइन से निर्मला चौहान और विशेष किशोर पुलिस इकाई से टीना चंद्रावत की अहम भूमिका रही।

प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई भी बच्चा बाल भिक्षावृत्ति करते हुए दिखाई दे, तो चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या कंट्रोल रूम नंबर 07422-221400 पर तत्काल सूचना दें, सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। आगामी समय में भी पूरे जिले में ऐसी सक्रिय कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

दीपावली पर माता रानी का नोटों से किया अद्भुत श्रृंगार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिला मुख्यालय से करीब 18 किलोमीटर दूर नीमच-मनासा मार्ग पर स्थित मालवा की वैष्णोदेवी के नाम से प्रसिद्ध आरोग्य तीर्थ महामाया भादवामाता मंदिर में दीपावली के अवसर पर माता रानी का ऐसा भव्य और अनूठा श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को आकर्षित कर लिया। माता का पूरा दरबार 5 लाख 51 हजार रुपए के नए नोटों से सजाया गया। रंग-बिरंगे नोटों से तैयार आकर्षक लड़ियों और कलात्मक सजावट के बीच माता रानी का दिव्य स्वरूप देखते ही बन रहा था। दीपोत्सव पर आस्था, भक्ति और आकर्षक सजावट का यह संगम मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण बना रहा।

इस विशेष श्रृंगार में सभी तरह 10, 20, 50, 100, 200 और 500 रुपए के नए नोटों का इस्तेमाल किया गया। अलग-अलग मूल्यवर्ग के नोटों को बेहद आकर्षक तरीके से सजाकर माता के दरबार को भव्य रूप दिया गया। नोटों से तैयार की गई लड़ियां और विभिन्न कलाकृतियां मंदिर की सजावट में चार चांद लगा रही थीं। माता रानी के दरबार की यह सजावट श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का विषय बनी रही। दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु माता के इस अनूठे स्वरूप को निहारते रहे। माता के इस विशेष श्रृंगार की पूरी जिम्मेदारी मंदिर के पुजारी अर्जुन चौहान एवं जगदीश चौहान ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर निभाई।

निनोरा श्री राम जानकी मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव हर्षोल्लाह से मनाया गया



पिपलिया मंडी। मल्हारगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत गांव निनोरा के श्री राम जानकी मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अन्नकूट महोत्सव हर्षोल्लाह से मनाया गया। मंदिर समिति द्वारा पाटीदार धर्मशाला में सब्जी पूरी बनवाकर मंदिर पर भगवान श्रीराम जानकी की आरती के बाद महाप्रसाद का भोग लगाया गया, तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित नगर वासियो द्वारा भव्य आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा गया।

जैन मंदिर सिंगोली में हुई चोरी का 24 घण्टे में पर्दाफाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



जिले के सिंगोली कस्बे में स्थित जैन मंदिर में 6-7 नवम्बर की दरमियानी रात चोरी करने वाली शातिर गैंग, के. 2. आरोपीयों को. बल्क मात्रा में अवैध जहरीली शराब जप्त कर... चुराया गया मनुका बरामद करने में पुलिस थाना सिंगोलों टीम ने सफलता हासिल की है।।

पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति हेमलता अग्रवाल,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जाब्द श्री हर्ष राठौर के कशल मार्गदर्शन में पुलिस थाना सिंगोली द्वारा मंदिरों में चोरी करने वाली गैंग के 2 आरोपीयों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया मनुका बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है।

दिनांक 7 नवम्बर को. फरियादी श्री. विनोद गांधी निवासी सिंगोली जिला नीमच के द्वारा पुलिस थाना सिंगोली जर दिशोर्ट विवहा गया कि दिनाक 6-7 नवम्बर की दरम्यानी रात मंदिर. में. खिडकी को तोड कर अन्दर घुसकर मंदिर के अन्दर रखी दान पेटी. को. तोड कर उसमे रखी हुई दान राशि चोरी कर ले गए हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर. स. थाना निमोललेे अपराध क्रमांकः 189/26 धारा 331 (4), 305 (ए) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। घटना स्थल पर सूचना प्राप्त होते. ही फॉरेन्सिक टीस. फिररा. प्रिंट. एक्पर्ट एवं डॉग स्कवाड को तलब किया जाकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया जाकर साक्ष्य संकलित किए गए

थाना सिगोली.. की विशेष टीम के द्वारा का सिंगोली में लगे २० से अधिक सीजीटीवी कैमरों की फुटेज सूच्जा. मंत्र. क्रो. सकिद्र कर. सूचनाएं प्राप्त कर. चोरी की घटना में सम्मिलित २२ व्यक्तियों को बल्क मात्रा में. जहरीली. अवैध शराब का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया जाकर थाना सिगोली पर अप०.180/26. धारा 34 (2) 49 (क) कर आरोपीयो बारीकी सेवा कर,6-7 नवम्बर की दरमियानी रात जैतसर सिरली म. हुई चोरी करता. संधिकार किया गया जिसकी स्वीकारोक्ति उपरान्त हारी किया गया मनुका बरामद किया गया आरोपीयों द्वारा.. पूर्व में दिनांक 28.8.2026 को ग्राम पलासिया स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में की गई कलश चोरी करना भी स्वीकार किया।.

शंकरलाल मेहर पिता देवीलाल मेहर उम्र 42 साल निवासी प्राई नहर 1.1. प्रीपलीपुरा सिंगोली 2. हुसैन मंसूरी पिता कमरूद्दीन मंसूरी उम्र 40 साल निवासी वार्ड नंबर 11 पीपलीपुरा सिंगोली

. निरीक्षक नसीम अहमद, उप निरीक्षक, केपी सिंह, सरनि प्रभुलाल, निनामा, प्रकार, विशाल, गंगवाल, आदि थे।

न्यूज कालम



संस्कृति, संस्कार व सदभाव के दीपों से जगमगाया सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय

मंदसौर। दीपावली के पावन पर्व पर प्रकाश, पवित्रता, सकारात्मकता और सद्भाव के मंगल संदेश को समेटे हुए सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, मंदसौर में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ आयोजित किया गया। पूरे महाविद्यालय परिसर में दीपों की जगमगाहट के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं की अद्भुत सुगंध बिखरी हुई दिखाई दी।इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव अशोक पारिख ने सभी को दीपावली पर्व की आत्मीय शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सहसचिव एवं सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक सुनील शर्मा ने दीपावली के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीपावली केवल दीप प्रज्वलित करने का पर्व नहीं है, बल्कि यह निराशा पर आशा और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का संदेश देने वाला भारतीय संस्कृति का एक महान पर्व है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए पर्व को पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाने का संदेश दिया।

लायंस डायनेमिक ने वात्सल्यधाम के वृद्धजनों संग मनाई अनूठी दीपावली



मंदसौर। लायंस क्लब डायनेमिक द्वारा वृद्धाश्रम वात्सल्यधाम में वृद्धजनों के साथ दीपावली का पर्व आत्मीयता, सेवा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लायन जगदीश चौधरी के सौजन्य से वृद्धजनों के नाप के अनुसार विशेष रूप से सिलवाए गए नए वस्त्रों का वितरण किया गया, वहीं महिला वृद्धजनों को ऊनी शॉल भी भेंट की गई। कार्यक्रम में वृद्धजनों के लिए विशेष रूप से मिठाई, नमकीन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। क्लब के सदस्य वृद्धजनों के साथ नीचे बैठकर आत्मीयतापूर्ण स्वल्पाहार करते हुए उनके साथ खुशियों के पल साझा किए, जो सभी के लिए अत्यंत सुखद और भावनात्मक अनुभव रहा। इस गरिमामयी कार्यक्रम में एसडीएम शुभम पाटीदार और सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. दशरथ भाई जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन चित्रा मंडलोई ने किया तथा आभार रीटा पारीक ने व्यक्त किया। इस आयोजन में लायन दीपक चौधरी, ओम प्रकाश चौधरी, कृष्णकांत मोदी, विकास भंडारी, बलजीत सिंह नारंग, देवेंद्र पुराणिक, गोविंद मुजावदिया, सुरेश धनोतिया, सुरेंद्र फरक्या, उषा चौधरी, विमला फरक्या, चंद्रकांता पुराणिक और नीलम जेसवानी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे, जिनके इस सेवा कार्य ने वृद्धजनों के लिए दीपावली की खुशियों को यादगार बना दिया।

नगर निगम कार्यालय में महापौर प्रहलाद पटेल ने किया महालक्ष्मी पूजन



रतलाम । दीपोत्सव दीपावली पर नगर निगम कार्यालय पर महालक्ष्मी का पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य दिलीप गांधी, अक्षय संघवी, एल्डरमेन नारायण सांकला, गोपाल शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि राजेश माहेश्वरी व निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ किया।

धन्वंतरि जयंती पर पूजा संपन्न



नीमच। जिले के ग्रामीण निपनिया स्थितधन्वन्तरि पीठम निपानिया में पूज्य गुरुजी सुरेशानंद जी शास्त्री के सानिध्य में धन्वन्तरी जयंती पर भगवान धन्वंतरि का पूजन अर्चन विद्या भारती के प्रांत प्रमुख श्री त्रिलोकजी और उनके सहयोगियों, आरोग्य भारती के जिलाध्यक्ष अजय भटनागर, समाजसेवी गोविंद पोरवाल,श्रीमती मीना हरित , सुधा महावर , अम्बा माता न्यास अध्यक्ष शैलेन्द्र तोलानी, दुर्गाशंकर कोली, शांति कुमार पुराणिक सहित ग्रामवासियों और प्रशिक्षु वैद्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश चौधरी ने किया। आभार महेश पाटीदार ने व्यक्त किया।

सूश्री अनुष्का जैन ने सीए एग्जाम में पाई सफलता



पिपलिया मंडी। क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर अमित जी जैन की सुपुत्री अनुष्का जैन के सीए प्रथम एग्जाम में सफलता प्राप्त करने पर क्षेत्र के नागरिकों इष्ट मित्रों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



दीपावली मिलन समारोह में राहुल से मिले दिग्विजय

सारंगपुर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नई दिल्ली स्थित सुनहरी बाग आवास पर दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने समारोह में शिरकत की और शीर्ष नेतृत्व से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। कार्यक्रम के दौरान दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, पूर्व सीएम अशोक गहलोत सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि श्रीसिंह महाकांल की नगरी उज्जैन से श्रीराम जन्म स्थल आयोध्या तक करीब 1 हजार किमी की सत्य सनातन स्वाभियान यात्रा निकाल रहे है और पांच दिवसीय अवकाश के दौरान वह दिल्ली पहुंचे थे।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल



सारंगपुर। शनिवार को सारंगपुर शहर से 10 किमी दूर नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मणिशंकर को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक गुजरात से अपने गांव प्रयागराज जा रहे अमन (20) और मणिशंकर (22) बाइक से सफर कर रहे थे। मऊ गांव के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अमन पिता शुभनारायण, प्रयागराज के रहने वाले हैं। मणिशंकर के पिता का नाम रामकुमार है। हाईवे एंबुलेंस 1033 की टीम दोनों को सिविल अस्पताल सारंगपुर ले गई। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। मणिशंकर की हालत ज्यादा गंभीर होने पर उसे शाजापुर जिला अस्पताल भेजा गया। अमन का इलाज सारंगपुर में किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। पुलिस अज्ञात वाहन और हादसे के कारणों की जानकारी जुटा रही है।

निर्वाण दिवस पर लाडू चढाने से ज्यादा जरूरी है आत्मभाव: मुनि प्रवर सागर

सारंगपुर। भगवान के निर्वाण दिवस पर निर्वाण लाडू चढाने की परंपरा है, लेकिन आज भक्ति में आत्म भाव से ज्यादा दिखावे का चलन बढता जा रहा है। लोगों का ध्यान भगवान को लाडू चढाने से अधिक फोटो खिंचवाने पर रहता है। भक्ति का वास्तविक उद्देश्य आत्मकल्याण और आत्मशुद्धि होना चाहिए, न कि दिखावा। मंदिर आत्मशांति और साधना के स्थान हैं, उन्हें आपसी प्रतिस्पर्धा का अखाडा नहीं बनाना चाहिए। यह विचार मुनि प्रवर सागर ने प्रवचन के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिस घर में क्षमता, क्षमा और वात्सल्य के भाव होते हैं, वह घर मंदिर के समान होता है। जीवन को सार्थक बनाना है तो दूसरों का सम्मान करना चाहिए और उन्हें ऊंचा उठाने का प्रयास करना चाहिए।

गोवर्धन पूजा के बाद निभाई गई वर्षों पुरानी परंपरा

राजगढ़-ब्यावरा। राजगढ़ जिले में ब्यावरा शहर के समीप ग्राम उमरेड में दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन किया गया। इस परंपरा के तहत चमड़े से बने छोड़े को गौ माता के सामने लाया जाता है। इसके बाद गाय उसे मारने के लिए दौड़ती है। ग्रामीण इस पारंपरिक आयोजन को लंबे समय से करते आ रहे हैं। सोमवार सुबह से ही गांव में इस परंपरा को निभाने का सिलसिला शुरू हो गया।

नरक चतुर्दशी पर दीपांजलि और जलांजलि अर्पित कर की पितरों के बैकुंठ वास की कामना

चंबल तट पर मनाई देव दीपावली, पितरों की सद्गति के लिए किया दीपयादि श्राद्ध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

नरक चतुर्दशी के पावन अवसर पर शनिवार को चंबल तट स्थित श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में ब्रह्ममुहूर्त में सामूहिक दीपयादि श्राद्ध, यम तर्पण एवं दीपदान का विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। ब्राह्मण समाज नागदा युवा संस्कार परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस अनूठे अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने अपने दिवंगत पूर्वजों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए वैदिक विधि-विधान से पितृ तर्पण किया तथा दीप प्रज्वलित कर उनकी शांति, सद्गति एवं बैकुंठ वास की कामना की। आयोजन के समापन पर पितरों के निमित्त दीपोत्सव एवं आतिशबाजी के साथ देव दीपावली मनाई गई।

आचार्य पंडित अजय पंड्या एवं पंडित दीपक पंड्या ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विभिन्न कर्मकांडीय क्रियाओं के माध्यम से अनुष्ठान संपन्न कराया। उन्होंने नरक चतुर्दशी पर पितृ तर्पण, यम उपासना एवं दीपदान के धार्मिक महत्व की जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं से विधिवत तर्पण करवाया। पूजन के लिए चार गन्नों से विशेष चौकी तैयार की गई। इसके बाद मिट्टी, तांबे एवं चांदी के दीपक प्रज्वलित कर पितरों के निमित्त दीपांजलि एवं जलांजलि अर्पित की गई। श्रद्धालुओं ने दीपों की आरती कर पूर्वजों के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित की।

पितरों के निमित्त दीपदान से जुड़ी है सद्गति की धार्मिक मान्यता



आचार्य पंडित दीपक पंड्या ने बताया कि सनातन परंपरा में नरक चतुर्दशी का दिन यम उपासना एवं पितृ स्मरण की दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन ब्रह्ममुहूर्त में श्रद्धापूर्वक पितृ तर्पण, दीपयादि श्राद्ध एवं दीपदान करने से पितरों की शांति एवं सद्गति की कामना पूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों में किसी सदस्य के निधन के कारण शोक अथवा अन्य परिस्थितियों से दीपावली का उत्सव नहीं मनाया जा सका हो, उनके लिए विधिवत पितृ अनुष्ठान के पश्चात शोक निवृत्त होकर पुनः दीपोत्सव मनाने की धार्मिक परंपरा का विशेष महत्व है।

पंडित अजय पंड्या ने कहा कि दीपावली सनातन संस्कृति का प्रमुख प्रकाश पर्व है, जो प्रत्येक परिवार को जीवन में उल्लास, सकारात्मकता एवं मांगलिक परंपराओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है।

आतिशबाजी के साथ मनाया दीपोत्सव

वैदिक पूजन एवं आरती के पश्चात पितरों के निमित्त फुलझड़ी, अनार एवं चकरी जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। चंबल तट पर प्रज्वलित दीपों और दीपांजलि के बीच श्रद्धालुओं ने देव दीपावली के स्वरूप में पितरों का अभिनंदन किया। दिव्य दीपांजलि एवं जलांजलि के माध्यम से पितरों की सद्गति एवं परिवार के कल्याण की प्रार्थना की गई।



अदरक के दाम 50 से बढ़कर 200 रुपए किलो हुए, हरी सब्जियों की कीमत में भी आई तेजी

सारंगपुर। नगर में त्योहारी सीजन के बीच मौसम बदलने के साथ हरी सब्जियों के दाम भी बढे हैं। कई सब्जियां दोगुने से तीन गुने दाम पर बिक रही हैं। अदरक के दाम में सबसे ज्यादा तेजी आई है। कुछ दिन पहले तक 50 रुपए किलो बिकने वाला अदरक अब 200 रुपए किलो तक पहुंच गया है। प्याज और अदरक के दाम बढने से परिवारों पर अतिरिक्त खर्च का बोझ पड रहा है। स्थानीय व्यापारी सुरेश पुष्पद ने बताया कि गिलकी 60 रुपए किलो और फूलगोभी व पत्तागोभी 20 से 30 रुपए प्रति नग बिक रही हैं। नई बटलाफली 240 रुपए किलो बिकी। नींबू 10 रुपए प्रति नग और 200 रुपए किलो के भाव से बिक रहा है। स्थानीय निवासी शोएब हसन और दीपक कुमार ने कहा कि सब्जियों के दाम अभी से इस स्तर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि तेजी जारी रही तो आने वाले दिनों में स्थिति गंभीर हो सकती है। ग्राहक सजन सोनी ने कहा कि कुछ दिन पहले तक सब्जियां सस्ती थीं। अचानक बढे दामों से आम लोगों और होटल कारोबार का मासिक बजट बिगडा है। उन्होंने कहा कि डीजल, पेट्रोल, खाद्य तेल और शक्कर पहले ही महंगे हैं। अब प्याज और अदरक के दाम बढने से परिवारों का खर्च और बढ गया है।

दीपावली पर भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ग्राहकों को वितरित किये नए नोट



सारंगपुर। दीपावली पर मां महालक्ष्मी के दरबार में इस बार पुराने नहीं, नए नोटों की चमक बिखरेगी। लक्ष्मी पूजन की थाली में 10, 20 और 50 रुपए के नए नोट सजाने की श्रद्धालुओं की आस आखिरकार पूरी हो गई है। छोटे नोटों की किल्लत को लेकर ग्राहक काफी परेशान थे और दीपावली पर्व पर नए नोट के लिए आम जनों में उत्साह भी रहता है जिसके चलते भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राहकों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए शनिवार को पुराने ए बी रोड़ पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा में 200 से अधिक ग्राहकों को नए नोटों की गड्डियां बांटी गई। नए नोट हाथ में आते ही ग्राहकों के चेहरे खिल उठे। अब दीपावली पर महालक्ष्मी के दरबार में नई करेंसी की खनक सुनाई देगी। दरअसल दीपावली पर महालक्ष्मी पूजन में नई करेंसी की गड्डियां रखने की परंपरा है। इस बार बाजार में 5 से 50 रुपए तक के नए नोट आसानी से नहीं मिल रहे थे। भारतीय स्टेट बैंक सर्विस मैनेजर अभिषेक शर्मा ने बताया कि हमने तीन दिनों से अपने ग्राहकों को नए नोट का वितरण कर रहे हैं, वही रोकड अधिकारी बृजेंद्र दिवाकर ने कहा की शनिवार को 100 से अधिक ग्राहकों को अलग-अलग मूल्यवर्ग के नए नोटों के पैकेट दिए गए। कमल पाटीदार ने भी ग्राहकों को सुविधा अनुसार नए नोट उपलब्ध कराये, बडी संख्या में पहुंचे लोग नए नोट की खबर जैसे ही नगर में फैली तो बडी संख्या में भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक नए नोट लेने के उत्साह देखने को मिला बैंक प्रबंधक मयूर कुमार नें बताया की नए नोट भारतीय स्टेट बैंक जो शाखा सारंगपुर में खाता धारक है उन्हें नोट का वितरण किया गया।

चोमा में गौराजी महाराज गौशाला समिति में गोवर्धन पूजन

गौमाता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़।

गोवर्धन पूजन के पावन पर्व पर ग्राम चोमा स्थित श्री गौरा जी महाराज गौशाला समिति में सोमवार को श्रद्धा, भक्ति एवं पारंपरिक रीति- रिवाजों के साथ गोवर्धन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से गोवर्धन पूजन एवं गौमाता की पूजा-अर्चना की गई। उपस्थितजनों ने गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में गौशाला समिति के अध्यक्ष प्रेमनारायण कहला, सचिव निधला सिंह, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण रुहेला, समिति सदस्य धीरब सिंह रुहेला, लखन सिंह रुहेला एवं पूनमचंद रुहेला उपस्थित रहे।



इस अवसर पर ग्राम सरपंच पवन कुमार भिलाया, पशुपालन विभाग से डॉ. जितेन्द्र कुमार प्रजापति, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी राजेंद्र मीणा, पत्रकार बृजमोहन सूर्यवंशी, भंवरलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने गोवर्धन पूजन में सहभागिता कर गौसेवा एवं गौसंरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। आयोजन धार्मिक श्रद्धा, सामाजिक समरसता एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत के संकल्प एवं युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा 1 से 14 नवंबर तक प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में जूनियर रेडक्रॉस के अंतर्गत नशामुक्ति जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में 4 नवंबर को शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया, सुसनेर में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना, जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, जिला शिक्षा अधिकारी नीलेश पांडे एवं जिला संगठन आयुक्त रजनीश स्वर्णकार के निर्देशन में आयोजित गतिविधि में काउंसलर भेरूलाल ओसारा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में जूनियर रेडक्रॉस के विद्यार्थियों ने हाथों में दीपक लेकर नशामुक्ति से जुड़े नारों के माध्यम से समाज को जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि जिस प्रकार दीपक अंधकार को दूर करता है, उसी प्रकार जागरूकता और दृढ़ संकल्प से जीवन को नशे के अंधकार से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर जूनियर्स अरविंद कुमार, हरिओम सेन, नैतिक यादव, वर्षा सेन, अंजली यादव, हिमांशी विश्वकर्मा एवं राजनंदनी यादव ने नशामुक्ति संबंधी संदेशों का वाचन कर सभी को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

जुआ खेलते 8 आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने 3.59 लाख का माल जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में जुआ-सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के निर्देशन एवं एसडीओपी सारंगपुर मुकेश सुनेया के मार्गदर्शन में थाना लीमाचौहान पुलिस ने जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 08 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान थाना लीमाचौहान पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बावली में तालाब के पीछे कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

रामविलास किरार 40 वर्ष निवासी सेमलीलोढ़ा थाना छापीहेड़ा। कमल माली 39 वर्ष निवासी कोलवाड़ मोहल्ला, खुजनेर। दिनेश यादव 50 वर्ष निवासी कोलवाड़ मोहल्ला, खुजनेर। सुरेश खटीक 44 वर्ष निवासी खुजनेर। सुनील तंवर 39 वर्ष सुस्याहेड़ी, थाना छापीहेड़ा को गिरफ्तार कर आरोपियों के पास से नगद राशि 69,900 रु. जब्त की।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर जुआ खेल रहे 08 व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ा। मौके से कुल 69,900 नगद, 04 मोटरसाइकिलें, 08 मोबाइल फोन एवं 52 ताश के पत्ते जप्त किए। जप्त सामान की कुल अनुमानित कीमत 3,59,000 रु. है। आरोपी मुकेश यादव 39 वर्ष निवासी कोलवाड़, खुजनेर ललित किरार 25 वर्ष निवासी सेमलीलोढ़ा, थाना छापीहेड़ा को गिरफ्तार किया।

कचरा लाओ इनाम पाओ, टोकन सिस्टम से मिला प्राइज

प्लास्टिक पॉलिथीन को रीसाइकलिंग कर सार्वजनिक स्थलों पर किया जा रहा उपयोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में पर्यावरण प्रेमी संरक्षण समिति के तत्वाधान में पॉलिथीन को खाली बोतल में भरकर उसे रीसाइकलिंग कर सार्वजनिक स्थानों पर उपयोग किया जा रहा है, पर्यावरण प्रेमी संरक्षण समिति विगत 11 माह से एनजीओ के रूप में कार्य कर रही है जिसमे करीब तीन दर्जन से अधिक महिलाए एवं युवा कार्य कर रहे है, कचरे से डस्टबिन, पैड, टेबल, कुर्सी, बेंच आदि करीब 20 से 25 तरह के प्रोडेक्ट बनाये गए है। जिसमें आई लव ब्यावरा भी शामिल है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मन की बात में प्लास्टिक पॉलीथिन, ई वेस्ट इत्यादि कचरा जिसे बाहर फेंक दिया जाता है पर्यावरण प्रेमी संरक्षण समिति द्वारा रीसायकल कर निर्माण कार्य किये जाने की प्रशंसा की, उक्त समिति के संचालक अनिल कुशवाह ने बताया कि प्लास्टिक पॉलिथीन कभी भी नष्ट नहीं होती है उसे रीसायकल कर पुनः उपयोग में ले सकते हैं ताकि शहर में स्वच्छता बनी रहे और पशु भी उसे खाकर बीमार ना पड़े ब्यावरा नगर स्वच्छ और स्वस्थ रहे उसके लिए कृषि उपज मंडी के समीप कचरा बैंक का उद्घाटन किया गया। सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया हैं

कचरा लाओ और इनाम पाओ

कचरा लाओ और इनाम पाओ जैसी योजना के तहत आज टोकन सिस्टम से फर्स्ट प्राइज 32 इंच की एलईडी, सेकंड प्राइस मिक्सर मशीन तथा थर्ड प्राइस आयरन प्रेस को इनाम के रुप मे दिया यह इनाम टोकन सिस्टम के जरिए वितरित किया गया, प्लास्टिक पॉलिथीन ई वेस्ट को रीसायकल कर बनने वाले प्रोडक्ट से गार्डन, पार्क, मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर बेंच इत्यादि बनाकर लगाई जाएगी।

तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, अस्पताल में मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सारंगपुर में एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस दुर्घटना का सबसे दुखद पहलू यह रहा कि जिस युवक को सड़क पर मृत अवस्था में पाया गया, उसके पिता खुद एक बस ड्राइवर हैं और सवारी लेकर उसी रास्ते से गुजर रहे थे। घटनास्थल पर भारी भीड देखकर जब पिता ने बस रोकी और आगे बढकर देखा, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई क्योंकि खून से लथपथ पडा वह युवक उनका इकलौता बेटा अभिषेक था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत युवक की पहचान 22 वर्षीय अभिषेक पुष्पद पिता घनश्याम पुष्पद, निवासी उदनखेडी के रूप में हुई है। शनिवार को अभिषेक सारंगपुर की सब्जी मंडी से फूल की पोटली लेकर अपनी बाइक से अपने गांव उदनखेडी लौट रहे था। इसी दौरान सारंगपुर-पचोर मार्ग पर स्थित चतुरुखेडी के पास नेशनल हाईवे पर एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

भीड देखकर बस ड्राइवर पिता ने रोकी गाडी

दुर्घटना के वक्त एक तरफ जहां मातम और अफरा-तफरी का माहौल था, वहीं दूसरी ओर एक दर्दनाक संयोग बना। मृतक के पिता घनश्याम पुष्पद पेशे से बस ड्राइवर हैं। वह शनिवार को अपनी बस लेकर पचोर से सारंगपुर की ओर आ रहे थे।

मिट्टी के दीये एवं बर्तनों की दुकाने करों से मुक्त

ब्यावरा-राजगढ़। आगामी दीपावली एवं अन्य प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा कुम्हार समाज के पारंपरिक व्यवसाय एवं स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। अपर जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि स्थानीय बाजारों में मिट्टी के दीये एवं बर्तन बेचने के लिए लगाई जाने वाली अस्थायी दुकानों को स्थानीय प्रशासन द्वारा वसूले जाने वाले सभी प्रकार के करों से मुक्त रखा जाए। साथ ही ऐसी दुकानों के लिए बाधा रहित स्थान चिह्नित कर दुकान स्थापना में सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि कुम्हार समाज के उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहन मिले तथा स्थानीय कुटीर एवं गृह उद्योगों को बढ़ावा मिल सके। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी की मां की गोली लगने से मौत, शरद नगर में मची सनसनी



शाजापुर। शहर के शरद नगर में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी विवेक दुबे की 79 वर्षीय माता उषा दुबे की गोली लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी कीर्ति बघेल लालघाटी थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर उस कमरे को सील कर दिया, जहां उषा दुबे को गोली लगी थी। वहीं, साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। जानकारी के अनुसार उषा दुबे बड़े बेटे विवेक दुबे के साथ रहती है और आज ही दोपहर 12 बजे के लगभग दीपावली की तैयारियां करवाने के लिए अपने छोटे बेटे विजय दुबे के शरद नगर स्थित घर आई हुई थीं। दोनों भाइयों के घर पास-पास स्थित है। छोटे बेटे के घर पर उनके दाहिने कंधे के पास गोली लग गई। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल उषा दुबे को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीएम के पश्चात शव परिजनों को सौंपा जाएगा। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। प्रारंभिक तौर पर गोली लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। गोली किस परिस्थिति में और कैसे चली, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने घटनास्थल वाले कमरे को सील कर दिया है तथा फोरेंसिक टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। बताया जा रहा है कि उषा दुबे के पति शरद दुबे पुलिस अधिकारी रह चुके हैं। उनके दो बेटे विवेक दुबे और विजय दुबे हैं। बड़े बेटे विवेक विगत दिनों जिला शिक्षा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं और छोटे बेटे विजय भी शासकीय नौकरी में हैं। घटना की खबर फैलते ही शहर में चचाओं का दौर शुरू हो गया। इस संबंध में एसडीओपी कीर्ति बघेल ने बताया कि थाना लालघाटी क्षेत्र के शरद नगर में गोली चलने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उषा दुबे की गोली लगने से मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। फिलहाल मौत के कारणों और गोली चलने की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

धनवंतरी का पूजन कर 450 जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाई खुशियों भरी दीपावली

■ बच्चों को बांटी मिठाइयाँ और पटाखे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

धनतेरस के पावन अवसर पर भगवान धनवंतरी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान धन्वंतरी को आयुर्वेद एवं चिकित्सा का देवता माना जाता है। समुद्र मंथन के दौरान वे अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। उनकी पूजा करने का उद्देश्य परिवार एवं समाज के सभी लोगों के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और सुख-समृद्धि की मंगल कामना करना है।



दीपावली पर्व के अवसर पर गीता भवन न्यास समिति बड़नगर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शाम को सेवा और सामाजिक सरोकार की भावना के साथ जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों के लगभग 450 बच्चों के बीच दीपावली की खुशियाँ साझा की गईं। बच्चों को बड़ी फुलझड़ियाँ, 6 प्रकार के पटाखे एवं 4 प्रकार की मिठाइयाँ वितरित की गईं। आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों के जीवन में दीपावली की खुशियां बिखेरना और उनके चेहरों पर मुस्कान लाना रहा।

इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। संस्था के इस सेवा कार्य की नगरवासियों ने सराहना की। कार्यक्रम में मंजू जायसवाल, मंजू जैन, दिलीप पंचाक्षरी, राजकुमार माथुर, सतीश नीमा, उमाशंकर मेहता, सतीश रघुवंशी, प्रेमनारायण पोरवाल, पंकज मोरवाल, रमेश राठौड़ मंडी, सुरेशचंद्र माहेश्वरी, सुभाष गुप्ते सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। जानकारी संस्था मैनेजर संजय कुमावत ने दी।

सेवा कार्य का दसवां वर्ष

संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी ने बताया कि गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए इस पुनीत सेवा कार्य का यह दसवां वर्ष है। संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष बच्चों को तिलक लगाकर दीपावली की शुभकामनाओं के साथ पटाखे एवं मिठाइयां वितरित की जाती हैं, ताकि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी बच्चा दीपावली की खुशियों से वंचित न रहे।

पिस्ता खाने से वजन बढ़ता है या कम होता है

पिस्ता खाने से वजन बढ़ता है या घटता है, यह उसकी मात्रा और सेवन के तरीके पर निर्भर करता है। डाइटिशियन के अनुसार, सीमित मात्रा में पिस्ता प्रोटीन और फाइबर के कारण वजन कम करने में सहायक हो सकता है, लेकिन ज्यादा सेवन से वजन बढ़ सकता है।

अच्छे स्वास्थ्य के लिए अक्सर लोगों को हेल्दी फैट्स जैसे पोषक तत्वों से युक्त ड्राई फ्रूट्स को खाने की सलाह दी जाती है। इनमें बादाम, काजू, अखरोट और पिस्ता जैसे कई ऑप्शन्स हैं। इसको स्नैक टाइम पर खाया जा सकता है, लेकिन जब फिटनेस और वजन को नियंत्रित करने की बात आती है, तो पिस्ता को लेकर कई लोग कन्फ्यूज रहते हैं। कई लोग सोचते हैं पिस्ता में फैट और कैलोरी होती है, जिससे वजन बढ़ सकता है। वहीं, कई लोग इसको वजन कम करने वाली डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं। ऐसे में कई लोगों के मन में सवाल उठता है कि पिस्ता खाने से वजन कम होता है या बढ़ता है? अगर कोई व्यक्ति जरूरत से ज्यादा पिस्ता खाता है और उसकी कुल कैलोरी जरूरत से ज्यादा हो जाती है, तो वजन बढ़ सकता है। जब शरीर में कैलोरी की खपत ज्यादा और बर्न होने वाली कैलोरी कम होती है, तो वजन बढ़ता है।



क्या पिस्ता वजन कम करने में सहायक है?

पिस्ता में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन करने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। पिस्ता में अच्छी मात्रा में प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराने में मदद कर सकते हैं। इससे बार-बार भूख लगने की समस्या कम होती है और आप बेवजह स्नैकिंग करने से बच जाते हैं। पिस्ता में कैलोरी भी पर्याप्त मात्रा में होती है, इसलिए वजन कम करने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए मात्रा का ध्यान रखना जरूरी है। इसको खाते समय इसकी मात्रा का ध्यान रखना जरूरी है। वजन कम करने के दौरान सीमित मात्रा में पिस्ता खाने से शरीर को एनर्जी देने में मदद मिलती है। ये एक हेल्दी स्नैक्स हैं। पिस्ता में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को मजबूत और एक्टिव करने में मदद करता है।

मीठा खाने की क्रेविंग क्यों बढ़ जाती है?

मीठा खाने से तेजी से वजन बढ़ता है और हैरानी की बात ये है कि जब आप वेट लॉस कर रहे होते हैं तो मीठे की क्रेविंग तेजी से बढ़ती है और इसे खाने पर मजबूर कर देती है। वजन कम करने के दौरान मीठा खाने की इतनी तेज इच्छा इसलिए होती है क्योंकि डाइटिंग के दौरान कम खाना खाने से शरीर को एनर्जी के लिए तुरंत मिलने वाले स्रोतों की जरूरत महसूस होती है। ऐसे में मीठा खाने से शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है और बॉडी बेहतर महसूस करती है।



मीठा खाने से आदत के कारण जबरदस्त क्रेविंग हो सकती

वजन कम करते समय मीठा खाने की इच्छा क्यों बढ़ जाती है?

डाइट एक्सपर्ट एडविना कहती हैं कि वजन कम करते समय मीठा खाने की इच्छा असल में कई कारणों से बढ़ जाती है। सबसे पहले तो पसंदीदा खाने की चीजों को पूरी तरह से छोड़ देने से उन्हें खाने की मानसिक क्रेविंग बढ़ जाती है जिससे मीठे की क्रेविंग हो सकती है। इसके अलावा जैसे ही आप वेट लॉस के लिए एक तय डाइट फॉलो करते हैं बॉडी में एनर्जी शिफ्ट आता है। शुगर असंतुलित होता है। इससे शरीर और एनर्जी की मांग करता है जिससे मीठा खाने की इच्छा और बढ़ जाती है। दरअसल, ध्यान देने वाली बात यह है कि डाइट में ज्यादा कार्ब्स होते से यह बहुत जल्दी पच जाते हैं जिससे बार-बार खाने की क्रेविंग होती है और ऐसे में मीठा खाने की ज्यादा इच्छा होती है।

इस स्थिति में आपको प्रोटीन से भरपूर फूड्स का सेवन करना चाहिए जो कि मीठे की क्रेविंग को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही प्रोटीन उन हार्मोन्स को कंट्रोल करने में मदद करता है



लंबे समय तक फास्टिंग करने से

वेट लॉस डाइट फॉलो करने के दौरान अगर आप लंबे समय तक भूखे रहते हैं, तो आपको मीठा खाने की क्रेविंग हो सकती है। ऐसे में डाइट फॉलो करते समय अपने खाने की टाइमिंग का खास ख्याल रखें और जिस समय जैसी डाइट फॉलो करने के लिए कहा गया हो उसे ही फॉलो करें।

वेट लॉस में मीठे की क्रेविंग होने के अन्य कारण डाइट एक्सपर्ट एडविना कहती हैं कि मीठे की क्रेविंग होने के पीछे असली कारण शरीर में शुगर की कमी नहीं है क्योंकि क्रेविंग पर आदतों, भावनाओं, तनाव, नींद, खाने की उपलब्धता और कुछ खास तरह के खाने का भी असर पड़ सकता है। इसके अलावा नींद की कमी और ज्यादा तनाव की वजह से बहुत मीठा खाने का मन हो सकता है। साल 2018 में में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, क्रोनिक तनाव का फूड क्रेविंग पर सीधा प्रभाव पड़ता है। तनाव के समय होने वाली क्रेविंग्स आमतौर पर ऐसे खाद्य पदार्थों के लिए होती हैं जिनमें शक्कर, चॉकलेट, काबोर्हाइड्रेट और फैट की मात्रा अधिक होती है। किसी खास समय पर, जैसे रात के खाने के बाद, बार-बार मीठा खाने से आदत के कारण जबरदस्त क्रेविंग हो सकती है, भले ही शरीर को अतिरिक्त एनर्जी की जरूरत न हो। बहुत ज्यादा पाबंदी वाली डाइट इस असर को और बढ़ा सकती है क्योंकि व्यक्ति को लगता है कि कुछ खास तरह का खाना मना है, जिससे उन चीजों पर ध्यान ज्यादा जाता है।

वेट लॉस में क्रेविंग कंट्रोल कैसे करें?

डाइट एक्सपर्ट का सुझाव है कि आमतौर पर, ज्यादा पाबंदी लगाने के बजाय एक बेहतर तरीका यह है कि डाइट में प्रोटीन से भरे फूड्स, सब्जियों, फलों, साबुत अनाज, दालों, डेयरी या उसके सही विकल्पों और हेल्दी फैट को शामिल करें। साथ ही, सही समय पर अपनी पसंद का खाना सीमित मात्रा में खाने की छूट भी दी जा सकती है। फलों जैसी प्राकृतिक रूप से मीठी चीजों को खाने से मीठा खाने की इच्छा पूरी हो सकती है और साथ ही फाइबर और पोषक तत्व भी मिल सकते हैं।

Sport

साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से लाबुशेन बाहर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली 4 मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए मार्नस लाबुशेन को टीम की योजना से बाहर कर दिया है। वे पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 टेस्ट की सीरीज में भी वे एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके थे।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि फिलहाल लाबुशेन को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट और पूरी सीरीज के लिए चयन में शामिल नहीं किया जाएगा। बेली के मुताबिक, खिलाड़ी को घरेलू क्रिकेट में वापसी कर फॉर्म हासिल करने का समय देना जरूरी है। जॉर्ज बेली ने कहा कि लाबुशेन की टीम में जगह को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही थीं। ऐसे में उन्हें कुछ समय देना सही फैसला है। वे क्वींसलैंड लौटकर शेफिल्ड शील्ड में टीम की कप्तानी करेंगे।

बेली ने कहा, ह्यफिलहाल हम न्यूजीलैंड



सीरीज के लिए लाबुशेन के नाम पर विचार नहीं कर रहे हैं। उनके टीम में स्थान को लेकर काफी चर्चा हो रही थी। हमें लगा कि इससे उन्हें थोड़ा समय और मानसिक स्पष्टता मिलेगी।ह्ल लाबुशेन ने टेस्ट करियर की शुरूआत शानदार अंदाज में की थी। हालांकि, पिछले कुछ समय से उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ हालिया टेस्ट सीरीज में वे एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके।

भारत और इंग्लैंड दौरे के लिए वापसी का रास्ता खुला

बेली ने साफ किया कि लाबुशेन के लिए ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के दरवाजे स्थायी रूप से बंद नहीं हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया को 2027 में भारत के खिलाफ 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। इसके बाद टीम इंग्लैंड में एशेज सीरीज खेलेगी। बेली ने कहा, ह्यलाबुशेन अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर कितने प्रभावी हो सकते हैं, यह हम सभी जानते हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से उनका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा है। हमने कभी किसी खिलाड़ी के लिए स्थायी रूप से दरवाजे बंद नहीं किए हैं। इस मामले में भी ऐसा नहीं है।

शेफिल्ड शील्ड के अगले राउंड के बाद घोषित होगी टीम

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की बाकी टीम का ऐलान शेफिल्ड शील्ड के अगले राउंड के बाद किया जाएगा। यह राउंड 11 नवंबर से शुरू होगा। बेली ने कहा कि कुछ खिलाड़ी फिलहाल अच्छी फॉर्म में हैं। चयनकर्ता अगले राउंड के प्रदर्शन के आधार पर टीम का संयोजन और उपलब्ध विकल्प तय करेंगे।

नैनो न्यूज

- **अंडर-19 एशिया कप** : रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को 3 विकेट से हरा दिया। भारत के अर्जुन राजपूत के शतक (107 रन) पर पाकिस्तान के हमजा जहूर का तूफानी शतक भारी पड़ा।
- **मोहम्मद शमी का संन्यास**: तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने 13 साल के करियर में 64 टेस्ट मैचों में 229 विकेट झटके। वह वनडे और टी20 फॉर्मेट खेलना जारी रखेंगे।
- **मेसी का टछर गोल्डन बूट**: लियोनेल मेसी ने लगातार दूसरी बार टछर गोल्डन बूट अपने नाम किया है। उन्होंने 31 मैचों में 26 गोल दागे और 17 असिस्ट किए।
- **राइजिंग स्टार्स एशिया कप** - टीम बदलाव: रजत पाटीदार राइजिंग स्टार्स एशिया कप से हट गए हैं, उनकी जगह आयुष बदोनी को भारतीय टीम में शामिल किया गया है, जबकि रिंकू सिंह को उपक कप्तान बनाया गया है।
- **युवा ओलंपिक्स में तन्वी का सिल्वर**: बैडमिंटन में तन्वी ने यूथ ओलंपिक गेम्स में सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी हैं।

टेस्ट की तैयारी के लिए रुकेंगे अर्शदीप, गुरनूर और आकिब

11 नवंबर से लगेगा कैंप; कोटक बोले- वनडे सीरीज से गेंदबाजों को मदद मिली

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़ और आकिब नबी न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए टीम के साथ रुकेंगे। तीनों वनडे सीरीज खत्म होने के बाद भी न्यूजीलैंड में रहेंगे। बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने रविवार को तीसरे वनडे से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी।

कोटक ने कहा कि मौजूदा वनडे सीरीज में पिचों पर घास और सीम मूवमेंट देखने को मिला है। इससे टेस्ट सीरीज की तैयारी में गेंदबाजों को मदद मिली है। भारतीय टेस्ट खिलाड़ियों का तैयारी कैंप 11 नवंबर से शुरू होगा। इसमें 5-6 प्रैक्टिस सेशन होंगे। कोटक ने कहा कि वनडे सीरीज के दोनों मैदानों पर गेंदबाजों को सीम और स्विंग मिली। इससे उन्हें टेस्ट सीरीज की परिस्थितियों का अंदाजा लगाने



में मदद मिली है। उन्होंने कहा, दोनों पिचों पर सीम और स्विंग थी। टेस्ट सीरीज के लिए यह अच्छी तैयारी है। गेंद जरूर बदलेगी, लेकिन वनडे क्रिकेट से परिस्थितियों का अंदाजा मिलता है। पिच पर घास की मात्रा और दूसरी चीजें समझने में मदद मिलती है।

गंभीर वनडे टीम के साथ रुकेंगे, कोटक-मोर्केल जाएंगे वेलिंगटन

भारतीय टेस्ट खिलाड़ियों का कैंप 11 नवंबर से शुरू होगा। कोटक को उम्मीद है कि 5-6 प्रैक्टिस सेशन से टीम को टेस्ट सीरीज के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। उन्होंने कोचिंग स्टाफ की योजना भी बताई। हेड कोच गौतम गंभीर वनडे टीम के साथ रुकेंगे। वहीं, कोटक और बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्केल वेलिंगटन जाएंगे। अर्शदीप, गुरनूर और आकिब टेस्ट की तैयारी के लिए टीम के साथ रुकेंगे। कोटक ने विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि राहुल टीम की जरूरत के हिसाब से बल्लेबाजी करते हैं। वे टेस्ट क्रिकेट में ओपनिंग करते हैं और मिडिल ऑर्डर में भी जिम्मेदारी निभा सकते हैं।

अनुज श्रीवात्री भारत के 100वें चेस ग्रैंडमास्टर बने

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अनुज श्रीवात्री भारत के 100वें चेस ग्रैंडमास्टर बन गए हैं। उन्होंने 8 नवंबर को फिलीपींस के ओजामिज में 7वीं आसियान प्लस इंडिविजुअल ओपन चेस चैंपियनशिप जीती। इससे उन्हें ग्रैंडमास्टर बनने के लिए जरूरी तीसरा नॉर्म मिल गया। 22 साल के अनुज ग्रैंडमास्टर बनने वाले मध्यप्रदेश के पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने शुरूआती राउंड में हार के बाद बाकी 8 गेम में 7 अंक जुटाए।

विश्वनाथन आनंद भारत के पहले ग्रैंडमैस्टर हैं। उन्होंने 1988 में यह उपलब्धि हासिल की थी। आनंद आगे चलकर पांच बार वर्ल्ड चैंपियन भी बने। मध्य प्रदेश के कटनी शहर में 2004 में जन्मे अनुज को शतरंज खेलना पिता अशोक श्रीवात्री ने सिखाया। अनुज 15 वर्ष की उम्र में ही मध्य प्रदेश के सबसे युवा इंटरनेशनल मास्टर बन गए थे। अनुज ने कंप्यूटर साइंस में बीटेक की डिग्री हासिल की है।

यूथ ओलिंपिक-शौर्या आंबुरे ने 100 मीटर हर्डल्स में ब्रॉन्ज जीता

नई दिल्ली। भारत की 17 साल की एथलीट शौर्या आंबुरे ने सेनेगल की राजधानी डकार में चल रहे यूथ ओलंपिक गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। उन्होंने रविवार को महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ (हर्डल्स) के फाइनल में 13.59 सेकंड का समय निकाला। यह उनका पर्सनल बेस्ट प्रदर्शन है।

आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245



आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762



आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

आयुक्त के आदेश के बाद भी कर्मचारी अटैच

धार। जिले के सरदारपुर स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से अटैच कर्मचारियों का संलग्नीकरण समाप्त करने के स्वास्थ्य आयुक्त के निदेर्शों के बावजूद सरदारपुर सिविल अस्पताल में करीब डेढ़ दर्जन कर्मचारी अब भी अटैच हैं। आरोप है कि अधिकारियों को कागजों पर संलग्नीकरण समाप्त करने की रिपोर्ट भेज दी गई, लेकिन कर्मचारी अब भी अस्पताल में सेवाएं दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार, आयुक्त के निर्देश के बाद कुछ कर्मचारियों को उनकी मूल पदस्थापना पर भेजा गया, लेकिन कई कर्मचारी अब भी अस्पताल में कार्यरत हैं। इनमें करीब 5 एएनएम शामिल हैं, जिन्हें ग्रामीण क्षेत्रों और आरोग्यम केंद्रों में गर्भवती महिलाओं की देखभाल और बच्चों के टीकाकरण की जिम्मेदारी निभानी है।

कछवानिया में तेजाजी महाराज की कथा का समापन

धामनोद। धामनोद के कछवानिया गांव में आयोजित दो दिवसीय संगीतमय वीर तेजाजी महाराज की कथा का शनिवार को भव्य समापन हुआ। कथा श्रवण और नाटक मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आसपास के कई गांवों से भी भक्त आयोजन में शामिल हुए। वीर तेजाजी महाराज के जीवन प्रसंगों पर आधारित नाटक ने दर्शकों का मन मोह लिया। ग्राम कछवानिया निवासी एवं आदिवासी भील समाज संगठन के अध्यक्ष तथा जनपद सदस्य सुभाष मोहरे ने बताया कि गांव में पिछले 20 वर्षों से लगातार वीर तेजाजी महाराज की कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीणों में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखना है। शुक्रवार शाम और शनिवार को कथा के अंतिम दिन वीर तेजाजी महाराज पर आधारित नाटक का मंचन किया गया।

तुवर के खेत में गांजे के 105 पौधे मिले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ झाबुआ

झाबुआ जिले के कल्याणपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ा में पुलिस ने तुवर की फसल की आड़ में की जा रही गांजे की अवैध खेती का खुलासा किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने खेत में दबिश देकर 105 गांजे के हरे पौधे जब्त किए। इनका कुल वजन 82 किलो 550 ग्राम और अनुमानित कीमत 7 लाख 84 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने खेत मालिक लालसिंह भाबोर (52) को गिरफ्तार किया है।

नदी पर दो बाइक टकराईं, दो युवकों की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ झाबुआ

झाबुआ के कल्याणपुरा रोड पर रंगपुरा में शनिवार शाम अनास नदी के पुल के पास दो बाइक आमने-सामने टकरा गईं। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। दुर्घटना शनिवार शाम करीब 5:30 बजे हुई। सूचना पर 108 एंबुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंची। घायल अंतू नाना भाबोर, अजय गोपाल डामोर निवासी फूटिया और संजू कमल डामोर निवासी उमरी को जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद अंतू और अजय को मृत घोषित कर दिया। संजू का इलाज जारी है। टक्कर में दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं। अजय डामोर की जेब में 40,500 रुपए रखे थे। एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते समय स्टाफ को यह रकम मिली।

एनजीटी ने लिया स्वतः संज्ञान, निगम को जांच और पानी के ट्रीटमेंट के निर्देश

50 बोरिंग के पानी में मिला ई-कोलाई बैक्टीरिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





भागीरथपुरा में दूषित पानी से 36 लोगों की मौत के बाद अब शहर के निजी बोरिंग के पानी की शुद्धता को लेकर भी गंभीर चिंता सामने आई है। इंदौर के अलग-अलग क्षेत्रों में 50 से अधिक निजी बोरिंग के पानी की जांच में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने के मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने स्वतः संज्ञान लिया है।

एनजीटी की भोपाल स्थित सेंट्रल जोन बेंच ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और संबंधित विभागों को जांच करने तथा दूषित पानी के उपचार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

जांच में सरकारी अस्पतालों, निजी छात्रावासों, आवासीय क्षेत्रों और अन्य संस्थानों के बोरवेल के पानी में ई-कोलाई बैक्टीरिया की मौजूदगी मिली थी। रिपोर्ट सामने आने के बाद नगर निगम ने संबंधित स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाकर पानी को पीने के लिए असुरक्षित घोषित किया था। कुछ स्थानों पर बोरिंग सील करने की कार्रवाई भी की गई है।

एनजीटी ने जिम्मेदार विभागों को दिए जांच के निर्देश- मामले की सुनवाई एनजीटी की भोपाल स्थित सेंट्रल जोन बेंच में हुई। न्यायमूर्ति शिव कुमार सिंह (न्यायिक सदस्य) और सुधीर कुमार चतुर्वेदी (विशेषज्ञ सदस्य) की पीठ ने संबंधित विभागों को बोरिंग के पानी में बैक्टीरिया की मौजूदगी से जुड़े तथ्यों की जांच करने और पानी के उपचार के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। विभागों को इस संबंध में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

भागीरथपुरा में दूषित पानी से 36 मौतों के बाद बढ़ी चिंता

- शहर में पेयजल की गुणवत्ता का मुद्दा पहले भी गंभीर रूप ले चुका है। भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण 36 लोगों की मौत का मामला सामने आया था। इस मामले में पांच जनहित याचिकाओं पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में सुनवाई चल रही है। हाईकोर्ट द्वारा गठित एक सदस्यीय जांच आयोग 600 से अधिक पन्नों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर चुका है।
- अब निजी बोरिंग के पानी में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने के मामले में एनजीटी के हस्तक्षेप के बाद शहर की पेयजल जांच, शुद्धता और निगरानी व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

फर्जी नंबर प्लेट से थार चला रहे दो युवक हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विजयनगर थाना पुलिस ने शनिवार रात चेकिंग के दौरान फर्जी नंबर प्लेट लगी थार जीप को रोका। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर थाने पहुंचा दी। मैरियट होटल के पास ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग के दौरान पुलिस ने थार को रोका था। गाड़ी में दो युवक और दो युवतियां सवार थीं।

जांच में चालक आदर्श के शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो डिग्गी से 4 अन्य नंबर प्लेट मिलीं।

विजयनगर पुलिस के अनुसार, शनिवार को मैरियट होटल (स्कूल) के पास चेकिंग लगाई गई थी। एसआई अर्जुन परिहार अपनी टीम के साथ वहां तैनात थे। चेकिंग के दौरान उन्होंने थार को रोका। गाड़ी आदर्श, पिता साहेबदीन वर्मा निवासी गणेश नगर चला रहा था। उसके साथ सन्नी, पिता कृष्णा शर्मा निवासी महादेव नगर और दो युवतियां थीं।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं!
Honda Shine 100
SOLID HAI



शानदार स्टाइल | दमदार कम्फर्ट | सॉलिड टेक | 3 साल वारंटी
सरस्वती होण्डा
अंजड रोड, बड़वानी (म.प्र.)
विनीत : मोहन यादव / कुश यादव
मोबा. नं. 9993708111

किराये से देना है - होम स्टे
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, 5 डबल बेड, गद्दे, चादर सहित, पंखा, एसी, पार्किंग, WiFi कैमरे।
बेचना है - कार ब्रीजा
मॉडल-2022, पेट्रोल/सीएनजी, फर्स्ट ऑनर
आवश्यकता - कम्प्यूटर ऑपरेटर
महिला (पार्ट टाईम/फुल टाईम)
संपर्क करें
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
20, सिद्धीविनायक कॉम्प्लेक्स (बेसमेंट), शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
सुबह 11.30 से 3 बजे तक
7000813134, 8109731365, 9425091176

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 9
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749





हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

786
दीपावली की मुबारकबाद

युसूफ इमरान
इमरान इन्टर-नेशनल टूर एण्ड ट्रेवल्स
फव्वारा चौक, उज्जैन
मोबा. 98270-45376, 98275-78671
मोबा. 94250-30616, 94250-94096
जी मार्ट फव्वारा चौक उज्जैन (म.प्र.)
मोबा. 95222-02232
मो. सलीम भाई (अण्डे वाले)
लाल मस्जिद चौराहा, उज्जैन,
मोबा. 99265-24305, 88783-34471



हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
संस्कार सिटी एवं संस्कार कॉरिडोर परिवार



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com